e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 63
बुधवार
05.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य ~~4~~ आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिंदगी आसान नहीं होती, इसे आसान बनानी पडती है, कुछ अंदाज से, कुछ नजर अंदाज से!

ताजा खबरों के लिए देखें

### रोजा का समय
इफ्तार (05.03.25) : शाम 5.55 बजे
सेहरी (06.03.25) : सुबह 4.44 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री आज रोजगार पर पोस्ट-बजट वेबिनार में लेंगे भाग

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दोपहर करीब 1:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार पर पोस्ट-बजट (बजट के बाद) वेबिनार में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि वेबिनार के मुख्य विषयों में लोगों में निवेश, अर्थव्यवस्था और नवाचार शामिल हैं। रोजगार सृजन सरकार के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक रहा है। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर सरकार ने रोजगार वृद्धि को बढ़ावा देने और रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

### रांची का तापमान
अधिकतम 24°
न्युनतम 13°

### रेलवे विभागीय परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक मामले का हुआ भंडाफोड़

# सीबीआई ने किया 26 रेल अधिकारियों को गिरफ्तार

## सीबीआई ने 1.17 करोड़ रुपये नकद बरामद किया

एजेंसी

**चंदौली (यूपी)** : केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पूर्व मध्य रेलवे में विभागीय परीक्षा के पेपर लीक मामले का पर्दाफाश किया है. यह घोटाला मुगलसराय में हुआ, जहां सीबीआई ने 3-4 मार्च, 2025 की रात छापेमारी कर 26 रेलवे अधिकारियों को गिरफ्तार किया. इस मामले में एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी, 8 अन्य रेलवे कर्मचारी और 17 लोको पायलट शामिल पाए गए. पूर्व मध्य रेलवे ने 4 मार्च 2025 को चीफ लोको इंस्पेक्टर की भर्ती के लिए विभागीय परीक्षा आयोजित की थी। लेकिन परीक्षा से पहले ही सीबीआई को सूचना मिली कि पेपर लीक हो चुका है. इसी आधार पर सीबीआई ने मुगलसराय में 3 अलग-अलग जगहों पर छापा मारा, जहां 17 उम्मीदवारों को हाथ से लिखे प्रश्न पत्र की फोटो कॉपी के साथ पकड़ा गया. सीबीआई की जांच में सामने आया कि वरिष्ठ अधिकारी को इस परीक्षा का प्रश्न पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी. उन्होंने खुद अंग्रेजी में प्रश्न पत्र तैयार किया और इसे एक लोको पायलट को दिया. लोको पायलट ने इसका हिंदी में अनुवाद कर इसे एक ओएस नामक कर्मचारी को सौंप दिया. इसके बाद ओएस ने अन्य रेलवे कर्मचारियों की मदद से यह पेपर परीक्षार्थियों तक पहुंचा दिया. सीबीआई ने इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया और वरिष्ठ अधिकारी सहित कई रेलवे कर्मचारियों को रिश्वत लेने और प्रश्न पत्र बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

### 17 उम्मीदवार गिरफ्तार, नकद 1.17 करोड़ रुपये बरामद

सीबीआई ने जिन 17 लोको पायलटों को प्रश्न पत्र के साथ पकड़ा, उन्होंने इसे पाने के लिए मोटी रकम चुकाई थी. सीबीआई ने 8 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की, जहां से 1.17 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए. यह पैसा परीक्षार्थियों से प्रश्न पत्र लीक करने के बदले लिया गया था.




### सीबीआई ने सबूत भी जुटाए

सीबीआई ने छापेमारी के दौरान हाथ से लिखे प्रश्न पत्र और उनकी फोटो कॉपी जब्त की. इन दस्तावेजों की मूल प्रश्न पत्र से तुलना की गई और ये पूरी तरह मेल खा गए. इससे साफ हो गया कि पेपर लीक का मामला सही है और इसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है.

### मामले को लेकर जांच जारी

सीबीआई ने साफ किया है कि मामले की जांच अभी जारी है और इसमें और भी लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है. रेलवे में विभागीय परीक्षाएं कर्मचारियों को पदोन्नति का अवसर देती हैं लेकिन ऐसे घोटालों से पूरी चयन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो जाते हैं.

### एसीबी ने रिश्वत लेते कंप्यूटर ऑपरेटर को किया गिरफ्तार



**चतरा** : चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल कार्यालय से एसीबी की टीम ने घूस लेते कंप्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है। सिमरिया एसडीओ के गोपनीय कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर आफताब अंसारी की गिरफ्तारी हुई है। उसे दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है। अनुमंडल कार्यालय परिसर से भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने अभियान चलाकर ऑपरेटर को घूस की रकम के साथ गिरफ्तार किया है।सिमरिया प्रखंड के शिला गांव निवासी अनिल कुमार से लंबित भूमि वाद के मामले में उसके पक्ष में फैसला दिलाने के नाम पर 40 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी जानकारी एसीबी को दी थी। एसीबी ने जांच पड़ताल के बाद मामले को सही पाया।इसके बाद एसीबी टीम ने पहली किस्त के रूप में 10 हजार लेने के क्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कर लिया । आफताब सिमरिया ब्लॉक के पुंडरा गांव निवासी बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद आफताब को एसीबी हजारीबाग ले गई है। एसीबी एसपी आरिफ इकराम ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

# हाईकोर्ट से रेस्टोरेंट संचालकों को मिली राहत

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची** : झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने शहर के दो रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट संचालकों को बड़ी राहत दी है। खंडपीठ में ग्रीका किचन एवं बार और प्राना लाउंज की याचिका पर सुनवाई करते हुए रांची नगर निगम के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि इनसे लोगों को रोजगार और सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो रही है। कोर्ट ने प्रथम दृष्ट्या माना कि रांची नगर निगम का आदेश समानता के अधिकार और व्यवसाय करने की स्वतंत्रता का उल्लंघन है। नगर निगम ने दोनों पर अवैध निर्माण का आरोप लगाकर रूफ टॉप बार एंड रेस्टोरेंट बंद करने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ इनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया कि दोनों बार एवं रेस्टोरेंट जिस भवन में चल रहे हैं, उसका नक्शा रांची नगर निगम से स्वीकृत है। रूफ टॉप पर केवल बार एवं रेस्टोरेंट संचालित है। जहां कुर्सी टेबल के अलावा अस्थाई संरचना बनाई गई है। इसका किचन और स्टोर स्वीकृत नक्शा के अंदर संचालित है। दोनों रेस्टोरेंट अग्निशमन सुरक्षा के मापदंड को पूरा कर रहे हैं। विभाग से भी इन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया है। फूड सेफ्टी लाइसेंस, बार लाइसेंस आदि भी सक्षम पदाधिकारी से प्राप्त है। रांची नगर निगम के पास रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन को लेकर कोई नियमावली नहीं है। 24 फरवरी को रांची नगर निगम रूफ टॉप बार रेस्टोरेंट को लेकर एक ड्राफ्ट नियमावली बनाई है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105



# कृषि फॉर्म विकसित करने में लगी दो एजेंसी पर करें कार्रवाई : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठषाला के तहत पलामू जिले में विकसित किये जा रहे कृषि फॉर्म के कार्य प्रगति में शिथिलता बरतने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कार्य में लगी दो कार्यकारी एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई का निदेश दिया। उपायुक्त ने सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट को चेतावनी पत्र भेजने तथा एक माह के अंदर कार्य में आवश्यक सुधार नहीं किए जाने की स्थिति में टर्मिनेट किए जाने की कार्रवाई करने का निदेश दिया। वहीं प्रगति एजुकेशन एकेडमी के कार्य प्रगति की भौतिक निरीक्षण एवं जांच के लिए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अभियंता, मत्स्य पदाधिकारी एवं डीएमएफटी के यंग प्रोफेशनल शामिल रहेंगे। उपायुक्त शशि रंजन आज समाहरणालय सभागार में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला अंतर्गत गठित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि जिले में कृषि के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं हैं। यहां के किसान भी बेहतर कर रहे हैं। कृषि फॉर्म विकसित होने से किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करते हुए कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया। विदित हो कि कृषि विभाग की ओर से पलामू जिले में मेदिनीनगर के चियांकी, हरिहरगंज एवं चैनपुर के शिवपुर में कृषि विभाग की ओर से कृषि फॉर्म को विकसित किया जा रहा है। इस कार्य में अलग-अलग स्थानों पर प्रगति एजुकेशन एकेडमी, क्षितीज एग्रोटेक प्रा0लि0 एवं सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एवं इन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट कार्यकारी एजेंसी के रूप में लगी है। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## महिला थाना ने फरार अभियुक्त के घर पर ढोल बजा कर चिपकाया इश्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बेलबीघा पंचायत अंतर्गत धावाबार गांव में हुसैनाबाद महिला थाना कांड संख्या 03/2024 धारा 74, 75, 351 (2) एवम् 3 बी0 एन0 एस 0 के प्राथमिक अभियुक्त बीरेन्द्र यादव पिता स्व0 चन्द्र देव यादव पता-बेल बिगहा, धावाबार, थाना-हुसैनाबाद जिला पलामू के विरुद्ध हुसैनाबाद महिला थाना पुलिस के द्वारा आत्मसमर्पण हेतु अभियुक्त के घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया गया। एसआई रामनंदन प्रसाद के साथ अन्य कई पुलिस कर्मी व गाँव लोगों के उपस्थिति में ढोल बजाकर इश्तेहार लगाया गया। इस सबन्ध में महिला थाना के एसआई प्रसाद ने बताया की उपरोक्त अभियुक्त उक्त कांड संख्या में प्राथमिक अभियुक्त हैं और पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा है, जिसके बाद जिला न्यायालय दंडाधिकारी के निर्देश पर इश्तेहार चिपकाया गया है। उपरोक्त अभियुक्त अगर समयावधि में आत्मसमर्पण नही करते हैं तो माननीय न्यायालय के निर्देश पर कुर्की जब्ती भी की जाएगी। मौके पर कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरकार की वार्षिक बजट है, ऐतिहासिक : दिनेश कुमार वर्मा



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो केतार प्रखंड के उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा ने मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा वार्षिक बजट पेश करने पर उक्त बजट को स्वागत करते हुए बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्यहित में ऐतिहासिक साबित होगा। सरकार के द्वारा विकास दर को बढ़ाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर मईया सम्मान योजना के अलावा ग्रामीण विकास, खेलकूद सहित सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में काफी जोर दिया गया हैं। जिसके कारण निसंदेह आगामी दिनों में राज्य की विकास तेजी से बढ़ेगी।

## कृषि मेला का आयोजन 18 मार्च को : बीटीएम राकेश रजक



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीटीएम राकेश रजक ने मंगलवार को जानकारी देते हुए कहा है कि आगामी 18 मार्च को प्रखंड स्तरीय किसान मेला का आयोजन भवनाथपुर में किया जा रहा है। जहां फसल प्रदर्शनी के तहत किसानों द्वारा लाए गए फसलों का स्टाल लगाया जाएगा। बीटीएम राकेश रजक ने केतार,भवनाथपुर एवं खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के किसानों से अपील किया है कि उक्त कृषि मेला में अधिक से अधिक किसान फसलों का रजिस्ट्रेशन करा कर भाग ले एवं अपने द्वारा उगाए गए अच्छे फसलों पर इनाम पाए।

## पलामू में व्यवसायिक खेती को मिलेगा बढ़ावा : डीडीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू में व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद आज अपने कार्यालय वेश्म में कृषि विभाग एवं अन्य संबद्ध विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पलामू में विभिन्न प्रकार की हो रही व्यवसायिक खेती की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मल्टीपल फॉर्मिंग के लिए किसानों को प्रेरित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों के समन्वय व सामूहिक प्रयास से पलामू कृषि के क्षेत्र में बेहतर कर सकेगा। उन्होंने वन-डिस्ट्रिक्ट वन-प्रोडक्ट की तर्ज पर वन-ब्लॉक वन-प्रोडक्ट को विकसित करने के लिए बेहतर कदम उठाने की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को पारंपरिक खेती से ज्यादा मुनाफा व्यवसायिक खेती में है। इसलिए उन्हें जागरूक एवं प्रेरित करते हुए आवश्क सुविधा प्रदान किए जाने की आवश्कता है। उपविकास आयुक्त ने कलस्टर स्तर पर खेती को बढ़ावा दिये जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कलस्टर स्तर पर खेती को बढ़ावा मिलने से किसानों को आसानी से बाजार उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही कृषि उत्पादन का बेहतर मुनाफा मिल सकेगा। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी आदि कृषि विभाग से संबद्ध अन्य विभागों के पदाधिकारियों को अपने स्तर से संबद्ध किसानों का डेटा-बेस तैयार करने एवं किसानों का रजिस्ट्रेशन कराने निदेश दिया। साथ ही सरकार की योजनाओं से अच्छादित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कौन-कौन से किसान किस खेती से जुड़े हैं, उनका डेटा-बेस तैयार होने से व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने में सहुलियत होगी। उप विकास आयुक्त ने पलामू के किसानों द्वारा स्ट्रॉबेरी, अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, संतरा, आम, मौसंबी आदि की खेती किये जाने की जानकारी प्राप्त करते हुए उनके मुनाफे का आकलन करने का निदेश दिया। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चियांकी के वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, जेएसएलपीएस के डीपीएम, एलडीएम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कैदी ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के मेदनीनगर सेंट्रल जेल में बंद विचारधीन कैदी शब्बीर अंसारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. वह गढ़वा जिले के रमना का रहने वाला था और हत्या मामले में जेल में बंद था। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और जेल प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच (मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल) भेज दिया है. पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है. आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, कैदी शब्बीर अंसारी ने अहले सुबह वार्ड 2 में शौचालय में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की. घटना की जानकारी मिलने के बाद जेल प्रशासन मौके पर पहुंचा और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय आगामी आठ फरवरी को बैठेंगे सांकेतिक भूख हड़ताल पर



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा रोड जंक्शन पर फूट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग को लेकर खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने पूर्व मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक को ग्रामीणों का एक ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में कहा गया है कि गढ़वा रोड जंक्शन मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित हो रहा है. जिसके तहत स्टेशन के पश्चिमी पानी टंकी के पास से रेलवे ट्रैक पार करने के लिये पुराने रास्ते के समक्ष एक फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करना था.जिसका मांग भी स्थानीय लोग काफी अरसे से कर रहे थे. लेकिन पूर्व- मध्य रेलवे मंडल रेल प्रबंधक ने स्थल परिवर्तित करते हुये उसकी लंबाई घटा दी.अब यह फूट ओवर ब्रिज प्लेटफॉर्म एक से प्लेटफॉर्म दो तक ही जायेगा. ललन प्रसाद पांडेय ने बताया कि गढ़वा रोड जंक्शन रेहला शहर के बीचों - बीच से गुजरता है. जिससे रेहला शहर दो भागों में बंट चुका है. रेलवे ट्रैक के दोनों ओर काफी आबादी रहती है. ट्रैक के एक तरफ डाकखाना, स्कूल, बाजार सहित कई महत्वपूर्ण कार्यालय अवस्थित है, वहीं दूसरी ओर बैंक, ग्रासिम कारखाना, स्कूल सहित कई सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं का कार्यालय है. स्थानीय लोग अपने कार्यो के लिये जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक को पार करते हैं. जिससे पूर्व में कई बार दुर्घटना भी घट चुकी है. उन्होंने कहा कि पूर्व में एक फुट ओवर ब्रिज बना है जिसका लाभ सिर्फ रेलवे कॉलोनी में रहने वाले रेल कर्मी को ही मिलता हैं. अगर चिन्हित जगह पर फूट ओवर ब्रिज का निर्माण हो जाए तो दस हजार से भी ज्यादा लोगों को इसका फायदा मिलेगा. ज्ञापन में श्री पांडेय ने यह भी कहा है कि अगर सात फरवरी तक फुट ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति नहीं मिलती है तो आठ फरवरी को एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठेंगे. जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन खड़ा किया जायेगा. इधर श्री पांडेय के इस आंदोलन को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता डॉ. वी पी शुक्ला, गांधी विचार मंच, रेहला ब्यापार मंडल अध्यक्ष मंगल गुप्ता, रामनाथ कश्यप, बिहारी लाल गुप्ता, प्रमोद दीक्षित सहित कई लोगों व संस्थाओं ने अपना समर्थन देने का घोषणा किया।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में प्रधानाचार्या ने दिया योगदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जपला के सुप्रसिद्ध विद्यालय आरपीएस पब्लिक स्कूल में नए प्रधानाचार्या श्रीमती पूबाली रॉय ने योगदान दिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से एक पारंपरिक आयोजन के साथ नवागत प्रधानाचार्या का स्वागत किया गया। इस समारोह में नवागत प्रधानाचार्या श्रीमति पूबाली रॉय को पुष्प के साथ सम्मानित करते हुए विद्यालय के निर्देशक संजय सिंह (लड्डू) तथा शैक्षणिक निर्देशक प्रोफेसर डॉ. सुरेश चंद्रा ने विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के साथ नवागत प्रधानाचार्या का परिचय करवाया गया। संपूर्ण कार्यक्रम शैक्षणिक निर्देशक एवं विद्यालय परिवार द्वारा सुचारू रूप से परिचालित हुआ। मौके पर प्रधानाचार्या रॉय ने कहा की हम सब टीम वर्क की तरह काम करेंगे। विद्यालय के निदेशक व शिक्षकों ने भी यह उम्मीद जताई कि नए प्रधानाचार्या के नेतृत्व में विद्यालय सफलता के नए पंख जोड़ेगा।

# अबुआ सरकार का बबुआ बजट : अविनाश वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा की वर्तमान की अबुआ सरकार के द्वारा पेश किए गए अबुआ बजट में सिर्फ मईया सम्मान योजना के अतिरिक्त कोई ऐसी योजना प्रस्ताव या वादे नहीं है जिसे अबुआ बजट कहा जा सके। अविनाश वर्मा ने वित्त मंत्री द्वारा सदन में 1,45,400/ करोड़ के बजट पर कहा कि यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में 17000/ करोड़ अधिक होने के बावजूद कोई ऐसी ठोस बात, छूट या कोई राहत नहीं दी गई है जो झारखंड की जनता के हित में हो। उन्होंने मईया सम्मान योजना में 13363 करोड़ की राशि के साथ 200 यूनिट मुफ्त बिजली के लिए 5005 करोड़ 9 लाख रुपए के प्रस्ताव को लोक लुभावन मानते हुए कहा कि जो सरकार पिछले वर्ष की राशि का मात्र 60 से 65प्रतिशत ही कुल योजना का खर्च कर पाई वैसी सरकार से इस नए बजट में राशि बढ़ाने के क्या फायदे। वर्मा ने कहा की गत वर्ष संपन्न हुए चुनाव में झामुमो, कांग्रेस और राजद के साथ सरकार में शामिल सभी दलों ने अपने-अपने घोषणाओं में कई आकर्षक घोषणाएं की थी जिसमें कांग्रेस पार्टी ने मुख्य रूप से 450 रू में गैस देने का वादा किया था जबकि झामुमो सरकार की घोषणा पत्र में शिक्षित बेरोजगारों को 7000 से ?5000 देने के साथ ही कई वायदे किए गए थे और उसके पूर्व में पलामू समेत चार अन्य चार प्रमंडलों में उपराजधानी बनाने की घोषणा की गई थी मगर हेमंत सरकार द्वारा पेश किए गए इस बजट में अभी तक कोई भी ऐसी ठोस और राज्य योनुमूखी कार्य झारखंड के लोगों को नहीं मिल पाया है जिसके वह हकदार थे, ऐसे में यह बजट भी औपचारिकता के अतिरिक्त और कुछ नहीं जबकि गठबंधन में शामिल सभी दलों की घोषणाओं का यह बजट एक प्रतिबिंब होना चाहिए था जहां उन सबों ने झारखंड की जनता के साथ वादे किए थे उसका समावेश होना चाहिए था। अतः हम कह सकते हैं कि यह झारखंड सरकार द्वारा अबुआ बजट नहीं बलिक बबुआ वजट है जिसे परिपक्व होने में वक्त लगेगा। अंत में अविनाश वर्मा ने कहा कि हम पलामू वासियों के लिए इस बजट में संतोष करने वाली बात सिर्फ इतनी है कि झारखंड सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री के नाते बजट पेश करने वाले माननीय राधा कृष्ण किशोर जी पलामू निवासी हैं जो हम सभी पलामू वासियों के लिए गौरव का विषय है।

## आम गरीबों का बजट है अबुआ बजट : उमाशंकर सिंह



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के दूसरी पारी का पहला बजट पेश करने पर झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने झारखंड सरकार के प्रति खुशी जाहिर की है कि वित्तीय वर्ष 2025 में झारखंड सरकार का अबुआ बजट क्रियाशील बजट है। बजट में सरकार का फोकस कल्याणकारी योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर रहा है। वित्तीय वर्ष का बजट वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के द्वारा 145400 करोड रुपए का बजट पेश किया गया है। यह जनमत का बजट जिसका अबुआ बजट का नाम दिया गया है। इस बजट से हेमंत सरकार की दरिया दिल्ली मईया सम्मान योजनाओं के लिए काफी लाभदायक बजट है। इस सरकार के बजट में महिलाओं को सम्मान दिया गया है उपाध्यक्ष ने वित्त मंत्री के प्रति भरोसा जताया है की जिस गति से चले हैं हम उस गति से पाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमारे सरकार उन योजनाओं को प्राथमिकता दे रही है जो बिल्कुल जनहित से जुड़ी हुई है। यह आम बजट गरीब मध्य वर्गो के लिए काफी लाभदायक है। जिसका हम सब इस लाभदायक बजट का सम्मान करते हैं।

# सेंट्रल बैंक सगमा में चोरी का प्रयास विफल, बगल के पान गुमटी से उड़ाया एक हजार रुपये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सगमा में रोशनदान नही टूटने से चोरो का प्रयास तोड़कर घुसने में विफल हो गया।बाद में बगल के पान गुमटी से चोरो ने एक हजार रुपए निकाल लिया।विदित हो की प्रखंड मुख्यालय सगमा में धुरकी मुख्यपथ तथा सगमा बीरबल मुख्यपथ के तिराहे के पास सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का सगमा कार्यालय अवस्थित है। बैंक शाखा के बगल में कई दुकाने है।दुकान के मालिक सुबह अपनी दुकान खोलने के लिए आए तो देखा की बीरबल रोड की तरफ लगा रोशन दान टूटा हुआ है। इसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से बैंक कर्मियों को दिया गया।सूचना पर पहुंचे शाखा प्रबंधक रविशंकर कुमार ने देखा की बैंक का रोशनदान टूटा हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना धुरकी थाना को दिया। इसके साथ पुलिस उपाधीक्षक को भी दिया गया। सूचना को संज्ञान लेते हुए गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय भी अपने दल बल के साथ सगमा पहुंचकर निरीक्षण किया। बैंक में लगे सीसी कैमरा को खंगालने पर देखा गया की एक चोर रोशन दानी से बैंक के अंदर प्रवेश किया। मगर बैंक के अंदर लगे अन्य ताला को चोर खोलने में नाकामयाब रहा। इस कारण कोई नुकसान नहीं हो सका है। मगर चोरों के द्वारा जाते जाते बगल के पान गुमटी का ताला तोड़कर एक हजार रुपया निकलकर ले गये।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया की सीसी कैमरा से मिली फुटेज के आधार पर चोर का पता लागया जा रहा है। बहुत जल्द चोर पुलिस को गिरफ्त में होगा। मौके पर श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह गढ़वा डी एस पी नीरज कुमार धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के साथ बैंक कर्मी उपस्थित थे। घटना के बाद क्षेत्र में भय देखा जा रहा है और इसे लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## महिलाओं के उत्थान के लिये, जनकल्याणकारी है बजट : बीडीसी अजीमा खातून

**सरकार आम जनता पर बिना बोझ बढ़ाए पेश किया है संतुलित बजट**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए अबुआ बजट को लेकर मुकुंदपुर पंचायत के महिला पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून ने बजट का स्वागत करते हुए आम जनता पर बिना बोझ बढ़ाए संतुलित बजट बताया है। साथ ही उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को शुभकामनाएं पेश करते हुए आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पिछले 2024-25 में झारखंड सरकार की बजट 1.28 लाख करोड़ था, जबकि इस बार 2025-26 में 1.45 लाख करोड़ करते हुए झारखंड की अर्थव्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से बजट में वृद्धि कर पेश किया गया है। जिससे झारखंड में निवास करने वाले आम जनता को काफी सहूलियत होगा। अबुआ बजट में प्रावधान के अनुसार सरकार शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जल्द नियुक्तियां करेगी साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले 70 प्रतिशत आबादी की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने को लेकर पशुपालन, मत्स्य पालन की योजनाओं को बढ़ावा दिया गया है, साथ ही किसानों को धान, गेहूं सहित विभिन्न तरह के दलहन, तिलहन की फसल के अलावा वैकल्पिक खेती से आमदनी बढ़ाने को लेकर भी सरकार द्वारा पहल की जा रही है। वही सूक्ष्म एवं लघु उद्योग लगाने वाले व्यापारियों के साथ-साथ रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य बजट में प्रावधान किए गए हैं। वहीं महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाओं के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 में मंईयां योजना के तहत 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है। वहीं सरकार ने एससी-एसटी वर्ग की आर्थिक स्थिति मजबूत करने को लेकर परामर्शदातृ समिति का गठन करने जा रही है। वहीं घर विहीन एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले लोगों के लिए अबुआ आवास योजना के तहत घर देने का प्रावधान किया गया है। वही बजट में एनीमिया से ग्रसित महिलाएं एवं नवजात शिशुओं को स्वस्थ रखने और कुपोषण मुक्त करने पर ध्यान दिया गया है। वहीं सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 80त्न छात्र-छात्राओं के लिए सरकार पहले से कई योजनाएं चला रही हैं।

## 35 वर्षीय व्यक्ति ने किया आत्महत्या का प्रयास



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा गांव निवासी प्रभाकर दुबे उम्र 35 वर्ष मंगलवार की सुबह अपने घर में झगड़ा कर जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया।जिसके कारण उनकी स्थिति गंभीर हो गई।इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही ड्यूटी में तैनात डॉ स्नेह ने प्रभाकर दुबे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संक्षिप्त खबरें

## मंत्री ने 54 लाख की लागत से बनने वाले 6 योजनाओं का किया शिलान्यास

**रांची।** देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री शाह रांची के सांसद संजय सेठ ने अपने सांसद मत से 54 लाख की लागत से बनने वाली 6 योजनाओं का शिलान्यास किया। वार्ड नंबर 34 गंगानगर साई सिटी में पीसीसी पथ, वार्ड नंबर 50 हेतु में शमशान सेड का निर्माण ,सरई टोला टाटी सिल्वे सामुदायिक भवन का निर्माण ,वार्ड संख्या 53 ब्रिज फोर्ड स्कूल के पास अटल कॉलोनी में पीसीसी पथ का शिलान्यास ,होटवासी शिवपुरी रोड नंबर 7 में पीसीसी पथका शिलान्यास होंटवासी रोड नंबर 4 में पीसीसी पथ का आज शिलान्यास किया गया इस अवसर पर रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ ने कहा प्राथमिकता के आधार पर हर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से हम लोग सभी कार्य करते हैं और आगे भी निरंतर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। इस अवसर पर आरती कुजूर, विनोद सिंह ,अरुण झा, राजू सिंह ,मनोज झा, कमल किशोर झा, गुड्डू साहू ,राजेंद्र महतो, प्रमोद सिंह, उमेश यादव ,रामजी प्रसाद ,अशोक मुंडा, संजय सिंह, राजू नायक, अंकित सिंह विशेष रूप से सम्मिलित रहे।

## जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक का आयोजन

**रांची** : जिला स्वास्थ्य समिति रांची के तत्वाधान में मंगलवार , दिनांक 04 फरवरी 2025 को जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक असैनिक शल्य चिकित्सक सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रभात कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी 7 बैठक के दौरान डॉ प्रभात कुमार ने बताया की जिला गुणवत्ता समिति के द्वारा एक टीम का गठन किया जाएगा, जो स्वास्थ्य केन्द्रों का दौरा करके गुणवत्ता मूल्यांकन का आकलन करने के साथ ही उसे दूर करने का प्रस्ताव जिला को समय समय जमा करेंगे।

# प्रदूषण मुक्त झारखंड बनाने के लिए किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में फैलते प्रदूषण को लेकर लोगों को जागरूक करने को लेकर सेमिनार आयोजन किया गया। बताया गया कि झारखंड को प्रदूषण मुक्त बनाने, पेड़, पौधे, जल ,जंगल, पहाड़ को संरक्षित करने और अंतिम व्यक्ति तक को कैसे जागरूक करें इसके लिए एक मुहिम चलाने की जरूरत है , और इसी जागरूकता को लेकर ग्राम उत्थान सेवा समिति के द्वारा पॉल्यूशन पर सेमिनार का आयोजन कर रहा है। इस सेमिनार में मुख्य रूप से पर्यावरण विद नीतिश प्रियदर्शी , प्रो मनोज शर्मा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक अहमद , झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री , रांची बार एसोसिएशन महासचिव संजय विद्रोही, ग्राम उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष जेके पांडे, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री आरिफ नसीर बट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया । इसके बाद अतिथियों को मोमेंटो, शॉल और साफा बढ़कर सम्मानित किया गया । मंच संचालन काजल मेहता ने की, कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम उत्थान सेवा समिति के टीम सहित मनीष झा, चंदन भट्चार्य आदि शामिल थे।



**किसने क्या कहा :** इस मौके पर पर्यावरण विद् नीतिश प्रियदर्शी ने कहा कि जब हम देश दुनिया में प्रदूषण की बात करते हैं तो ऐसे में अगर रांची को देखा जाए तो अभी कुछ बचा हुआ है। जहां तक हम देश में बात कर ले तो दिल्ली की स्थिति बहुत खराब है। और कई राज्यों की स्थिति पॉल्यूशन के मामले में खराब होते जा रहा है। अभी समय है कि हम झारखंड को बचाए अपने रांची को बचाए खास कर अभी वर्तमान में जो प्रदूषण को लेकर जो बीमारी फैलने वाली है वह लंग्स इफेक्ट को ज्यादा कर रही है। यह कोविद के बाद ज्यादा बढ़ा है, यह चिंता का विषय है। नदियां खत्म हो रही है, पेड़ पौधे खत्म हो रहा है , हम वृक्षारोपण की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, तो यह सब आने वाले समय के लिए बहुत ही खतरनाक है वही बार एसोसिएशन के महासचिव संजय विद्रोही ने बताया कि मानव जब मंगल ग्रह पर जा सकता है तो फिर धरती पे जंगल क्यों नहीं उगा सकते हैं। मैंने सरकार को पहले भी बताया कि जिस तरह से हम फूलों का वर्षा करते हैं , इसी तरह हम बीजों का वर्षा करें । जहां खाली पड़े गैर मजरुआ जमीन है सरकार वहां पर जामुन, बैर ,आम आदि के बीजों का वर्षा करें। अगर हम 10,000 बीज वहां डालते हैं तो 8000 पौधे जरूर उगेंगे और यह जंगल का रूप लेगा । वहीं पत्रकारता है विभाग के शिक्षक प्रोफेसर मनोज शर्मा ने कहा कि एक समय रांची का कांके डैम नीला हुआ करता था , जल साफ होता था, लेकिन आज जाकर देखिए तो हरा हो गया है जो देखकर ही जहर जैसा लगता है। यह कैसे हो रहा है यह सोचने की बात है। और इसके जिम्मेदार हम सब हैं, क्योंकि हमने पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। अब तो आसमान में बहत सारे तारे भी नहीं नजर आता है। हरमू नदी के बारे में बताया गया था कि विदेश के टाइम्स नदी की तरह दिखेगा आज उसकी दुर्दशा देखी जा सकती है, इसके जिम्मेदार कौन है यह भी आप और हम जानते हैं। वहीं झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक अहमद ने कहा कि कभी कांके डैम का पानी पीने योग्य होता था , लेकिन आज उसकी हालत बदतर हो गई है। कांके हमेशा से ठंडा प्रखंड रहा है , यहां पर सीआईपी का स्थापना भी अंग्रेजों ने इसीलिए किया था कि मानसिक रोगियों के दिमाग का अच्छे तरीके से इलाज किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड जल, जंगल है और आदिवासी इसके संरक्षक हैं। आदिवासी जमाने से इसकी रक्षा भी करते आ रहे हैं। जरूरत है तो हम और आपको मिलकर जल, जंगल, जमीन , पहाड़ को बचाने के लिए साथ दे। जल, जंगल, जमीन बचेगा तो हम और हमारा आने वाला कल भी बचेगा। वहीं इस मौके पर इसमें राउंड टेबल के प्रेसिडेंट अविनाश जैन, पौरुष जैन, युवा कवि व साहित्यकार चंदन प्रजापति, आदिवासी मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो, वीर बिरसा स्मारक समिति के अध्यक्ष अमित मुंडा, ग्राम उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, प्रिंट एंव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया जिसमें विजय गोप, कृति तिवारी, पिंटू दुबे, आकांक्षा रानी, रफी समी, परवेज कुरैशी, इमाम रिजवी, काजल मेहता, कृतिका समेत अन्य कई लोगों को सम्मानित किया गया।

## बच्चों में शेयरिंग और सदका के प्रति जागरूक करने को लेकर किया गया रमजान किट का वितरण : शबनम

**रांची** : रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कूल, हाजी चौक, सिमलिया , रांची में चेयरमैन मोहम्मद जमशेद अंसारी ने कहा कि इस्लाम धर्म के फर्ज में सदका ,जकात को प्रैक्टिकल रूप से सीखने के लिए बच्चों के द्वारा ही रमजान की सामानों को एक जगह कर किट बनाकर जरूरतमंदों के बीच वितरण मकसद है कि जिससे कि बच्चे भी सदका और जकात के बारे में जान सके।. रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसपल शबनम आरा ने बताया कि रमजान में जरूरतमंदों के बीच किट वितरण कर बच्चों के बीच इस्लाम के प्रति जागरूक करना हमारा मुख्य मकसद है. उन्होंने कहा कि रमजान किट बांटने का सिलसिला शुरू रमजान से लेकर पूरे रमजान तक चलता रहेगा। स्कूल की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर शबनम आरा ने कहा बच्चों में इस्लाम के पांच पीलर में से एक पीलर को प्रेक्टिकल करके सिखाया जा रहा है।

## समाज के सभी वर्गों के विकास वाला बजट : डॉ गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को झारखंड विधानसभा में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा पेश बजट को कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता ने समाज के सभी वर्गों के विकास वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पेश किया। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह बजट 1,28,900 करोड़ था। उन्होंने कहा कि बजट में राज्य के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। बजट में महिलाओं, बच्चों एवं समाज के पिछड़े लोगों के उत्थान और विकास के लिए योजनाएं हैं। बजट में मंईयां सम्मान योजना के लिये 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपये का फंड और बच्चों से जुड़े करीब 42 योजनाओं के लिये 9411 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इसके अलावा सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया हैं ।

इस बजट से समाज के सभी वर्गों के साथ झारखंड का तेजी से विकास होगा। आज वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट हेमंत सोरेन सरकार के झारखंड और राज्य के लोगों के तेजी से विकास के संकल्प को दर्शाता है।

## रांची : जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला स्वास्थ्य समिति रांची के तत्वाधान में मंगलवार को जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक असैनिक शल्य चिकित्सक सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रभात कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी 7 बैठक के दौरान डॉ प्रभात कुमार ने बताया की जिला गुणवत्ता समिति के द्वारा एक टीम का गठन किया जाएगा, जो स्वास्थ्य केन्द्रों का दौरा करके गुणवत्ता मूल्यांकन का आकलन करने के साथ ही उसे दूर करने का प्रस्ताव जिला को समय समय जमा करेंगे। साथ ही उन्होने शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों का कायाकल्प, एनक्यूएएस, एवं इन्जैकशन कंट्रोल पर प्रशिक्षण आयोजित करने का सलाह दिया गया।डॉ रश्मि ने सदर अस्पताल के




टिकाकरण केंद्र के पास एक परिवार नियोजन परामर्शदाता बैठाने का सुझाव दिया जिससे परिवार नियोजन कार्यक्रम की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बास्की ने यूपीएचसी, यूसीएचसी एवं यू एएएम का कायाकल्प, एनक्यूएएस, एवं इन्जैकशन कंट्रोल पर प्रशिक्षण आयोजित करने का प्रस्ताव दिया गया। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक प्रवीण कुमार सिंह ने मार्च माह में ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य केन्द्रों का एनक्यूएएस आकलन करने की बातें बैठक में कही। बैठक में डॉ ए के झा ड्ड सदर अस्पताल, जिला क्वालिटी कंसल्टेंट अर्चना, रंजीता कुमारी ड्ड प्राचार्य एएनएम ट्रेनिंग सेंटर, प्रणव कुमार झा-पीएसआई इंडिया एवं अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## धर्म के नाम पर राजनीति न करें निशिकांत दुबे राज्य के विकास पर साथ दे: श्वेता सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बोकारो से कांग्रेस की विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि अबुआ बजट काफी बेहतर है और राज्य के विकास के लिए कारगर है। यहां की जनता को देखकर यह बजट बनाई गई है और जिसे 3 मार्च को पेश किया गया है, हम लोग सब इसका स्वागत करते हैं । जहां तक गोड्डा से भाजपा के सांसद हैं निशिकांत दुबे उनके बयान पर ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता , लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि राज्य के हित पर सोचे राज्य के विकास के लिए सोचे और जहां तक झारखंड इस्लामी कारण की बात कह रहे हैं तो उन्हें सोचना चाहिए कि राज्य की सुरक्षा का मुद्दा नहीं है यह केंद्र की सुरक्षा का मुद्दा है। केंद्र सरकार



अपने स्तर से बॉर्डर की जो सुरक्षा की जाती उस पर ध्यान केंद्रित करें । निशिकांत दुबे को राज्य की इस्लामी कारण के बजाय राज्य के विकास पर ध्यान देना चाहिए । धर्म के राजनीति हर समय अच्छी नहीं लगती है। हिंदू, मुसलमान, सिख , इसाई करने से कोई फायदा नहीं है । जहां उन्हें लगता है कि राज्य का विकास होना चाहिए, तो केंद्र सरकार से बात करें और राज्य के विकास में सहभागी बने।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने पेश किया आकाश इनविक्टस अल्टीमेट जेईई प्रिपरेशन प्रोग्राम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्व के साथ आकाश इन्विक्टस का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत,एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईआईटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है।आकाश इन्विक्टस लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। ये शिक्षक छात्रों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसका पाठ्यक्रम अत्याधुनिक है और इसे उन छात्रों के लिए खास तौर पर डिज़ाइन किया गया है, जो टॉप आईआईटी रैंक हासिल करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। इस प्रोग्राम में फिजिटल लर्निंग और विशेष अध्ययन सामग्री शामिल हैं, जो जेईई एडवांस की सटीक, एआई-सक्षम और अनुकूली तैयारी को सुनिश्चित करते हैं।

इस प्रोग्राम में एक कम्प्रीहेंसिव रिविजन और टेस्टिंग मॉड्यूल शामिल है, जो जेईई (एडवांस) परीक्षा के फाइनल स्टेज़ से पहले टार्गेटेड प्रेपरेशन पर फोकस करता है। स्टूडेंट्स को स्पेशल कोर्स, डाउट-सॉल्विंग सेशन्स और उनके परफॉर्मेंस को मैक्सिमाइज करने के लिए ध्यान से डिज़ाइन की गई टेस्ट सीरीज़ का बेनिफिट मिलेगा। आकाश इन्विक्टस में छोटे बैच होंगे, जिससे छात्रों को अधिक व्यक्तिगत ध्यान मिल सके और उनकी हर जरूरत को सही तरीके से पूरा किया जा सके। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा,आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है; यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं।

## जिफ्फा के अध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज, बिना परमिशन के करा रहा था कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दो दिवसीय झारखंड फिल्म महोत्सव एक और दो मार्च को मोरहाबादी मैदान में आयोजित था, इस छठे झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (जिफ्फा) के चेयरमैन ऋषि प्रकाश मिश्रा के खिलाफ लालपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई है। यह एफआइआर कार्यपालक दंडाधिकारी जफर हसनात ने दर्ज करवायी है। दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि, जिफ्फा के आयोजन में संस्था के चेयरमैन ने बिना किसी अनुमति के झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीरों और राज्य के लोगो (प्रतिक चिन्ह) का इस्तेमाल किया, यह कानूनन गलत है। झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल (जिफ्फा) के आयोजन पर प्रशासन ने दूसरे दिन रविवार को ही रोक लगा दी थी। प्रशासन का कहना था कि इस आयोजन को लेकर कोई अनुमति नहीं ली गयी थी। प्रशासन ने बताया कि आयोजक ने आवेदन दिया था, लेकिन उनको अनुमति प्रदान नहीं की गयी थी। इसके अलावा मोरहाबादी मैदान में किसी भी आयोजन को लेकर एक फीस निर्धारित है, उसका भुगतान भी नहीं किया गया था। इस महोत्सव में प्रथम दिन पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को आमंत्रित करने की बात कही गई थी, लेकिन वे किसी कारणवश उपस्थित नहीं थे, तो उनके जगह पर पद्मश्री मुकुंद नायक , पद्मश्री मधु मंसूरी के हाथों कुछ स्थानीय कलाकारों को सम्मानित कराया गया था । वहीं देर रात हिंदी सिनेमा की पार्श्व गायक ऊषा मंगेशकर पहुंची थी और दूसरे दिन रविवार को राकेश रोशन हालांकि समय जो निर्धारित किया गया था उस समय में दोनों दिन कार्यक्रम नहीं हुआ । इतना ही नहीं पत्रकारों के साथ संवाददाता सम्मेलन का भी आयोजन करने की बात कही गई थी, लेकिन इन लोगों ने कहा था कि आदित्य पंचोली और सुनील शेट्टी भी आएंगे जबकि नहीं आए थे।

## भूमि विवाद के कारणों की किया गया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा भूमि विवाद के कारणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, किस्टो कुमार बेसरा, अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, सभी निबंधक, एल.आर.डी.सी. रांची, मुकेश कुमार, एल.आर.डी.सी. बुंडू, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पाण्डेय, सहायक निदेशक



सामाजिक सुरक्षा रांची, रविशंकर मिश्रा एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

**भूमि विवाद के कारणों की समीक्षा :** उपायुक्त द्वारा सभी सम्बंधित पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए भूमि विवाद के कारणों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

**दोहरी जमाबंदी के मामलों पर चर्चा:** बैठक में रांची जिले में आए दोहरी जमाबंदी के मामलों पर चर्चा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की अक्सर ऐसी शिकायत प्राप्त होती है, की एक ही भूमि को बार-बार बेच दिया जाता है। ऐसे खरीद-बिक्री को कैसे रोका जाए इसपर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बैंक द्वारा बंधक भूमि का बिक्री रोकने को लेकर भी कार्ययोजना बनाने को लेकर भी चर्चा की गई। इसे कैसे रोका जाए उसपर पर गहन विचार विमर्श किया गया की कैसे बैंक द्वारा बंधक जमीन की बिक्री रोकी जाए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी को लेकर उप प्रशासक ने किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के वर्टिकल 4 से संबंधित कार्यों को गति देने तथा प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा करने के उद्देश्य से नगर निगम रांची के उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में पीएम एवाई शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ एक बैठक निगम सभागार में आहूत की गई। बैठक में उप प्रशासक द्वारा पीएम एवाई शाखा से संबंधित विभिन्न कार्यों की बिन्दुवार पृच्छा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उप प्रशासक के द्वारा



निदेश दिया गया कि पीएम एवाई शाखा की टीम प्रत्येक दिन फील्ड पर जाए एवं हर एक लाभुक को चिन्हित करते हुए आवास के कार्य में गति लाने हेतु प्रेरित करे। वर्तमान में आवास निर्माण का उपयुक्त समय है तथा ससमय आवास निर्माण के कार्य को पूरा करवाना सुनिश्चित करें।पैसे लाभुक जिनका आवास निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है, उन्हें ससमय किस्त का भुगतान करे तथा जिन लाभको द्वारा आवास निर्माण के कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे, उन्हें शीघ्र कार्य करने हेतु निदेशित करे। प्रत्येक वार्ड में आवास पूर्ण करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसकी समीक्षा आने वाले बैठक में किया जायेगा।समीक्षा बैठक में सहायक प्रशासक चन्द्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, सीएलएल टी सी सामुदायिक संगठनकर्ता व पीएम एवाई शाखा के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सीएम के पहल पर सउदी सरकार की खुली आंख, शादाब का पार्थिव शरीर आयेगा झारखंड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** बीते 17 फरवरी 2025को समाजसेवी सह झामुमो नेता लाडले खान ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात कर डाल्टनगंज के रहने वाले मृतक शादाब के परिजनों से भेंट कराया था और उन्हें वस्तु स्थिति की जानकारी देते हुए बताया था कि शादाब का मृत्यु सऊदी में हो गई है जो 17 जनवरी 2025 को मृत्यु हुई है लेकिन अब तक उसका पार्थिव शरीर झारखंड नहीं आ सका है। परिजन बहुत परेशान हैं। इस घटना के बाद स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से परिजनों को मिलवाया । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गंभीरता से लिया और कहा भी इतना देर से क्यों



बताया। खैर सऊदी अरब सरकार से मुख्यमंत्री ने बात की और फिर सऊदी अरब सरकार की आंखे खुली और भरोसा जताया कि मृतक शादाब की पार्थिव शरीर को कोलकाता एयरपोर्ट तक भेजने में सहयोग करेगी। उम्मीद है कि दो दिन बाद शादाब का पार्थिव शरीर कोलकाता आएगा और कोलकाता से फिर रांची और रांची से सीधे डाल्टनगंज पहुंचेगी यहीं सुपुर्द खाक किया जायेगा। लाडले खान ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जब मिला तो उम्मीदें चार गुना बढ़ गई स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने भी पूरी कोशिश की और अब इंतजार है शादाब के पार्थिव शरीर की, जब वह आ जाएगा उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा मिट्टी मंजिल हो जाएगी तभी कुछ कह सकेंगे अभी बस इंतेजार कर रहें हैं।

## संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा - झारखंड की बैठक पूरन महतो की अध्यक्षता में अखिल भारतीय किसान सभा कार्यालय (अलवर्ट एक्का चौक स्थित) में सम्पन्न हुई। बैठक में किसान विरोधी नयी केन्द्रीय बाजार नीति रद्द करने सहित भूमि बैंक, रद्द करने, किसानों के फसलों के लिए एम एस पी की कानूनी गारंटी,गैर मजरूवा जमीन में रसिद नहीं काटने, झारखंड में हाथियों का आतंक, वनपटटा, विस्थापन, सिंचाई, बड़कागांव को /पटक कट्टरसहित किसान मुद्दों पर 18 मार्च को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संयुक्त किसान मोर्चा झारखंड ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। संयुक्त किसान मोर्चा प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर किसान विरोधी केन्द्रीय नयी बाजार नीति रद्द करने का विधान में प्रस्ताव पास करने का आग्रह करेगी ताकि किसान विरोधी नयी कृषि बाजार नीति के खतरे से झारखंड के किसानों को बचाया जा सके।जैसा की केरल विधानसभा एवं पंजाब विधानसभा में किसान विरोधी नयी केन्द्रीय बाजार नीति रद्द करने का प्रस्ताव पारित किया है।

उक्त मुद्दों को लेकर प्रमंडलीय / जिला / प्रखंड/ पंचायत स्तर किसान महापंचायत कर नवम्बर माह तक झारखंड में बड़ा किसान आन्दोलन चलाने का निर्णय लिया गया। 16 मार्च को डेढ़ साथ से चल रही बड़कागांव किसान आन्दोलन के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा नेताओं का दौरा होगा।

## कल्पना सोरेन से मुलाकात कर साजिद कौसर ने दी जन्मदिन की बधाई



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो के जिला संगठन सचिव साजिद कौशर ने गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान साजिद कौसर ने श्रीमति सोरेन को हेमंत सरकार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को लेकर किये गये कार्य पर चर्चा की। कहा कि सरकार के इस प्रयास का साकारात्मक असर देखने को मिल रहा हैं। साथ ही श्री कौसर ने विधायक कल्पना सोरेन को ईरबा में आने का न्यौता दिया। इस पर कल्पना सोरेन ने भरोसा दिलाया कि जल्द हीं वह इरबा आयेगी। श्री कौसर ने कहा कि यह भी एक सुखद संयोग हैं जब कल्पना सोरेन जी की जन्मदिन के दिन हीं राज्य का अबुआ बजट आया हैं। जो राज्य को नयी दिशा देगा। विकास की गति पूरी रफ्तार पकड़ेगा।

## विधायक की पत्नी ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक राजेश कच्छप के अनुपस्थिति में विधायक की पत्नी रिया तिर्की ने कहा कि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने हमेशा विकास योजनाओं को धरातल में उतारने पर भरोसा करते हैं.योजनाएं सभी सरकारें निकालती हैं, लेकिन उस योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने, अंतिम पायदान में खड़े लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम हमारी महागठबंधन सरकार कर रही है. रिया तिर्की ने उक्त बातें मंगलवार को प्रखंड के इच्चादाग में बनने वाले 1000 फीट नाली व 130 और 150 स्ट्रीट लाइट और कुरूम में चेक डेम निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कही. निर्माण कार्य का शिलापट्ट का अनावरण किया. वहीं निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया.आनेवाले दिनों में और कई योजनाएं पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, सरिता देवी, सुरेश साहू, प्रेमनाथ मुंडा,पंचू तिर्की, रामधन बेदिया, हरिमोहन महतो,आनंद महतो, काशीनाथ पहान आदि ग्रामीण आदि उपस्थित थे.


## विधायक सुरेश कुमार बैठा ने किया विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार बैठा ने रांची जिला ग्रामीण लीगल सेल के अध्यक्ष अधिवक्ता सरफराज़ अहमद को बुढ़मू प्रखंड के ग्रामीण विकाश विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस दौरान विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि अधिवक्ता सरफराज़ अहमद अपने कार्य के प्रति सजग एवं कर्मठ व्यक्ति है। इनकी कार्य कुशलता को देखते हुए मैं उनको ग्रामीण विकाश विभाग के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया हूं। उन्होंने ने कहा कि हमें उम्मीद है की कांके विधानसभा में विकास की गति प्रदान करने में इनकी भूमिका अहम होगी। सरफराज अहमद का विधायक प्रतिनिधि बनने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, कांग्रेस नेता बलराम साहू, कांग्रेस पार्टी के रांची जिला के ग्रामीण कोषाध्यक्ष तनवीर आलम, रांची जिला कांग्रेस पार्टी के महासचिव जाकिर हुसैन, बबलू मुंडा, ईदु खान, आरजेडी नेता युनुस खान, मोनू रजक, गौरी शंकर महतो, पत्रकार सुदीप सिंह, पंकज सिंह, शिक्षा विद रत्न प्रकाश सिंह, उमेडंडा महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुदामा नायक, सदन साहू, मिस्टर उर्फ समीर मियां, उमेडंडा के उप मुखिया पवन राम, चंद्रदीप साहू, शिवनंदन मुंडा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## सिल्ली कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कल से

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में दिनांक 6 से 12 मार्च तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम शुभारंभ कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो द्वारा की जाएगी । एनएसएस यूनिट 1 के अर्चना कोइरी एवं यूनिट 2 के डॉ मनोज कुमार सात दिवसीय शिविर का संचालन करेंगे। कॉलेज प्रबंधन ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



# मार्केट काम्प्लेक्स में बने दुकानों को लेकर निकाली गई निविदा को रद्द करने की मांग को लेकर विशेष ग्राम सभा किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ओरमांझी में जिला परिषद कोष से नवनिर्मित कृषि मार्केट कॉम्लेक्स में बने दुकानो को ओरमांझी के स्थानीय बेरोजगार व किसानों को सरल प्रक्रिया के तहत कम किराया पर कमरा दुकान मिल सके इसे लेकर मंगलवार को ओरमांझी पंचायत सचिवालय परिसर में ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुण्डा की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों के साथ काफी संख्या में ग्रामीण व समाजसेवी लोग सामिल हुए बैठक में जिला परिषद फंड से निमित मार्केट आवंटित के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया और निणय लिया गया कॉम्लेक्स का दुकान रूम हाल को आवंटित करने में जो कडा नियम लगाया गया है उसका विरोध करते हुए इस वर्तमान आवंटन प्रक्रिया को रद्द करने की मांग किया गया साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के अनुरूप दुकान का किराया पांच सौ से एक हजार रुपए महिने व पांच हजार रुपए पगड़ी व हाल दो हजार रुपए महिने व पगड़ी के रूप में पांच हजार रुपए करने के साथ इसका आवंटन पंचायत के देख रेख में करने व रख रखाव की जिम्मेदारी पंचायत को देने का मांग किया गया है चुकि जिला परिषद का ही अंग पंचायत ऐसा नहीं करने पर आन्दोलन करने की चेतावनी ग्राम सभा के माध्यम से दिया गया इससे सम्बन्धित मांग पत्र सम्बोधित मंत्री जिला परिषद अध्यक्ष डीडीसी व उपयुक्त को देने का निर्माण लिया गया मौके पर पंचायत के मुखिया दीपक बडाईक ने कहा यह कृषि प्रधान क्षेत्र है ओरमांझी का रोजगार का मुख्य साधन बाजार है इसी को देखते हुए डेली मार्केट भवन बनाने की मांग किया गया था जो बना पर किसानों के हित में नहीं होकर मायलज हाल की तरह बना दिया गया और उपर से किराया भी काफी अधिक रखा गया है बैठक में पंचायत के मुखिया मुखिया दीपक बडाईक पंचायत समिति सदस्य ललीता मेहता प्रखंड पुव उपप्रमुख जयगोविंद साहू उपमुखिया संतोष गुप्ता वाड सदस्य सह प्रखंड वाड संघ अध्यक्ष सत्यमराज कुशवाहा पुव सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता पुव मुखिया मीना देवी दुर्गा शंकर साहू रामकुमार महतो सत्यनारायण तिवारी उमाशंकर साहू श्याम किशोर महतो मनी देवी विक्रांत तिवारी सुमित्रा देवी अनीता देवी रोहन वमण बालो देवी लक्ष्मी बडाईक लाला स्वर्णकार शशी मेहता आनन्द नायक दिवाकर साहू आनन्द महतो भीम मुण्डा नीरज पाण्डेय संतोष गुप्ता अजित कुमार विजय पाण्डेय रूपेश साहू मुकेश पाण्डेय बेबी देवी रामदेव साहू जय किशोर महतो जगपति साहू अजय चौरसिया प्रकाश चन्द्र सुनील कुमार रोहित विशाल वर्मा संदीप साहू अनिता देवी उषा कुमारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## हेवी ब्लास्टिंग से घरों में में पड़ रही है दरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** केडीएच खदान में हो रही इनदिनों तीव्र ब्लास्टिंग के कारण आसपास के घरों में दरारें पड़ने से ग्रामीण दहशत में हैं. जेहलीटांड के अनिता सिंह, कमेश प्रसाद, चक्रधारी सिंह, अनमोल सिंह, सावित्री देवी, संतोष कुमार सिंह सहित कई लोगों का घर में दरार आ गया है. उन्होंने बताया कि ब्लास्टिंग के कारण उनके घरों की दीवारें दरक रही हैं, जिससे उनकी जान और माल को खतरा है. ग्रामीणों ने बताया कि घर से 500 मीटर के अंदर केडीएच परियोजना खनन कार्य कर रही है. खदान में दोपहर 12 से 3 के बीच में लगातार हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है. ब्लास्टिंग इतना तीव्र होता है कि दरवाजा का लॉक तक खुल जाता है. ब्लास्टिंग के दौरान घरों में धूल और ध्वनि के कारण परेशानी होती है. बताया कि एक माह से काफी तीव्र ब्लास्टिंग हो रहा है.ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि ब्लास्टिंग की तीव्रता को अगर कम नहीं किया जाता है तो आने वाले दिनों में खदान बाधित किया जा सकता है, जिसका जिमेवारी सीसीएल प्रबंधन की होगी.ग्रामीणों ने खदान प्रबंधन और प्रशासन से मांग की है कि ब्लास्टिंग के दौरान घरों की सुरक्षा के लिए उचित उपाय किए जाएं और घरों को होने वाले नुकसान की भरपाई की जाए.

## रांची सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** दिनांक 4 मार्च 2025 को महिलौग पंचायत के सरई टोली हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन का शिलान्यास रांची सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री परम आदरणीय संजय सेठ जी के कर कमलों से दोपहर 02:00 बजे नारियल फोड़कर किया गया।सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से आस पास के ग्रामीणों को इसका पूरा लाभ मिल सकेगा।शिलान्यास कार्यक्रम में उप प्रमुख वीणा कुमारी ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए कोल्ड स्टोरेज,चेक डैम, वैलनेस सेंटर की व्यवस्था हेतु सांसद महोदय से अपील की।मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने बिजली एवं अधिक बिल की समस्या से ग्रामीणों को हो रही समस्या से सांसद महोदय को अवगत कराया।इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,राजेश मिश्रा,जितेंद्र सिंह,लाल मोहन महतो,मोहर नाथ महतो,गुप्तेश्वर महतो,रमेश महतो, श्री दाम सिंह मुंडा,महीराम महतो,उमेश राय,राजेश यादव इत्यादि गणमान्य लोग के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेहतर स्वास्थ्य ही बेहतर समाज व राष्ट्र का निर्माण कर सकता है : प्रो. शैलेन्द्र मिश्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड क्षेत्र स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर आनन्दी और बारीडीह की संयुक्त बैठक जनसेवी संगठन प्रगति परिषद कार्यालय,वीरटोली,आनन्दी में बारीडीह पंचायत की मुखिया पार्वती देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ओरमांझी के चिकित्सा प्रभारी डॉ. रेणू बाखला ने आनन्दी और बारीडीह दोनों आरोग्य मंदिर (उपकेन्द्रों) को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस कर ग्रामीण जनता को हर संभव स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। उन्होने दोनों उपकेन्द्रों की समीक्षा की।और बेहतर संचालन का सुझाव दिए। कार्यक्रम को समाजसेवी प्रो.शैलेन्द्र मिश्र ने अपनी बात रखते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य ही बेहतर समाज व राष्ट का निर्माण कर सकता है ऐसे में सीएचओ,एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका,सहिया,जल सहिया आपसी समन्वय बनाकर लोगों को बेहतर सुविधा देने पर जोर दें। बैठक का संचालन सीएचओ उमा कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन बीपीएम डॉ.विशाल ने किया। बैठक में डॉ.विशाल,पंसस श्री मती शशि मिश्रा,उपमुखिया बनवारी लाल साहु,संचिता कुमारी,मानकी जय नारायण सिंह, नन्द किशोर मुंडा,राम किशुन मुंडा,विनिता देवी,वार्ड सदस्य भूषण कुमार महतो,अवध करमाली, अशोक नायक,सीएचओ उमा कुमारी, सुनिता कुमारी एएनएम सुनीला टोप्पो,रेखा सहित स्वास्थ्य सहिया,आंगनबाड़ी सेविका सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वेक्षण को लेकर पंचायत सहायकों की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वेक्षण के सफल क्रियान्वयन को लेकर पंचायत सहायकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आवास कोऑर्डिनेटर हफिजुल हसन ने की। इस दौरान उन्होंने योजना के योग्य लाभुकों की जियो टैगिंग से जुड़ी अहम जानकारियों पर विस्तार से चर्चा की।

हफिजुल हसन ने पंचायत सहायकों को निर्देश दिया कि वे लाभुकों को 'बेनेफिशियरी लेवल जियो टैग ऐप' के उपयोग में पूरी सहायता प्रदान करें। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से योजना के योग्य लाभुकों की जियो टैगिंग की जा सकती है, जिससे स्थल निरीक्षण और सत्यापन प्रक्रिया तेज़ और पारदर्शी हो सकेगी। इसके अलावा, लाभुक पंचायत सेवक से मिलकर सहायता प्राप्त सर्वेक्षण भी कर सकते हैं।

बैठक में पंचायत सहायकों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे लाभुकों से संपर्क कर उन्हें ऐप इंस्टॉल करने, पंजीकरण करने और आवश्यक डेटा अपलोड करने में मदद करें। साथ ही, सर्वेक्षण प्रक्रिया की प्रगति को नियमित रूप से अपडेट करने का भी निर्देश दिया गया। हफिजुल हसन ने सभी पंचायत सहायकों से अपील की कि वे योजना के उद्देश्यों को पूरी निष्ठा से लागू करें और लाभुकों को समय पर सहायता उपलब्ध कराएं, ताकि सभी पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सके।

इस बैठक में पंचायत सहायक तबरेज अंसारी, रामदयाल प्रजापति, खालिद अंसारी, दिलीप लोहरा, कुलदीप उराँव, राकेश उराँव, हादीम मलिक, प्रदीप उराँव, मो. नसीम, बिरसा उराँव, रंजन ठाकुर और संध्या कुमारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

e-Procurement Cell
**Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi**
JHARKHAND, RANCHI

**Very Short Term e-Procurement Notice**
**Tender Reference No.53/2024-25**

| Sl. No | Name of Scheme | Estimated Amount (Rs) | Earnest Money (Lac) | BoQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Development of Park at Sector-II Dhurwa Ranchi | 20936600.00 | 4.20 | 10000.00 | 18 Month | कार्य के अनुरूप |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Date of Publication of Tender on Website | 07.03.2025 at 11:00 AM |
| 4 | Start Date of Submission of Bids | 07.03.2025 at 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 12.03.2025 at 11:00 AM |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 17.03.2025 at 2:00 PM |
| 7 | Name & Address of office Inviting tender e-Procurement Cell, | National Rural Employment Programme, Ranchi. |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 94727-45569 |

**Any change can be seen on Website *http:// Jharkhandtenders.gov.in.***
***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.***

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Executive Engineer, National Rural Employment Program me, Ranchi

PR 347773 NREP (24-25)_D

**प्रपत्र–VII**
**गुमला समाहरणालय, गुमला (भू– अर्जन शाखा)**
**समाहर्त्ता / अपर समाहर्त्ता –सह–समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**

ज्ञापांक – भू0अ0 (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1)के अधीन) दिनांक –

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना **अघरमा मोड (SH-03) से टकरमा –ससिया पथ का (लम्बाई 13.9 कि0मी0) पुनर्निर्माण कार्य ग्राम– सकिया, थाना–बसिया, थाना, नं0–25, अंचल –बसिया, जिला –गुमला, कुल– 4.465 एकड़ यानि – 1.80769** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन ने अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **4.465 एकड़ यानि – 1.80769** हेक्टेयर है और जो **ग्राम– सकिया, थाना–बसिया, थाना नं0–25, अंचल –बसिया, जिला –गुमला,** में है जिसका विवरण क्र0 सं0– 01 से 20 तक निम्नलिखित है:–

| क्र0 संख्या | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भू–खण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 451 | बकास्त | 0.12 | बकास्त मालीक | सड़क | 453 | अंश | सड़क |
| | | 738 | | 0.19 | | अंश | सड़क | सड़क | अंश |
| | | 736 | | 0.01 | | सड़क | सड़क | अंश | सड़क |
| 2 | 8 | 577 | रैयती | 1.00 | अजय एक्का वो अनील एक्का वो अमर एक्का वो अरूण एक्का वो अरविन्द एक्का पिता पात्रिक एक्का वो मार्टिना एक्का पति कोलमन एक्का वो विनोदिक एक्का वो आंगुस्टिन एक्का वो विजय एक्का वो विमल एक्का पिता मिखिल एक्का वो फुलजैम्स एक्का वो पॉल फैलिकस एक्का वो परफुल एक्का पिता इमिल उरांव वो बसंत एक्का पिता जॅर्ज उरांव वो खिस्टीना एक्का पिता सिरिल एक्का निज ग्राम। | अंश | अंश | सड़क | अंश |
| | | 595 | | 0.59 | | सड़क | अंश | अंश | सड़क |
| | | 571 | | 0.27 | | अंश | अंश | अंश | सड़क |
| 3 | 10 | 578 | रैयती | 0.16 | अजय एक्का वो अनील एक्का वो अमर एक्का वो अरूण एक्का वो अरविन्द एक्का पिता पात्रिक एक्का वो मार्टिना एक्का पति कोलमन एक्का वो विनोदिक एक्का वो आंगुस्टिन एक्का वो विजय एक्का वो विमल एक्का पिता मिखिल एक्का वो फुलजैम्स एक्का वो पॉल फैलिकस एक्का वो परफुल एक्का पिता इमिल उरांव वो बसंत एक्का पिता जॅर्ज उरांव वो खिस्टीना एक्का पिता सिरिल एक्का निज ग्राम। | अंश | अंश | सड़क | अंश |
| | | 516 | | 0.04 | | अंश | सड़क | 593 | 587 |
| 4 | 12 | 829 | रैयती | 0.015 | गोइन्दा उरांव वल्द गन्दुर उरांव कौम उरांव साकिन देह। | अंश | अंश | अंश | सड़क |
| 5 | 14 | 828 | रैयती | 0.035 | गोइन्दा उरांव वल्द गन्दुर उरांव कौम उरांव साकिन देह। | अंश | अंश | अंश | सड़क |
| 6 | 15 | 541 | रैयती | 0.35 | गोसाई उरांव वल्द जोधा उरांव कौम उरांव साकिन देह। | 571 | 542 | अंश | सड़क अंश |
| | | 465 | | 0.095 | | अंश | सड़क | सड़क | अंश |
| | | 823 | | 0.085 | | अंश | सड़क | 824 | रास्ता |
| 7 | 20 | 837 | रैयती | 0.015 | चमरा उरांव वल्द धनी उरांव कौम उरांव साकिन देह। | अंश | अंश | अंश | सड़क |
| 8 | 22 | 826 | रैयती | 0.04 | चमरा भोगता वो देकु भोगता पेसरान विगुवा भोगता कौम भोगता साकिन देह बहिशा बराबर। | सड़क | अंश | अंश | 827 |
| | | 830 | | 0.055 | | 825 | 831 | सड़क | अंश |
| | | 843 | | 0.03 | | 832 | 844 | सड़क | अंश |
| | | 234 | | 0.015 | | अंश | सड़क | 237 | अंश |
| 9 | 23 | 542 | रैयती | 0.30 | अनिल टोप्पो पिता बरलुस उरांव वो अलकसियुस टोप्पो पिता नथनिएल उरांव वो किशोर टोप्पो राखेल उरांव वो बरसियुस टोप्पो पिता एगनिस उरावं वो दोमनिक टोप्पो पिता सिरिल उरांव वो सेवेस्तियन टोप्पो पिता पतरस उरांव वो अलकसियुस टोप्पो पिता अलविस उरांव कालेप टोप्पो पिता जोहान उरांव | 541 | 543 | अंश | सड़क |
| | | 549 | | 0.18 | | 545 | टकरमा | अंश | सड़क |
| 10 | 25 | 588 | रैयती | 0.12 | चुइओ उरांव वो मंगरा उरांव पेसरान सुकरा उरांव वो बन्धन उरांव वल्द हिरवा उरांव 3 हिस्सा बहिस्सा बराबर वो बीरसा अलवीस उरांव वो जोहन उरांव पेसरान पाचो उरांव 1 हिस्स बहिस्सा बराबर कौम उरांव साकिन देह। | अंश | अंश | सड़क | अंश |
| 11 | 33 | 831 | रैयती | 0.10 | डहरू उरांव वो दनी उरांव वो रोपो उरांव वो मरकुश उरांव वो बिशिभ उरंव पेसरान चोडेया दनि उरांव साकिन देह बहिस्सा बराबर। | 830 | 832 | सड़क | अंश |
| 12 | 40 | 233 | रैयती | 0.035 | दुगा उरांव वो दीड़रा उरांव वो मैना उरांव वो बरनावास उरांव पेसरान पेरो उरांव वो पौलुस उरांव वो सामुएल उरांव पेसरान सकरू उरांव कौम उरांव साकिन देह। | सड़क | अंश | अंश | सड़क |
| 13 | 43 | 545 | रैयती | 0.095 | नमिया मुण्डा वो सामवेल मुण्डा पेसरान पतरस मुण्डा 2 हिस्सा बहिस्सा बराबर वो धमस मुण्डा वो इसिल मुण्डा पेसरान जयमसीह मुण्डा 1 हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम मुण्डा साकिन देह हाल मोकाम टकरमा। | 543 | 549 | अंश | सड़क |
| 14 | 52 | 462 | रैयती | 0.035 | बुटना उरांव वल्द बुदनु उरांव कौम उरांव साकिन देह। | अंश | सड़क | सड़क | अंश |
| 15 | 55 | 458 | रैयती | 0.095 | भउवा उरांव वो पकुवा उरांव वो लूकश उरांव पेसरान मंगरा उरांव कौम उरांव साकिन देह बहिशा बराबर। | 459 | अंश | अंश | सड़क |
| 16 | 57 | 543 | रैयती | 0.065 | सोमा उरांव वो दइला उरांव पेसरान चरवा उरांव कौम उरांव साकिन देह वहिस्सा बराबर। | 542 | 545 | अंश | सड़क |
| 17 | 71 | 824 | रैयती | 0.075 | मांगु उरांव वो पतरस उरांव वो करलुस उरांव पेसरान एतवा उरांव कौम उरांव साकिन देह बहिस्सा बराबर। | अंश | रास्ता | 523 | सड़क |
| 18 | 72 | 449 | रैयती | 0.035 | मांगु उरांव वो पतरस उरांव वो करलुस उरांव पेसरान एतवा उरांव कौम उरांव साकिन देह बहिस्सा बराबर। | अंश | सड़क | अंश | अंश |
| 19 | 73 | 832 | रैयती | 0.19 | माधो उरांव वल्द घनकु मोदी कौम उरांव साकिन देह। | 831 | 843 | सड़क | अंश |
| 20 | 80 | 743 | रैयती | 0.025 | लोहरा उरांव वल्द डोने उरांव कौम उरांव साकिन देह। | अंश | अंश | सड़क | अंश |
| कुल रकबा | | | | 4.465 | | | | | |

यदि अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या 30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:–शून्य

**ग्राम– सकिया, थाना–बसिया, थाना, नं0–25, अंचल –बसिया, जिला –गुमला, कुल– 4.465 एकड़ यानि – 1.80769 हेक्टेयर**

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेषभाग में पड़े कोयला खदान, लौह–पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज है, ऐसे भागो में पड़े खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर आवश्यक नहीं है।

**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के** कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:– शून्य है।

**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी गुमला।** | **अपर समाहर्त्ता गुमला।** | **उपायुक्त गुमला।**

PR 347691 (Land Reforms) 24-25 (D)

# आदिवासी गरीब मरीज को न्याय दिलाने के लिए ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत एमजीएम थाना क्षेत्र के भिलाई पहाड़ी गांव निवासी बुद्धेश्वर माहली को न्याय दिलाने की मांग पर मंगलवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पूर्व जिला पार्षद पिंटू दत्ता के नेतृत्व में अवध डेंटल कॉलेज परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कॉलेज के डायरेक्टर के साथ हुई वार्ता के क्रम में उन्होंने गरीब आदिवासी मरीज बुद्धेश्वर माहली को मदद करने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद मामले की जानकारी स्थानीय विधायक मगंल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार, पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू एवं सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल से दूरभाष पर बात करते हुए अवध डेंटल कॉलेज की लापरवाही से गभीर बीमारी के शिकार हो चुके बुद्धेश्वर माहली के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विधायक मंगल कालिंदी ने आश्वासन देते हुए कहा कि वे इस संबंध में जल्द ही राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिलेंगे और मामले को रखेंगे। विधायक संजीव सरदार व जिला परिषद अध्यक्ष ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि अवध डेंटल कॉलेज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में मदद का आश्वासन दिया। सिविल सर्जन ने भी आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी। आज के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला पार्षद प्रतिनिधि पिंटू दत्ता, देवघर पंचायत के मुखिया शशि सिंह सरदार, उप मुखिया श्रीमंत गौड़, बहादुर किस्कू, अर्जुन सोरेन, हरिपद सिंह, मंटू गौड़, सोनू महतो, कई वार्ड सदस्यों के अलावा काफी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। दूसरी ओर गंभीर बीमारी से जूझ रहे बुद्धेश्वर माहली का इलाज तत्काल पिंटू दत्ता अपने स्तर से करवा रहे हैं लेकिन पूर्ण रूप से स्वस्थ होने में लाखों रुपए खर्च होने का अनुमान है।



**चाइल्डलाइन, सीडब्लूसी, ऑब्जर्वेशन होम, वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा बैठक**

# भिक्षावृत्ति करते पाए जाएं बच्चों की करें काउंसिलिंग : अनन्य मित्तल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में मंगलवार को आहूत बैठक में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत कार्यरत सभी घटकों जिसमें जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, डीसीपीओ, एनजीओ प्रतिनिधि व अन्य संबंधित बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में बाल कल्याण समिति से प्राप्त परित्याग बच्चों के अधिकार एवं संरक्षण, एकल अभिभावक वाले बच्चे एवं अनाथ बच्चों को योजनाओं से आच्छादित किए जाने, वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित बालिकाओं/ महिलाओं के आवासन, विधिक सहायता, परामर्श और पुलिस सहायता जैसी सेवाओं की समीक्षा की गई । साथ ही, चाइल्ड लाईन की गतिविधियों एवं उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा किया गया । वहीं मिशन वात्सल्य योजना, फॉस्टर केयर योजना के साथ ही चाइल्ड प्रोटेक्शन पॉलिसी, वल्नेरेबिलिटी मैपिंग, सड़क पर जीवनयापन करने वाले बच्चों को शिक्षा प्रदान करने, बाल श्रम, बाल व्यापार, बाल विवाह, बाल संरक्षण, पॉक्सो, किशोर न्याय अधिनियम, बच्चों से जुड़े अन्य कानून पर चर्चा की गयी ।

उपायुक्त ने सभी स्टेकहोल्डर को निर्देशित किया कि विशेष परिस्थितियों में रह रहे किशोर-किशोरियों की सुरक्षा और उनके समग्र विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। सभी का दायित्व है कि न केवल ऐसे बच्चों के शैक्षणिक विकास में बल्कि उनके मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक कल्याण की दिशा में भी कार्य किए जाएं । उन्होने कहा कि स्लम में रहने वाले बच्चे को भी शिक्षा से जोड़ने की दिशा में पहल करें। साथ ही निर्देशित किया कि जो बच्चे भिक्षावृत्ति करते पाए जाएं उनकी काउंसिलिंग करें एवं उनके माता-पिता की भी काउंसिलिंग करें। उपायुक्त ने कहा कि बाल संरक्षण बेहद जरूरी है, इसके लिए सभी को सहयोगात्मक भावना से कार्य करने की जरूरत है ।



## नन्हें मुन्हें रोजेदार



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर के खासमहल स्थित मोहम्मद अजहर खान के 6 साल के बेटे मोहम्मद अजहन खान और 4 साल के पुत्र मोहम्मद शिफान खान रमजान के पाक महीने में लगातार तीसरे दिन रोजा रखा। वहीं अपने परिवार के साथ अपने लिए और देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगी।

## सैमको म्यूचुअल फंड लार्ज कैप का एनएफओ आज से खुलेगा

**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है। एनएफओ 5 मार्च, 2025 से 19 मार्च, 2025 तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सीएआरई का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करके लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है। सैमको लार्ज कैप फंड को प्रोपराइटरी सीएआरइ का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बाजार प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर गतिशील रूप से शेयरों का चयन करता है।

## बीओआई का ऋण समझौता मेगा शिविर नीमडीह एवं रघुनाथपुर में 6 को

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी 6 मार्च को बैंक ऑफ इंडिया के नीमडीह एवं रघुनाथपुर शाखा द्वारा केसीसी के अंतर्गत ऋण समझौता मेगा शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें एनपीए हुए केसीसी ऋण धारक को व्यापक छूट दी जा रही है। केसीसी एनपीए धारक इस शिविर में भाग लेकर एकमुश्त समझौता कर ऋण से मुक्त हो सकते है या पुनः केसीसी का लाभ ले सकते हैं। सभी एनपीए धारक को इस अवसर का लाभ लेने की अपील की जा रही है। उक्त जानकारी जिला आईपीआरडी कार्यालय द्वारा जारी की गई है।

## श्री श्री महावीर मंदिर कमेटी का पुनर्गठन, विनोद रजक बने अध्यक्ष

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्री महावीर मंदिर कमेटी की बैठक कांड्रा बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पूजनोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। पूजनोत्सव के सफल आयोजन के लिए कमेटी का पुनर्गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से विनोद रजक को अध्यक्ष, हितेश वार्ष्णेय को सचिव और देवनाथ साव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में मुख्य रुप से राहुल कुमार, लालू नंदी, बादल दास, अतुल शुक्ला, छोटे साव, विकास कुमार समेत कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## युवाओं, किसानों व ग्रामीणों को समर्पित झारखंड का बजट : सुधीर कुमार पप्पू

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर कोर्ट के अधिवक्ता, सुधीर कुमार पप्पू ने एक बयान जारी कर कहा कि झारखंड सरकार ने सालाना बजट में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, किसानों के लिए विशेष ध्यान दिया है। युवाओं किसानों और गरीबों के लिए सरकार ने बजट में प्रावधान रखा है जो सराहनीय है। इस बजट से राज्य का तेजी से विकास होगा। खासकर जमशेदपुर में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, विधि कॉलेज और विश्वविद्यालय बनाने का प्रावधान है। इंडिया गठबंधन के सभी दलों को सराहनीय बजट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद और शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री को बधाई।

## केपीएस स्कूल के बच्चों ने ट्रैकिंग के दौरान दलमा में चलाया सफाई अभियान

**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दलमा में खगोल विज्ञान का अध्ययन कर रहे स्कूली बच्चे ने विशेषज्ञों के साथ वन्यजीवों को संरक्षण के बारे में जानकारी हासिल की। पक्षियों की प्रजाति और उसके रहन सहन के बारे में भी जानने का प्रयास किया। बच्चों ने सफारी और वन्यजीवों की ट्रैकिंग भी की। उनके साथ वन विभाग की टीम भी सक्रिय थी, जो बच्चों को मार्गदर्शन करती रही। इसके साथ ही कार्यक्रम में ट्राइबल संस्कृति के कलाकारों ने भी प्रदर्शन किया। कैंप फायर में बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय शिविर के दौरान केरला पब्लिक स्कूल के 48 बच्चों ने दलमा में प्लास्टिक व कई प्रकार के कचरे को सफ़ाई अभियान चलाकर दलमा में प्लास्टिक मुक्त का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के इंचार्ज अमित कुमार शर्मा, रविन्द्र कौर, दलमा गाइडर प्रशुराम कर्मकार एवं स्कूली छात्र छात्रा मौजूद थे।

## कोंकादासा स्कूल समेत दो घरों की दीवार तोड़कर धान खा गए जंगली हाथी

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दलमा के तराई पर स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोंकादासा के मिड डे मील के चावल व दाल को सोमवार की देर रात किचन का दरवाजा तोड़कर जंगली हाथी ने निवाला बनाया। इसके अलावा गांव के कालीपद हांसदा व मितन सिंह के मिट्टी के घरों की दीवार तोड़कर धान खा गए। इस घटना में घर के भीतर सोए हुए परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मंगलवार की सुबह गांव के सुशील सिंह ने स्कूल के शिक्षक गोवर्धन मुर्मू एवं वन विभाग के अधिकारी अपर्णा चंद्रा को दी। सूचना पाकर मौके पर प्रभारी फॉरेस्टर अंकित श्रीवास्तव, वृंदा सिंह, मनोज सिंह, कार्तिक के साथ कोंकादासा गांव पहुंचे। दलमा रेंजर अपर्णा चंद्रा की सलाह पर ग्रामीणों को मुआवजा व क्षतिपूर्ति को लेकर विभाग द्वारा पीड़ित परिवार द्वारा आवेदन भरे गए हैं।

## खनन विभाग का चला डंडा, 17500 सीएफटी अवैध बालू जप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला खनन विभाग अवैध बालू के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कारवाई कर रही है। मंगलवार को ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बीरडीह के सुवर्णरेखा नदी घाट के पास जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी के नेतृत्व में खनन विभाग द्वारा औचक निरीक्षण कर 17,500 सीएफटी अवैध बालू को जब्त किया गया। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने बताया कि कांड्रा चौका मार्ग पर अवैध बालू, गिट्टी आदि के खिलाफ औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान आयरन, गिट्टी एवं बालू लदे वाहनों के परिवहन कागजातों की जांच की गई। किसी तरह के अवैध परिवहन का मामला नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा तड़के सुबह 3ः30 बजे ईचागढ़ थाना अंतर्गत बीरडीह नदी घाट पर छापेमारी अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान 17500 सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में अग्रेत्तर करवाई की जा रही है।




## डेमकागोड़ा में 15वां वनाधिकार स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड अंतर्गत डेमकागोडा में आदिवासी परंपरानुसार 15वां वनाधिकार स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मानाया गया। ग्राम सभा ने 2013 में ही पत्थरगाड़ी किए हैं । पत्थर को पवित्र माना गया है क्योंकि आदिवासी सामुदाय प्राकृतिक उपासक है। ग्रामीण मुण्डा वोसेन मुण्डा ने स्वयं पत्थर तथा पेड़-पौधों तथा फूलों को पूजा की। सामुदायिक वन पालन संस्थान के सोहन लाल कुम्हार ने कहा कि इस ग्राम में 2013 के पूर्व जंगल का घनत्व नगण्य था लेकिन वनाधिकार प्रमाण-पत्र मिलने के बाद वनाश्रितों में जंगल के प्रति अपनापन की भावना बढ़ी है। लाल ने वनाश्रितों को जागरुक करते हुए कहा कि वैध फसलों की खेती करें। भरत सिंह मुण्डा ने कहा कि जंगलों के विनाश के कारण ही जलवायु परिवर्तन में निरंतर उथल-पथल हो रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भरत सिंह मुण्डा, वोसेन मुण्डा, बुधराम गोप, बाबलु मुर्मु व सुखराम सरदार आदि उपस्थित थे।



## उपायुक्त कार्यालय परिसर में भारत आदिवासी पार्टी ने दिया धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश महासचिव कृष्णा हांसदा ने कहा कि पेसा नियमावली पर झारखंड सरकार विगत छह महीने से माननीय उच्च न्यायालय झारखंड के आदेशों की अवमानना कर रही है। साजिश के तहत आदिवासियों का सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक व वित्तीय अधिकारों से वंचित करने का काम कर रहे हैं। जिससे हमें जल, जंगल और जमीन की अधिकारों से छलने का काम कर रहे हैं। भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष मदन मोहन ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला पूरी तरह से पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं यहीं पर टाटा कंपनी का उद्योग स्थापित है । यह उद्योग आदिवासियों की जमीन पर अवस्थित है। 117 साल होने के बाद भी आदिवासियों को किसी रोजगार से जोड़ने का काम नहीं कर रही। लगभग 60 आदिवासी अप्रेंटिस छात्रों को अभी तक स्थाई रूप से नियोजित नहीं किया गया है जो कि आदिवासियों के साथ बहुत बड़ा धोखा देने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि डिमना बांध विस्थापितों और टाटा मूल खतियानी रैयतों को अविलंब न्याय देने की मांग की। टाटा कंपनी की लीज नवीनकरण का विरोध किया जायेगा। लीज नवीनीकरण विस्तार देने पर माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश समता जजमेंट 1997 का उल्लंघन माना जायेगा । जब तक लीज नवीनकरण कमिटी में स्थानीय विस्थापितों को शामिल नहीं किया जाता तब तक लीज नवीनकरण विस्तार न दिया जाए। इस धरना कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश महासचिव कृष्णा हांसदा, जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन, प्रदेश युवा अध्यक्ष कार्तिक मुखी, मुकेश कर्मकार, सुनील बन सिंह, सुनील रजक, निरंजन तिडु, अमृत तिडु, ज्ञान सिंह बंदिया, बिलचु लकड़ा , दीपक लकड़ा , दुर्गी मार्डी, अप्रेंटिस किया हुआ अंता टुडू एवं उनके साथ आए 60 छात्र भी उपस्थि थे।




## भूमि संबंधित लंबित मामलों में अनावश्यक विलंब पर संबंधित पदाधिकारी को किया गया शोकॉज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के निर्देश के आलोक में मंगलवार को अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार के द्वारा राजस्व शाखा का औचक निरीक्षण कर कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओ द्वारा संचालित कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान श्री कुमार के द्वारा कार्यालय अंतर्गत विभिन्न संचिकाओं, उपस्थिति पंजी आदि का अवलोकन कर जो भी कमियां पाई गई उनमें यथाशीघ्र सुधार करने, लंबित संचिकाओं का निष्पादन करने तथा आवंटित कार्यो का ससमय निष्पादन करने हेतु सम्बन्धित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। समीक्षा के क्रम में भूमि सम्बन्धित लंबित मामलों में अनावश्यक विलंब पर संबंधित पदाधिकारी को शोकॉज करने तथा लंबित मामलों का नियमानुसार यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति अधिकारी एवं कर्मी जबावदेह बने। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में लापरवाह पदाधिकारियों एवं कर्मियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान अपर उपायुक्त के द्वारा सभी अंचलाधिकारियों को भी राजस्व संबंधित मामलों का अंचल स्तर पर नियमित समीक्षा कर लंबित मामलों का निष्पादन करने तथा अपने कार्यालयों का भी औचक निरीक्षण कर कार्यालय संचालन में सामने आ रही कमियों का समाधान करने का निर्देश दिया गया।



## विधायक ने उठाया सेविका व सहायिका के लंबित वेतन मामला

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सेविका व सहायिकाओं के मानदेय का भुगतान शीघ्र करने की मांग की। विधायक दशरत गागराई ने मंगलवार को विस में शून्यकाल के दौरान इस मामले को उठाया। विधायक दशरथ गागराई ने कह कि राज्य भर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सेविका व सहायिका बहनों को विगत पांच माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। कहा, सदन से जरिये सरकार से मांग करता हूं कि आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सेविका व सहायिकाओं को उनके पांच माह के बकाया मानदेय का भुगतान शीघ्र किया जाये।



## ओड़िशा एफसी प्लेऑफ को जमशेदपुर एफसी से भिड़ेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी बुधवार को शाम 7ः30 बजे जमशेदपुर स्थित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में ओड़िशा एफसी की मेजबानी करेगी, तो जगरनॉट्स का लक्ष्य प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना होगा जबकि रेड माइनर्स तीसरे स्थान पर पहुंचना चाहेंगे। जमशेदपुर एफसी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है और 22 मैचों में 12 जीत, दो ड्रॉ और आठ हार से 38 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है। ओड़िशा एफसी 23 मैच में सात जीत, नौ ड्रॉ और सात हार से 30 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है और अपना अंतिम लीग मैच खेलने को तैयार है, जिसमें जीत से वो 33 अंक तक पहुंच जाएंगे। अगर छठे स्थान पर काबिज मुम्बई सिटी एफसी (33) अपने बचे हुए दोनों मैच हार जाती है, तो जगरनॉट्स की प्लेऑफ उम्मीद बनी रहेंगी।

**हमें सकारात्मक नतीजों के बारे में सोचना चाहिए : खालिद**

रेड माइनर्स के मुख्य कोच खालिद जमील ने कहा कि उनकी टीम को घर पर बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें फिर से वापसी करनी होगी। हम अपने घर पर आखिरी मैच खेलेंगे। हमें अच्छा प्रदर्शन करना है और सकारात्मक नतीजों के बारे में सोचना चाहिए।

जमशेदपुर एफसी बहुत मजबूत टीम : सर्जियो

जगरनॉट्स के स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा ने जमशेदपुर एफसी के सेटअप की तारीफ की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वो एक मजबूत टीम हैं। कोच ने शानदार काम किया है और वो बहुत प्रतिस्पर्धी रहे हैं।

आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 11 मुकाबले हुए हैं। दोनों ने पांच-पांच बार जीत हासिल की है। एक मुकाबला ड्रॉ रहा है।



## विभिन्न दलों के नेताओं ने दी पूर्व सांसद सुनील महतो को श्रद्धांजलि




**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहीद सुनील महतो स्मारक रक्षा समिति की ओर से जमशेदपुर के दिवंगत सांसद सुनील महतो के 18वें शहादत दिवस पर छोटा गम्हरिया स्थित उनके समाधि स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर सर्वप्रथम उनके अनुज व आजसू केंद्रीय सचिव सुसेन महतो ने समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। तत्पश्चात विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी, जिला संयोजक डॉ शुभेन्दू महतो, लालबाबू सरदार, अमृत महतो, जगदीश महतो, सन्नी सिंह, शंकर मुखी, आजसू नेता महेश्वर महतो, कांग्रेस नेता फुलकान्त झा समेत कई नेता शामिल थे।

## लावजोड़ा में 24 प्रहर अखंड राधागोबिंद नाम संकीर्तन किया जागरण, रात्रि में उमड़ी भीड़

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड के राधागोबिंद मंदिर में लावजोड़ा सोलआना कमिटी से 24 प्रहर अखंड राधागोबिंद नाम संकीर्तन महायज्ञ आयोजन किया गया। सोलआना कमिटी के सदस्य निताई गोराई ने कहा कि मंगलवार को राधागोबिंद नाम सुनने के लिए जागरण रात्रि में लावजोड़ा के आसपास के गांव के काफी संख्या में लोग पहुंचे हैं। बुधवार को सुबह में धूलट, प्रसाद वितरण होगा। उन्होंने कहा कि इसमें 6 कीर्तन मंडलियां प्रफुल्ल दास संप्रदाय (बेलडीह, बोड़ाम), राहुल गोस्वामी (गोसाईडीह, मानबाजार, पुरुलिया), भाई -भाई संप्रदाय धीरेन महन्त (छागुलिया, उल्दा, बांकुड़ा), कर्णदेव बाउरी संप्रदाय (बेलियासोल, इन्दपुर, बांकुड़ा), नेपाल दास संप्रदाय (सोनादह, बाराबाजार, पुरुलिया), सुकेन कुमार संप्रदाय (जामबाइद, आड़सा, पुरुलिया) कीर्तन प्रस्तुत कर रही हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान में कवि गोराई ,भास्कर सिंह, आदित्य गोराई, कालीपद गोराई, बादल महतो, अचिंत गोराई, प्रशांत गोराई, माधव गोराई, अभिषेक गोराई, अनिल गोराई, बारिद बरन गोराई, कृष्ण पद गोराई, रवींद्र गोराई, तपन गोराई व युधिष्ठिर गोराई तथा अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## बजट ने वकील समुदाय को निराश किया : कुलविंदर


### - कोल्ड स्टोरेज निर्माण व कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा दे सरकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार ने केंद्रीय सरकार की भांति बजट पेश कर वकील समुदाय को निराश किया है। पूरे देश के वकीलों को उम्मीद थी कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पांच हजार करोड़ रुपए बजट में प्रावधान करेगी तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को कानूनी रूप देगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और राज्य की हेमंत सरकार भी उसी रास्ते पर चली है। पिछले साल हेमंत सरकार ने वकीलों के पेंशन एवं स्कॉलरशिप की राशि स्वीकृत की थी किंतु इस बार बजट में उसका उल्लेख नहीं हुआ है। कुलविंदर सिंह के अनुसार पिछली कई सरकारों ने सिख समुदाय को यह भरोसा दिलाया था कि पंजाबी भाषा के उत्थान उन्नयन को लेकर पंजाबी अकादमी की स्थापना की जाएगी परंतु वह भी कोरी कल्पना नजर आ रही है। कुलविंदर सिंह के अनुसार मंईयां एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से राज्य की महिलाओं को फायदा होगा। लेकिन इसका व्यापक प्रभाव राज्य की आर्थिक नीति पर होगा और इससे बाजार को बूस्ट अप मिलेगा और व्यापारी वर्ग लाभान्वित होंगे। कुलविंदर सिंह के अनुसार ग्रामीण अर्थ नीति पर ध्यान देते हुए प्रखंड स्तर पर सरकार को कोल्ड स्टोरेज निर्माण के साथ साथ कृषि पर आधारित उद्योगों की स्थापना पर जोर देना चाहिए।

## आरकेएफएल प्लांट एक में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड कंपनी के प्लांट एक परिसर में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्लांट हेड एम बालामुरली कृष्णा और मेंटेनेंस विभाग के महाप्रबंधक अरविंद सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया। मौके पर कंपनी के सुरक्षा अधिकारी चितरंजन सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। प्लांट हेड ने इस वर्ष सुरक्षा सप्ताह पर सरकार द्वारा दिए गए थीम की जानकारी देते हुए लोगों को अपनी सुरक्षा के साथ-साथ स्वस्थ रहने की भी सलाह दी। बताया गया है कि सुरक्षा सप्ताह के तहत कर्मचारियों के बीच क्विज, चित्रांकन, वाद-विवाद, कहानी व कविता लेखन, भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को समापन के अवसर पर आगामी 12 मार्च को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी ने किया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# 'विकसित देश' बनना है तो...

**हम** हररोज और निरंतर सुनते रहे हैं कि 2047 में भारत एक 'विकसित राष्ट्र' होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार और भाजपा-एनडीए का यह संकल्प है और देश की जनता का भी आह्वान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत को दुनिया के लिए 'कारखाना' करार दिया है, जबकि यह अद्र्धसत्य लगता है, क्योंकि भारत मैन्यूफैक्चरिंग (विनिर्माण, उत्पादन आदि) में पिछड़ता जा रहा है। लक्ष्य तय किया गया था कि इस क्षेत्र का जीडीपी में योगदान कमोबेश 25 फीसदी होना चाहिए, लेकिन यह हिस्सेदारी 15 फीसदी से भी कम हो गई है। यह ऐसा क्षेत्र है, जिसमें रोजगार के व्यापक अवसर बनते हैं। दरअसल भारत 'मैन्यूफैक्चरिंग हब' के बजाय 'ट्रेडिंग देश' बनता जा रहा है। चीन से आयात बढना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इधर विश्व बैंक के साथ-साथ कुछ अन्य एजेंसियों और संस्थाओं की भी रपटें सामने आई हैं। ऐसी रपटें भारत की अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थितियों, श्रम-शक्ति और भागीदारी, हमारी औसत आय आदि के विभिन्न पहलुओं के अध्ययन और सर्वेक्षण पर आधारित होती हैं, लिहाजा उन्हें सिरे से नकारा नहीं जा सकता। यदि भारत सरकार पारदर्शी, स्पष्ट और निष्पक्ष डाटा देश के सामने पेश करती रहती, तो इन रपटों की कोई जरूरत ही नहीं थी और देश के औसत नागरिक के सामने तमाम स्थितियां साफ होतीं। जो भी डाटा सरकारी विभाग जारी करते हैं, वे या तो अद्र्धसत्य होते हैं अथवा यथार्थ को ढक कर चलते हैं। बहरहाल अब आकलन यह किया जा रहा है कि यदि भारत को 2047 में 'विकसित राष्ट्र' बनना है, तो उसकी सालाना आर्थिक विकास दर 7.8 फीसदी लगातार होनी चाहिए, लेकिन अभी 2025-26 के बजट में विकास दर 6.5 फीसदी का अनुमान लगाया गया है। लगभग यही अनुमान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का है। वास्तव में यह विकास दर 5 फीसदी के करीब होगी, क्योंकि कई समीकरणों, तथ्यों, उत्पादन, मुद्रास्फीति की दर आदि का सही मूल्यांकन बाद में ही किया जा सकता है। अभी भारत में प्रति व्यक्ति आय करीब 2.20 लाख रुपए सालाना बताई जाती है, जबकि विकसित देश बनने के लिए यह कमोबेश 15.48 लाख रुपए होनी चाहिए। भारत में करीब 100 करोड़ लोगों के पास इतना अतिरिक्त पैसा नहीं है कि वे गैर-जरूरी चीजों पर भी खर्च कर सकें। मात्र 10 फीसदी भारतीयों के पास ही निरंतर खर्च करने की क्षमता है। क्या भारत की अर्थव्यवस्था और जीडीपी 10 फीसदी लोगों के बूते ही है? यदि भारत को वाकई 'विकसित देश' बनना है, तो श्रम की भागीदारी 65 फीसदी या उससे अधिक होनी चाहिए, जबकि यह भागीदारी फिलहाल 56.4 फीसदी है। आम आदमी की औसत आय करीब 28 फीसदी बढ़ी है, जबकि उद्योगपतियों और अमीरों की आय में 350 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह आर्थिक असमानता भारत का यथार्थ है, लिहाजा विकसित अर्थव्यवस्था को लेकर इतराना नहीं चाहिए। अभी तो भारत 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होने से काफी पीछे है, लिहाजा 5 ट्रिलियन डॉलर तो बहुत दूर की कौड़ी है। वैसे दावे तो 30 ट्रिलियन डॉलर के भी किए जा रहे हैं। जिस देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को, हर माह, मुफ्त अनाज मुहैया कराया जा रहा हो और यह योजना 2029 तक जारी रहनी हो, तो वह देश 2047 तक विकसित देशों की जमात में शामिल कैसे हो सकता है? दरअसल मुफ्तखोरी की राजनीति देश के एक वर्ग को आलसी, निकम्मा बना रही है और अर्थव्यवस्था को खोखला कर रही है, लिहाजा भारत में कौशल की कमी है, उत्पादन की कमी है, आय-व्यय के समीकरण असंतुलित हैं। अर्थव्यवस्था कैसे विस्तार पाएगी? 10 फीसदी लोगों के सहारे ही देश कब तक चलेगा? यह भारत का भीतरी यथार्थ है। चूंकि आय में अधिक बढ़ोतरी नहीं है अथवा आय के स्रोत सूखते जा रहे हैं, तो असर औसत बचत पर भी पड़ेगा। भारत में बचत में करीब 44 फीसदी की कमी आई है। जो बचत 2019-20 में 11 लाख करोड़ रुपए से अधिक थी, अब 2024-25 में वह घट कर 6.52 लाख करोड़ रुपए हो गई है। देश में बेरोजगारी और महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार और भाजपा-एनडीए का यह संकल्प है और देश की जनता का भी आह्वान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत को दुनिया के लिए 'कारखाना' करार दिया है, जबकि यह अद्र्धसत्य लगता है, क्योंकि भारत मैन्यूफैक्चरिंग (विनिर्माण, उत्पादन आदि) में पिछड़ता जा रहा है। लक्ष्य तय किया गया था कि इस क्षेत्र का जीडीपी में योगदान कमोबेश 25 फीसदी होना चाहिए, लेकिन यह हिस्सेदारी 15 फीसदी से भी कम हो गई है। यह ऐसा क्षेत्र है, जिसमें रोजगार के व्यापक अवसर बनते हैं। दरअसल भारत 'मैन्यूफैक्चरिंग हब' के बजाय 'ट्रेडिंग देश' बनता जा रहा है। चीन से आयात बढ़ना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इधर विश्व बैंक के साथ-साथ कुछ अन्य एजेंसियों और संस्थाओं की भी रपटें सामने आई हैं। ऐसी रपटें भारत की अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थितियों, श्रम-शक्ति और भागीदारी, हमारी औसत आय आदि के विभिन्न पहलुओं के अध्ययन और सर्वेक्षण पर आधारित होती हैं, लिहाजा उन्हें सिरे से नकारा नहीं जा सकता।

### आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार छोटे-छोटे प्रयास किए जाते रहे

# आयकर सुधार की ऐतिहासिक पहल

डा. जयंतीलाल भंडारी

वित्तमंत्री सीतारमण ने पिछले वर्ष जुलाई 2024 के बजट भाषण में कहा था कि मौजूदा आयकर कानून की कई धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। साथ ही इसके तहत कानूनी जटिलताएं कर अनुपालन में मुश्किलें और मुकदमेबाजी में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा।

**हाल** ही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में पेश किया गया नया आयकर विधेयक भारत की आयकर व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने के लिए एक बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है। वित्तमंत्री सीतारमण ने पिछले वर्ष जुलाई 2024 के बजट भाषण में कहा था कि मौजूदा आयकर कानून की कई धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। साथ ही इसके तहत कानूनी जटिलताएं कर अनुपालन में मुश्किलें और मुकदमेबाजी में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा। यदि हम देश में आयकर का इतिहास देखें तो पाते हैं कि वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरुआत की गई थी, लेकिन देश में एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी। वर्ष 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार छोटे-छोटे प्रयास किए जाते रहे। खासतौर से 1981 में कम्प्यूटरीकरण की शुरुआत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2009 में ई-फाईल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इसके अलावा नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है, पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन




विभिन्न प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान बहुत कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है। सरकार की मुठ्ठियों में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है, बल्कि यह सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। साथ ही यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में मदद करता है। खासतौर से इस समय जब वर्ष 2047 में देश को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी विभिन्न मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नए आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नए आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढने-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है। इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून के 5.20 लाख शब्दों से घटाकर नए विधेयक में केवल 2.60 लाख रखी गई है। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं, मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नए विधेयक ने इन्हें घटाकर 536 कर दिया है। नए आयकर विधेयक में 'चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नए विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है। अब 'असेसमेंट ईयर' की जगह 'टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरेंसी और अन्य डिजिटल एसेट्स को कैपिटल एसेट माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नए टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। निश्चित रूप से नए आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। नए आयकर विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना सुनिश्चित किया गया है। जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। बकाया टैक्स का भुगतान न करने पर अधिक ब्याज और पेनल्टी है। आय छिपाने पर अकाउंट सीज और संपत्ति जब्त करने के अधिकार होंगे। इन सबसे आयकर संग्रहण बढ़ेगा और ईमानदार करदाताओं को लाभ होगा। निश्चित रूप से एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए आयकर कानून की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर होगी कि इस कानून को कितने कारगर तरीके से लागू किया जाता है। इस कानून की वास्तविक परीक्षा यह भी होगी कि यह कर संबंधी मुकदमों में कितनी कमी लाएगा। निःसंदेह व्यक्तिगत आयकर के मामले में सरकार ने नई कर प्रणाली लागू करके बेहतर किया है, लेकिन रियायतों और कर दरों का ढांचा अब भी जटिल बना हुआ है। इसे सरल बनाने के लिए सरकार को प्राथमिकता से ध्यान देना होगा। साथ ही कर दरें घटाने पर भी ध्यान देना होगा।

दृष्टि कोण

# आत्मनिर्भरता में आर्थिक चुनौतियों का समाधान

**अमेरिका** ने यह घोषणा की है कि वह अब अपने मूल्यवान आर्थिक संसाधनों को तीसरी दुनिया के देशों में क्यों लौटाए। वर्ष 1961 से अमेरिका एक आर्थिक सहायता कार्यक्रम चला रहा था, जिसके तहत पिछड़े देशों में मानवीय और आर्थिक संसाधनों का विकास किया जाता था, और लोकतंत्र की स्थापना की दिशा में काम किया जाता था। इस कार्यक्रम के तहत अमेरिका सालाना करीब 496 करोड़ डॉलर खर्च करता था। भारत में लोकतंत्र को प्रोत्साहित करने और वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अमेरिका प्रतिवर्ष एकमुश्त रकम खर्च करता था। हालांकि, डोनाल्ड ट्रम्प ने सत्ता संभालते ही इस सहायता को बंद कर दिया, यह मानते हुए कि हर देश को अपनी लोकतांत्रिक व्यवस्था को खुद मजबूत करना चाहिए। इतना ही नहीं, जब मोदी मैत्री वार्ता के लिए अमेरिका गए, तो वार्ता शुरू होने से पहले अमेरिका ने अपनी टैरिफ नीति घोषित कर दी, जिसका मूलमंत्र था 'जैसे को तैसा'। हाल ही में डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के बारे में यह बयान दिया कि भारत के पास पर्याप्त धन है और वह टैक्स उगाहने में माहिर है, इसलिए अमेरिका भी अपने आयात में ऊंचे टैक्स लगाकर इसका प्रतिवाद करेगा। अमेरिका का आरोप है कि भारत ने उसके सामान पर उच्च टैक्स लगा रखा था, जबकि अमेरिका भारतीय आयात पर कम टैक्स लगाता था। फलतः ट्रम्प ने भारत पर भी टैरिफ बढ़ा दिए। अर्थशास्त्री कहते हैं कि अगर अमेरिकी नीतियों से महंगाई बढ़ती है तो इससे भारत में मुद्रास्फीति पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा, यदि भारतीय निर्यात पर 20 प्रतिशत का टैरिफ लागू कर दिया जाता है, तो भारत की जीडीपी में गिरावट हो सकती है। यह स्थिति खासतौर पर चिंताजनक है, क्योंकि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखता है। इसके लिए आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपनी जीडीपी में 8 प्रतिशत की विकास दर बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। पिछले वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में भारत की विकास दर 7 प्रतिशत से घटकर पौने 6 प्रतिशत पर आ गई थी। हालांकि, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) का अनुमान है कि भारत 7 प्रतिशत विकास दर हासिल करने में सक्षम रहेगा। लेकिन अब अमेरिकी हित संरक्षण की नीति सामने आ गई है, जिसमें ट्रम्प भारत के साथ 'जैसे को तैसा' नीति लागू करने की बात कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप, भारत के विभिन्न उद्योगों को नुकसान हो सकता है। यदि यह टैरिफ शुल्क लागू हो जाता है, तो भारतीय निर्यात क्षेत्र को बड़ा धक्का लगेगा। निर्यातकों को टैरिफ चुकाने के बाद उनकी लागत पूरी नहीं हो पाएगी, जिससे वे निर्यात बढ़ाने के प्रति कम उत्साहित हो सकते हैं। इस वर्ष के नए आंकड़े दर्शाते हैं कि हमारा निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में कम हो गया है, जबकि आयात की मांग में कोई कमी नहीं आई। अब स्थिति यह बन गई है कि यदि अमेरिका से आने वाली वस्तुएं महंगी हो जाती हैं और हमारी मांग लगातार बनी रहती है, तो रुपये का मूल्य डॉलर के मुकाबले गिरता जाएगा। जिसका मतलब है कि आयातित वस्तुएं महंगी हो जाएंगी। यदि अमेरिका अपनी दरें बढ़ाकर इसे भारतीय टैरिफ के बराबर कर देता है, तो इससे भारत में आयातित वस्तुएं महंगी हो जाएंगी, जिससे मुद्रास्फीति को और बढ़ावा मिलेगा। सरकार को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। हालांकि, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और ट्रंप सरकार की मनमानी से शेयर बाजार को भारी नुकसान हुआ है। यह विदेशी निवेश की दृष्टि से एक निराशाजनक स्थिति है। इस समय चुनौती यह है कि जो वस्तुएं हम अमेरिका से मंगवाते हैं, उनमें जीवनरक्षक दवाइयां, निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले उपकरण और विद्युत उपकरण आदि शामिल हैं, जो भारतीय निवेशकों के लिए भी कई मायनों में महत्वपूर्ण हैं। यदि ये तमाम वस्तुएं महंगी हो जाती हैं, तो भारतीय निवेश पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, और निर्यात वस्तुओं का उत्पादन घटने की संभावना बढ़ जाएगी। इससे साफ है कि भारत के विकास दर को बनाए रखने का लक्ष्य मुश्किल हो जाएगा। निर्विवाद रूप से अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप के सत्ता में आने के बाद उपजे हालात में चुनौती के मुकाबले के लिये इसका एकमात्र समाधान केवल आत्मनिर्भरता, लघु और कुटीर उद्योगों के विकास और सहकारिता आंदोलन को गति देने में है। इससे देश की विपुल श्रम शक्ति का उपयोग हो पाएगा। इससे जहां हमारी आर्थिक स्थिति को संबल मिलेगा, वहीं युवाओं का विदेश पलायन भी रुकेगा।

कुछ अलग

# महाकुंभ में आशावाद...

**देश** में सदियों से निराशा और आशा के बीच कई लोग चले। आश्चर्य यह कि निराशा में खुद को समेटते-समेटते भी कई सफल हो गए। आशा में सफलता तब तक रूठी रहेगी, जब तक पगार हमारे साथ रहेगी। ऐसी कोई पगार नहीं है जो किसी को निराश न करे। आशा तो दिहाड़ी में है। सुबह को शाम में बदलने के लिए केवल सूरज ही दिहाड़ी नहीं लगाता, बल्कि हर दिहाड़ी में दिन है और पगार में रात है। वैसे निराशा और आशा के बीच देश पहले ही संपत्तियों का बंटवारा कर चुका है। जिन्हें अधिक मिलीं उन्हें निराशा है, लेकिन जहां लैंडलैस को सरकार देने का वादा करती है, वहां शाश्वत आशा है। शाश्वत आशा न भगवान दे सकता, न ही भाग्य और न ही भारतीय लोकतंत्र, लेकिन चुनाव चाहे पंचायत का हो, विधानसभा का हो या संसद के लिए हो, आशा बार-बार जन्म लेती है। अब तो हालत यह कि आशा चलती सरकारों से नहीं, बल्कि दलबदलुओं से मिलती है। हमें आशा हर दलाल से है, हर रिश्वत में यह आशा है कि अब सौ फीसदी काम होगा। आप बिना रिश्वत के घूम आइए सरकारी व्यवस्था में, मिलेगी तो निराशा ही। निजी बनाम सरकारी क्षेत्र में सफलता का राज निराशा है। देश और देश की व्यवस्था निजी क्षेत्र को निराशा में सफल होने की अभिलाषा सिखाती है। इसीलिए वहां पूछा जाता है कि किसमें ज्यादा निराशा है, स्वामी या प्राइवेट कर्मचारी में। निराशा अब खानदानी नुस्खा जैसी है। अकसर बड़े-बड़े व्यापारिक घराने हमेशा निराशा के मूड में रहते हैं। अत्यधिक धन दौलत पाकर भी जो निराश रहता है, वही अमीर बने रह सकता है। देश का आशावाद तो कर्मचारी अपने सिर पर उठाते हैं। जो महंगाई में, बैंक लोन की किस्तों में और पगार के साथ जुड़े परिवार के रिश्तों में आशा देख सकता है, वहीं रीढ़ की हड्डी वाला कर्मचारी है। हमारे देश की आशा अब घर के बजाय विदेश में ज्यादा दिखती है। पूरे विश्व में हमारी आशा का अंतरराष्ट्रीयकरण समझना हो, तो अमरीका में ट्रंप की जीत में मिल जाएगा। हमें उम्मीद है कि ट्रंप हमारे बारे में सोचता रहेगा। इसी तरह हमारी आशा चीन को भी सोचने पर मजबूर कर देगी एक दिन। आशा और निराशा के बीच प्रतिस्पर्धा को समझना हो तो भैंस से पूछो। वह कभी भी आशा के साथ छप्पड़ में नहीं जाती, बल्कि निराशा उसे वहां बार-बार ले जाती है। सदियों से उसे यह समझ नहीं आ रहा कि छप्पड़ में घुसना आसान है या बाहर निकलना। खैर समझ हमारी अक्ल को भी नहीं आ रहा कि वह बड़ी है या भैंस। लोगबाग अक्ल और भैंस के मुकाबले में कभी अडानी की ओर देखते हैं, कभी ट्रंप की ओर, तो कभी अमरीका की जनता की ओर देख कर खुश होते हैं कि वहां भी चुनाव में आशा और निराशा के बीच कोई फैसला नहीं हो रहा। दरअसल आशा और निराशा दोनों सगी बहनें हैं। निराशा बड़ी और आशा छोटी। मुश्किल यह कि इनकी एक जैसी सूरत के कारण हम निराशा में अक्सर आशा को पुकारते हैं और आशा में निराशा को निहारते हैं। बढ़ती आबादी देख देश निराशा के साथ होता है, लेकिन झोंपड़ी में भी बच्चे की किलकारी पर कोई गरीब आशावादी होता है। हम डालडा घी के किसी पुराने डिब्बे में आशा को संजो सकते हैं या धारावी की झुग्गी बस्ती में आशा के साथ जी सकते हैं। हमारा आशावाद पूरे विश्व में कौतुक पैदा करता है। शेष विश्व में कोई ऐसी आशा नहीं कि महाकुंभ जैसा उत्साह इकट्ठा करा दे। हम पाप धोने के लिए भी आशा कर सकते हैं। एक सदी के बाद एक साथ नहाने की आशा कर सकते हैं।

देश दुनीया से

# मोदी और केरल में ईश्वर का हाथ

**हो** सकता है थरूर की टिप्पणियों पर उठा नवीनतम विवाद भी सप्ताहांत तक ठंडा पड़ जाए, खासकर जब केरल कांग्रेस के नेताओं और पार्टी आलाकमान के बीच 2026 में केरल के आगामी चुनाव को लेकर होने वाली तैयारी बैठक होगी, और सांसद की आहत हुई भावना को शांत करने का प्रयास किया जाए। पार्टी के सभी गुटों के बीच एकता दिखाने की बात पहले ही कही जा रही है। वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी, वहां से पूर्व सांसद और उनके भाई राहुल गांधी और कांग्रेस संगठन के प्रभारी महासचिव और अलपुझा से सांसद केसी वेणुगोपाल—इस पुरानी पार्टी में सबसे शक्तिशाली तिकड़ी- निश्चित रूप से अपने चुनावी अभियान की अगुवाई इस पेशकारी से करेंगे 'भगवान के अपने देश में सब ठीक है और कांग्रेस अगले साल सत्ता में वापस आएगी।' सिवाय इसके कि दक्षिणी राज्य में मंथन चल रहा है और अरब सागर की फ़िज़ां इन दिनों कुछ बदली-सी है। पिछले हफ्ते कोचीन में हुए निवेशक शिखर सम्मेलन में भाजपा नेता पीयूष गोयल और केरल के मुख्यमंत्री और सीपीआई (एम) नेता पिनाराई विजयन को दिल खोलकर हंसते हुए देखा गया। कुछ ही दिनों बाद, सीपीएम ने केरल की अपनी सभी पार्टी इकाइयों को एक नोट भेजा, जिसमें बताया गया कि पार्टी मोदी सरकार को 'फासीवादी या नव-फासीवादी' क्यों नहीं बता रही। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह टिप्पणी 6 मार्च को कोल्लम में होने जा रहे सीपीएम के 24वीं पार्टी सम्मेलन में बहस के केंद्र में होगी। कुछ लोगों का कहना है कि यह पार्टी में शक्तिशाली प्रकाश करात गुट द्वारा अपनाई कांग्रेस विरोधी नीति की वापसी है- पिछले सितंबर में सीताराम येचुरी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के बाद, जिन्होंने हमेशा विपक्षी एकता के लिए जोर दिया और मानते थे कि कांग्रेस पार्टी इसका धड़कता दिल है। इसलिए इन दिनों केरल में थरूर की महत्वाकांक्षाओं से बड़ा सवाल यह है कि क्या वामपंथी भाजपा के प्रति नरम रुख अपना रहे हैं? और क्या वे कोल्लम पार्टी सम्मेलन में भाजपा को नहीं, बल्कि कांग्रेस को वामपंथ का मुख्य राजनीतिक दुश्मन बताने की ओर लौटेंगे— यह सब इसलिए क्योंकि राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ इसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी है? तो कल्पना कीजिए कि इस सोच की कितनी संभावना है, खासकर जब भाजपा दक्षिण भारत में अपनी जगह बनाने के वास्ते कड़े प्रयास कर रही है। क्या विजयन और नरेन्द्र मोदी केरल में कांग्रेस को खत्म करने के वास्ते सच में एकजुट हो सकते हैं, भले ही यह पूरी तरह से पर्दे के पीछे हो? प्रिय पाठक, इस विचार को जरा यहीं थामकर रखें, क्योंकि अभी और भी बहुत कुछ बाकी है। हाल ही में इंडिया टुडे मूड ऑफ द नेशन सर्वे ने हैरान किया कि केरल में भाजपा का वोट शेयर हर दिन बढ़ रहा है- लोकसभा चुनाव में उसे 17 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन यदि आज चुनाव हों तो यह 24 प्रतिशत हो सकता है। और वोट शेयर में 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ वामपंथियों को नुकसान होगा। आप कल्पना कर सकते हैं कि भाजपा इतनी खुश क्यों है। राजधानी दिल्ली समेत, उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में जीत हासिल करने के बाद- हिमाचल प्रदेश की चार सीटें अपने पास होने और पंजाब की 13 सीटों पर अगली नज़र के साथ- उसे पता है कि अब दक्षिणी मोर्चे में भी सेंध लगाना जरूरी है। कुछ समय से तमिलनाडु पर ध्यान केंद्रित होने की वजह से जाहिर है केरल में विस्तार पर जोर कम रहा। केरल के सर्वप्रिय गुरुवायूर मंदिर गृहक्षेत्र त्रिशूर से पिछले साल पूर्व अभिनेता सुरेश गोपी ने लोकसभा सीट जीतकर भाजपा के खिलाफ रही केरल की वर्जना को तोड़ा था। पार्टी का मानना है कि नायर समुदाय, जो कभी वामपंथियों की रीढ़ हुआ करता था, बहुत जल्द उसकी तरफ झुक जाएगा। भाजपा अपनी इन उम्मीदों में गलत नहीं है। यहां तक कि पिछले कुछ दशकों से केरल के मध्यवर्ग को कट्टर वामपंथी होने के बावजूद पास के मंदिर में जाकर दीया जलाने में कुछ भी गलत नहीं दिखता। बड़ी समस्या, ज़ाहिर है, यह है कि भाजपा के पास अभी भी राज्य में नेतृत्व करने के लिए कोई उचित चेहरा नहीं है- पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर काफी पढ़े-लिखे हैं और थरूर से तिरुवनंतपुरम छीन भी सकते थे, सिवाय इसके कि उन्होंने ऐसा किया नहीं। इसलिए जब चार बार के कांग्रेस सांसद ने पिछले हफ़्ते कहा 'अगर पार्टी मेरी ताकत का इस्तेमाल करना चाहती है, तो मैं बना रहूंगा, अगर नहीं, तब मेरे पास दूसरे विकल्प हैं', तो पूरे देश में चटपटी राजनीतिक चर्चा छिड़ गई। तो क्या थरूर कांग्रेस छोड़कर भाजपा या वामपंथ में शामिल होंगे? क्या वे कांग्रेस के भीतर ज़्यादा जगह बनाने को कसमसा रहे हैं, उदाहरण के लिए, मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनने की खातिर दबाव डालना? ऐसे में केरल की तिकड़ी—प्रियंका गांधी, राहुल गांधी और वेणुगोपाल- क्या थरूर को मनाने में भूमिका निभाएगी? क्या संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजनयिक भारतीयता के आकर्षण को त्यागकर न्यूयॉर्क वापस लौट जाएंगे, और अपनी 30वीं किताब लिखेंगे? तथ्य यह है कि भले ही केरल में थरूर की ज़मीनी पकड़ रमेश चेन्निथला, वीडी सतीसन और केसी वेणुगोपाल जैसे नेताओं जितनी मज़बूत न हो, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर वे ही हैं, न कि ये तीनों- वेणुगोपाल भी नहीं, हालांकि, उन्हें गांधी परिवार का मज़बूत समर्थन हासिल है। बेशक, यह कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी, लेकिन अगर रामचंद्र गुहा जैसे बुद्धिजीवी थरूर का समर्थन कर रहे हैं, तो केरल में भी ज़मीन थोड़ी बदल सकती है। बिना शक यह दलील सबको पता है। यह उस व्यक्ति का साथ देने जैसा है जो ठंडे मुल्क से केवल 2009 में आया और फिर भी चार बार लोकसभा सीट जीतने में सक्षम रहा —यह उपलब्धि कोई छोटी नहीं है। इसके अलावा थरूर वेणुगोपाल नहीं हैं, जिनके सिर पर ईश्वर का वरदहस्त है। निश्चित रूप से, कांग्रेस को प्रथम परिवार की सख्त पकड़ से ढीला करना होगा, जो पार्टी की रोजाना की राजनीति की हर करवट और हरकत का दम घोंट रही है। शशि थरूर की महत्वाकांक्षा—भले ही उनको प्रभावशाली ईसाई एवं हिंदू समुदायों का समर्थन हासिल न हो —इस ओर एक स्वस्थ कदम है। इसी बीच, भाजपा दिनो-दिन अपना भारी-भरकम विजयरथ विन्ध्य पर्वतमाला के पार ले जाने में जोर लगा रही है।



आप का नजरीया

# पाक पीएम का हास्यास्पद दावा

**भारत** पाकिस्तान के बीच क्या तुलना की जा सकती है? भारत अतुलनीय, ताकतवर, विकसित होता राष्ट्र है, जबकि पाकिस्तान को दुनिया के कई देश 'नाकाम देश' करार दे चुके हैं। फिर भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने छाती ठोंकते, कुछ उछलते, दावा किया है, मुल्क को भरोसा देने की कोशिश की है कि अगर रब ने चाहा, तो एक दिन पाकिस्तान हिंदुस्तान से आगे होगा! हम खूब मेहनत करेंगे, तो इंशाल्लाह हिंदुस्तान से आगे जरूर जाएंगे। पाकिस्तान के वजीर-ए-आजम की यह गालबजाई हास्यास्पद है। भारत और पाकिस्तान एक साथ स्वतंत्र और संप्रभु देश बने थे, लेकिन आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और पाकिस्तान 45वें स्थान पर है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) फिलहाल 336 लाख करोड़ रुपए का है, जबकि पाकिस्तान की कुल अर्थव्यवस्था मात्र 32 लाख करोड़ रुपए की है। भारत की अर्थव्यवस्था 10 गुना अधिक है। पाकिस्तान भीख और दान पर जिंदा है। हाल ही में उसने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 60,000 करोड़ रुपए का उधार मांगा है। कर्ज भारत सरकार पर भी है, लेकिन हमारा प्रधानमंत्री देश-विदेश कर्ज की गुहार लगाता नहीं घूमता। पाकिस्तान कभी चीन, कभी सऊदी अरब या संयुक्त अरब अमीरात, तो कभी कतर आदि देशों से भीख मांगता रहा है। बदले में उसे मुल्क की जमीन-जायदाद पैसा देने वाले देशों को सौंपनी पड़ती है। वहां वे देश अपनी परियोजनाओं को विस्तार देते हैं। भारत और पाकिस्तान की तुलना किस आधार पर की जा सकती है? भारत की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी से भी ज्यादा रही है। बजट में 2025-26 की विकास दर भी 6 फीसदी से अधिक आंकी गई है, जबकि पाकिस्तान की विकास दर मात्र 2.38 फीसदी है। इसमें भी कितनी हकीकत है और कितना फसाना है? भारत सरकार अब भी 81 करोड़ से अधिक नागरिकों में प्रति माह मुफ्त अनाज बांट रही है, जबकि पाकिस्तान में आटे की एक बोरी के लिए भी मारा-मारी मची है। मुद्रास्फीति की दर असहनीय है। लोग अनाज और अन्य रोजमर्रा की चीजों के लिए लंबी-लंबी कतारों में लगे रहते हैं, फिर भी असंख्य हाथ खाली रहते हैं। आजीविका मुश्किल है, तो आबोदाना भी नसीब से ही मिल रहा है। यह पाकिस्तान हिंदुस्तान से आगे बढ़ेगा? पाकिस्तान ने आईएमएफ से जितना उधार मांगा है, उतनी तो भारत सरकार खाद पर सबसिडी दे देती है। लोकसभा में पेश किए गए बजट में संघशासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर के लिए ही 41,000.07 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कितना भी उछलते रहें या छाती ठोंक लें, लेकिन हजारों साल तक पाकिस्तान भारत को पीछे नहीं कर सकता। उन्होंने यह दावा तब किया है, जब अमरीकी संसद में एक प्रस्ताव रखा गया है कि पाकिस्तान में जम्हूरियत (लोकतंत्र) ही नहीं है। वहां के सेना प्रमुख और आतंकियों में नापाक गठजोड़ है। हुकूमत असहाय है। अमरीकी संसद ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख पर 'पाबंदी' लगाने तक की बात कही है। भारत के राजनयिक क्षितिज त्यागी ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के मंच पर पाकिस्तान को न केवल 'नाकाम देश' करार दिया, बल्कि यह भी कहा कि ऐसे देश पर चर्चा करने में परिषद कीमती वक्त बर्बाद कर रही है।

# बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने सभागार कक्ष में योजनाओं की प्रगति का किया समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में कार्य प्रगति का समीक्षात्मक बैठक किया। जहां प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत सर्वे का कार्य, सेल्फ सर्वे के लिए जागरूकता अभियान चलाने, फरवरी 2025 में योजनाओं की प्रगति एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य एवं प्राप्ति से संबंधित विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में प्रखंड के सभी मुखिया,पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता,सीएफपी टीम एवं जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी उपस्थित मुखिया, पदाधिकारी एवं कर्मियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात पंचायतवार समीक्षा प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में सर्वे के कार्य में तेजी लाने हेतु स्वयं सहायता समूह की दिदीयो, जेएसएलपीएस के सक्रिय दिदीयो को प्रशिक्षण 5 मार्च को सभी पंचायत सचिवालय भवन में दिया जाएगा ।वहीं बीपीएम जेएसएलपीएस को सभी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। सभी पंचायत सचिव एवं स्वयंसेवक को सर्वे का कार्य 20 मार्च तक हर हाल में पूर्ण करने, पीएम जनमन योजना के अंतर्गत छूटे हुए लाभुको का रजिस्ट्रेशन अविलंब पूर्ण करने, बाबा साहब अंबेडकर आवास योजना के अपूर्ण आवासो को पूर्ण करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक जो राशि प्राप्त कर चुके हैं परंतु कार्य पूर्ण नहीं कर रहे है को नोटिस निर्गत करने एवं एसबीएम मिशन के तहत शौचालय से वंचित परिवारों की सूची जमा करने का निर्देश दिया गया।मनरेगा योजना अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना में विशेष ध्यान देने, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, बिरसा कुप सिंचाई समृद्धि योजना, पुरानी लंबित योजनाओं को बंद करने, मानव दिवस सृजन ,पोटो हो खेल विकास योजना, आधार आधारित मजदूरी भुगतान (एबीपीएस) की समीक्षा की गई है।सभी मनरेगा कर्मियों को मनरेगा के सभी मॉड्यूल में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया है। पंचायत सचिव एवं मुखिया को पंचायत सचिवालय को क्रियाशील करने को कहा गया ताकि पंचायत सचिवालय के माध्यम से सरकार की योजनाओं को ग्राम स्तर पर क्रियान्वित किया ज सके। 15वें वित्त योजना अंतर्गत पंचायतवार समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुछ पंचायत के द्वारा अपेक्षा के अनुरूप राशि का व्यय नहीं किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा 15वें वित्त आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप राशि व्यय करने का निर्देशित किया गया है।

# जीपीडीपी के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित पंचायत भवन में ग्राम विकास योजना के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया निर्मला देवी और संचालन सुरेश प्रसाद राणा ने किया। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को मुखिया निर्मला देवी ने ग्राम सभा में महत्वपूर्ण योजनाओं का चयन की जानकारी दिया। जिसमें पीसीसी, कुप, डोभा, नाली, चबूतरा, एवं कई योजनाओं का चयन किया गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड में किया एक दिवसीय धरना



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चतरा जिला में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड परिसर मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम मंगलवार को किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने किया।संचालन महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा ने किया धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन शाह जी एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्री शिवकुमार चौबे जी जिला कार्य समिति सदस्य सतेन्द्र कुमार दांगी जी उपस्थित थे।

## सीओ ने राजस्व शिविर का किया आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।आयोजन अंचलाधिकारी अनंत संयनम विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें दाखिल खारिज, ऑनलाइन जमाबंदी सुधार, लगान रसीद निर्गत, कृषि कार्य हेतु जमाबंदी प्रमाण पत्र जाति आवासीय आय प्रमाण पत्र सहित कार्य शिविर में किया जा रहा है। इस मौके पर सि आय प्रमोद सिंह कर्मचारी पप्पू कुमार एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में भ्रष्टाचार के खिलाफ किया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**पत्थलगड़ा :** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय पत्थलगड़ा में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बैनर तले पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा चतरा जिला व प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एकदिवसीय धरना दिया। जिसका अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश दांगी व संचालन तिरलोकी राणा ने किया। प्रखंड अध्यक्ष सतीश दांगी ने बताया की प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। साथ ही सांसद कालीचरण सिंह के द्वारा जब भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाया गया तो प्रशासनिक के द्वारा कालीचरण को माफी मांगा जा रहा है जब तक चतरा जिला व प्रखंड में भ्रष्टाचार खत्म नहीं होगा तब तक हम लोग आंदोलन करते रहेंगे। माफी प्रशासनिक लोग मांगे। सभी पदाधिकारी बिना रुपए को काम नहीं करते हैं। जिसमें भ्रष्टाचार को अंकुश लगाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर भाजपा ने खोला मोर्चा। जिसमें प्रखंड के विभिन्न भाजपा पदाधिकारी व सदस्यों ने बीडीओ एवम सीओ पर साधा निशान, जिसमें मनरेगा में भ्रष्टाचार, प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास में भ्रष्टाचार, दाखिल खारिज सहित अंचल के सभी कार्यों में भ्रष्टाचार, मईया सम्मान योजना के नाम पर अवैध वसूली का कारोबार, प्रशासन और अधिकारियों की मिली भगत से बालू की अवैध कालाबाजारी, सरकार द्वारा घोषित धान का समर्थन मूल्य 3200 प्रति क्विंटल तय की गई थी जो अब तक 2400 प्रति क्विंटल की दर से किसानों को देना तय हुआ, परंतु अभी तक किसानों को धान की राशि भुगतान का समय नहीं हो पाया। साथ ही प्रखंड में बीडीओ एवम सीओ के मिली भगत से विभिन्न कालाबाजारी को जब तक नहीं बंद कराया जाता है तब तक भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आंदोलन जारी रहेगा।

# ग्रामीणों ने उपायुक्त को पत्र सौंपकर जीएम के विरुद्ध फर्जीवाड़ा, भयादोहन और अवैध धनशोधन के लगाये गंभीर आरोप, सीबीआई से जांच किया मांग

## जनसुनवाई कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश, जिला प्रशासन से रोक लगाने का दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** आम्रपाली कोल माइंस विस्तार को लेकर 7 मार्च को उड़सू में प्रस्तावित जनसुनवाई के विरोध में ग्रामीणों ने उपायुक्त समेत कई वरीय अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पत्र में सीसीएल प्रबंधन के कुनीतियों का जिक्र करते हुए जीएम अमरेश कुमार सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाये गये हैं। बताया गया कि बाहरियों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध जमाबंदी एवं जीएम के संदेहास्पद भूमिका से लोगों में भारी आक्रोश है। दिए पत्र में लिखा गया हैं कि आम्रपाली परियोजना में बतौर पीओ के पद पर रहते जीएम श्री सिंह द्वारा 8 लाख टन कोयला



जिसका बाजार मूल्य लगभग 83 करोड़ रुपए के हेराफेरी मामले में केंद्रीय एजेंसियों की जांच में सामने आ चुके जो फिलहाल विचाराधीन है। वहीं पिछले साल हीं रेलवे लाइन निर्माण हेतु अनापत्ति को लेकर फर्जीवाड़ा मामले में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका होने के बावजूद भी उनपर ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में सीसीएल प्रबंधन व प्रशासन के प्रति घोर नाराज़गी है। इसके साथ हीं जीएम के विरुद्ध बड़े पैमाने पर अवैध वसूली कर धनोपार्जन करने की संभावना व्यक्त करते हुए जीएम पर सीबीआई जांच की मांग की गई है। आपको बता दे कि 2 मार्च को जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की हुई बैठक में मौजूद लोगों ने एकमत से लोक जनसुनवाई का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। आपको बता दें पूर्व में सीसीएल के आम्रपाली परियोजना में अवैध कई चर्चित अवैध गतिविधियां जैसे टेरर फंडिंग, अवैध वसूली और फर्जीवाड़े के मामले पूर्व में सामने आ चुके हैं। तमाम केंद्रीय जांच एजेंसियां यहां दस्तक दे चुकी है। बावजूद गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं सड़क दुर्घटनाओं में सैंकड़ों स्थानीय लोगों की मौत हो या भारी प्रदूषण से लोगों में घुटन, आक्रोश के मूल वजहों में से एक है। बाहरी यहां पैर जमाये हुवे हैं जबकि रोजी रोजगार को लेकर बहुतायत स्थानीय पलायन कर रहे हैं। एक दशक से हजारों करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित करने वाले आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में मुलभूत सुविधाओं का घोर अभाव देखा जाता है। जिससे लोगों में ये घर कर चुका है कि प्रबंधन अपने सिर्फ दीर्घकालिक दमनकारी रवैया अपनाने के फिराक में लगा हुआ है। ग्रामीण जिला प्रशासन से अविलंब रोक लगाते हुए जनहित में समुचित सहयोग की मांग कर रहे हैं। आवेदन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक चतरा, एसडीओ सिमरिया, एसडीपीओ टंडवा, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, आम्रपाली महाप्रबंधक व परियोजना पदाधिकारी को दी गई है। सौंपे गए पत्र में मुखिया सरीता कुमारी, पंसस राजेश चौधरी,वार्ड सदस्य रिंकी देवी, मिथुन यादव, सुरेश पासवान, दिलीप उरांव, सुनील भुईयां समेत सैंकड़ों लोगों के हस्ताक्षर हैं।

# टाटा मोटर्स सर्विस सेंटर का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बरनी ग्राम में टाटा मोटर्स के शोरूम प्रसाद मोटर्स का उद्घाटन बालूमाथ के उप-प्रमुख संजीव सिन्हा एवं संचालक महेश प्रसाद साहू ने फीता काटकर किया। मौके पर बोलते हुए संजीव सिन्हा ने बताया कि टाटा मोटर्स की सर्विस सेंटर खुल जाने से स्थानीय लोगों को लाभ होगा। क्योंकि यह कोलियरी क्षेत्र है। यहां सैकड़ो गाड़ियां प्रतिदिन चलती है। लेकिन सर्विस सेंटर नहीं होने के कारण लोगों को रांची जैसे शहरों का सहारा लेना पड़ता है। कई ऐसी परेशानियां आती हैं। जो ठीक नहीं हो पाती हैं ऐसे में कस्टमर रांची, धनबाद जाते है। वही कंपनी के कस्टमर सपोर्ट मैनेजर सुब्रत मृदाल ने कहा कि टाटा मोटर्स का सर्विस सेंटर में ओरिजिनल पार्ट्स उपलब्ध है। यहां ट्रक हाईवा समेत टाटा के अन्य वाहन के सर्विस कार्य किया जाएगा। वही संचालक महेश साहू ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा की किफायती दाम में बेहतर सर्विस प्रदान करें। मौके पर कंपनी के बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, कस्टमर सपोर्ट मैनेजर सुब्रत मुद्राल, भावना कुमारी, अमित कुमार, व्यवसायी मो.मुज्जमिल, रौशन साहू समेत कई उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड शिक्षा परियोजना, लातेहार के तत्वावधान में मंगलवार को टाउन हॉल,लातेहार में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं स्कूली छात्राओं, मुखिया समेत मंचासीन अन्य पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि इस सम्मेलन का आयोजन मुखिया को शिक्षा संबंधी सभी योजनाओं को स्कूल स्तर पर लागू करने में सहयोग करने के उद्देश्य से किया गया है। आगे उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में मुखिया की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा का समुचित विकास तभी संभव है जब समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर स्थानीय नेतृत्व की इसमें सक्रिय भागीदारी हो। मुखिया, ग्राम स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और समुदाय को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आम जनों से जुड़ी कई समस्याओं का निराकरण पंचायत स्तर पर किया जा सकता है। उन्होंने मुखियाओं से सिर्फ ग्रामीण विकास तक सीमित न रहते हुए शिक्षा और अन्य सामाजिक विषयों पर भी ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योग्य बच्चों का कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना मुखियाओं की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित सभी मुखियाओं से अपने-अपने जिम्मेदारी के अनुरूप कार्य करने की बात कही। मौके पर उपस्थित आईटीडीए निदेशक, डीआरडीए निदेशक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, स्कूलों में नामांकन बढ़ाने तथा समुदाय को जागरूक करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने-अपनेविचार साझा किए। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी के अनुशंसा के आलोक में अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 10 मुखियाओं को उपायुक्त के द्वारा शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, जिले के विभिन्न पंचायतों के मुखियागण सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## भारतीय संविधान को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के फूलसु पंचायत अंतर्गत हिसरी ग्राम मे रविवार को संजय कुमार ने भारतीय संविधान सम्मान सुरक्षा संवर्धन, देश व्यापी महा जन जागरण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कैडर प्रशिक्षण दिया।जिसमे संविधान के सभी 12 अनुसूची व अनुच्छेद के बारे मे बताया। साथ ही अपने मौलिक कर्तव्य के बारे जानकारी देते हुए समता का अधिकार (अनुच्छेद14-18) स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22) शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28) संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30) संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32) मूलतः संविधान में संपत्ति का अधिकार (अनुच्छेद 31) के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दिया वहीं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 में अस्पृश्यता की प्रथा को खत्म करने का प्रावधान से सम्बंधित बताया साथ ही कहा की इस अनुच्छेद के तहत, अस्पृश्यता का अभ्यास करना कानूनन अपराध है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत, सभी नागरिकों को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार है। अनुसूचित जाति जन जाति मूलवंसो को संरक्षण एंव विकास के लिए विशेष संवैधानिक प्रवधान के बारे मे भी बारिकी ढंग से बताया। मौके पर काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## गैस सिलेंडर से दुकान में लगी आग, समान जलकर खाक



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत टोला पुरना सिबला निवासी नरेश उरांव की अंडा चौमिंग दुकान मे बिते सोमवार शाम को सिलेंडर गैस कसने के क्रम मे आग लगने से कई समान जलकर खाक हो गया। जानकारी देते हुए पीड़ित नरेश ने बताया अपने परिवार का भरण पोषण के लिए दुकान चलाकर और चौमिंग बनाकर बेचने का काम करते थे। साथ ही मिक्चर बिस्किट सहित कई समान रखते थे। सोमवार शाम गैस भराकर आए। जैसे ही चौमिंग बनाने के लिए गैस सिलेंडर मे पाईप कसने लगे तो अचानक अपने आप आग लग गई। हम किसी प्रकार जान बचाकर निकले। देखते ही देखते दुकान मे रखे बिस्किट, मिक्चर, अंडा, साबुन, निमकी, तेल, सैम्पु, मसाला, गोभी, सहित अन्य एक लाख रूपये की सामग्री जलकर खाक हो गया। वहीं खाने के लिए रखे चार बोड़ा चावल भी जलकर स्वाहा हो गया। आग इतनी तेज लगी की फ्रिज और अलमीरा भी जल गए। अलमीरा मे रखे कई जरुरत वाला दस्तावेज भी धुँधुंकर जल गया। आग पर काबू के लिए काफी प्रयास किया गया लेकिन तब तक दुकान से सारा सामग्री जल गया। आग की गरमी से छत का एल्वेस्टर फट कर चीथड़े हो गए। सम्बंधित विभाग से मुआवजे की मांग की है।

## जन शिकायत निवारण का किया गया आयोजन

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो की जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, पेंशन, मुआवजा आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

# नीलगाय छोड़े जाने के विरोध में जुलूस, अनुमंडल में सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** केंद्रीय जन संघर्ष समिति लातेहार-गुमला के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर के नेतृत्व में मंगलवार को एक जुलूस निकाला गया। यह जुलूस वन विभाग द्वारा पलामू और गढ़वा क्षेत्र से 1000 नीलगायों को महुआडांड़ क्षेत्र में छोड़े जाने के विरोध में आयोजित किया गया। जुलूस सरना भवन से शुरू होकर शास्त्री चौक, बिरसा चौक होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचा। जुलुस के दौरान नारे भी लगाए गए जल जंगल जमीन हमारा है, वन विभाग के द्वारा असमाजिक तत्व कहना बंद करो सहित और भी नारे लगाए गए। अनुमंडल पहुंचने के बाद रैली सभा में तब्दील हो गया। इस सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अगस्तुस मिंज ने की, जबकि संचालन आदिवासी कांग्रेस जिला कमिटी के अध्यक्ष अजीत पाल कुजूर ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वन विभाग द्वारा बिना ग्राम सभाओं की सहमति के लिए गए इस निर्णय से स्थानीय समुदायों की आजीविका और पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की, कि नीलगायों को महुआडांड़ क्षेत्र में लाने की योजना तुरंत रद्द की जाए। सभा के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें ग्रामीणों की चिंता को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि ग्राम सभा की अनुमति के बिना कोई भी ऐसा निर्णय न लिया जाए, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका प्रभावित हो। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी एकता का परिचय दिया। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को अनसुना किया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। मौके पर जिला परिषद एस्टेला नगेशिया, केंद्रीय जन संघर्ष समिति के सदस्य, मानिना कुजूर सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# विधायक ने क्षेत्र के मूलभूत सुविधाओं की मांग के साथ हाल सर्वे में गड़बड़ी का मामला उठाया

## छिपादोहर वासियों ने विधायक रामचंद्र सिंह का जताया आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मनिका विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास को अंजाम तक पहुंचाने की शपथ सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने ले लिया है और विधानसभा सत्र के प्रश्नकाल में अपने क्षेत्र के मूलभूत सुविधाएं जमीन पर उतारने को लेकर सरकार और सदन से पुरजोर तरीके से मांग उठाया है चाहे वह लातेहार जिले में हुए हाल सर्वे में गड़बड़ी का मामला हो , बरवाडीह को अनुमंडल का दर्जा दिलाने की बात हो या ग्रामीण क्षेत्रों के होनहार छात्र छात्राओं के उच्च शिक्षा दिलाने के लिए सुविधा का सवाल हो या फिर सड़क पुल पुलिया का निर्माण हो ।इस दरम्यान विधायक रामचंद्र सिंह विधानसभा सत्र में अपनी आवाज बुलंद कर टाइगर प्रोजेक्ट क्षेत्र के वासियों के लिए विशेष पैकेज की मांग रखी और क्षेत्र में गुजर बसर करने वाले लोगों को



रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही। वहीं उनके अथक प्रयास से छिपादोहर बायपास रोड के निर्माण की अटकलें समाप्त हो गई और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से छिपादोहर पीडब्लूडी एसएच 9 के भैंसाखाड़ से पीडब्लूडी एसएच 9 के गम्हार टांड़ तक छिपादोहर बायपास सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति वन विभाग द्वारा मिल गई है। इसके लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) वन विभाग से प्राप्त हो चुका है। वहीं वन विभाग के नियम कायदे अनुसार सड़क निर्माण कराया जाएगा।इस दौरान वन एवं पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। छिपादोहर बायपास सड़क निर्माण की मंजूरी मिल जाने से क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है वहीं क्षेत्र वासियों ने सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया है।

# उपायुक्त का लगा जनता दरबार, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुँचे फरियादी

## आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिये गये निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया।



इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। इस अवसर पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये आवेदकों ने एलपीसी निर्गत, भूमि विवाद, पीडीएस दुकान, दाखिल खारिज, अनुकम्पा पर नौकरी, दिव्यांग लाभ, जबरन गुमटी हटाने आदि से संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की।

**गाली-गलौज एवं धमकी से राहत दिलाने की मांग।**

बरही धाबी टोला के सिकन्दर साव ने कुछ लोगों के द्वारा जबरन गुमटी हटाने गाली-गलौज एवं धमकी देने के संबंध में आवेदन देकर राहत की मांग की जिसपर उपायुक्त ने तत्काल संबंधित पदाधिकारी को प्रेषित करते हुए जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया।

वहीं दारू प्रखण्ड की जरीना खातुन ने एलपीसी निर्गत करने, चेतलाल यादव विष्णुगढ़ ने भूमि अतिक्रमण, मार्खम कॉलेज हनुमान नगर के सीता राम गुप्ता ने पीडीएस दुकान पुत्र के नाम करने, नेहा कुमारी ने अनुकम्पा के आधार पर नौकरी, चौपारण के कैलाश प्रसाद दाखिल खारिज, सरैया पदमा की रिंकी देवी ने कस्तुरबा गांधी स्कूल पदमा में रसाईया के पद में योगदान देने, परसी ईचाक के सुनिल बैध ने बंदोबस्त कार्यालय से भूमि संबंधी दस्तावेज दिखाने इत्यादि से संबंधित आवेदन देकर इसके समाधान का अनुरोध किया। मौके पर आये सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया गया।

# हजारीबाग में ब्रह्मर्षि समाज का होली मिलन समारोह 09 मार्च को प्रोवेश रिजॉर्ट में

- रंग- भंग संग खूब उड़ेगा गुलाल, गायिका मनिता श्री करेंगी धमाल
- भारतीय और झारखंडी पारंपरिक व्यंजन का लोग मिलकर चखेंगे स्वाद, सामाजिक समरता का बिखरेंगे संदेश
- आयोजन की तैयारी को लेकर जरूरी बैठक हुई संपन्न, कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का सभी ने लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ब्रम्हर्षि समाज, हजारीबाग द्वारा रंग व राग का रंग-बिरंगा पर्व होली से पूर्व होली मिलन समारोह-2025 का आयोजन आगामी 09 मार्च 2025 (रविवार) को हजारीबाग शहर के परिसदन सभागार से पूर्व अवस्थित होटल प्रोवेश रिसोर्ट परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसके तैयारी को लेकर ब्रम्हर्षि समाज, हजारीबाग के आयोजन समिति से जुड़े लोगों का एक जरूरी बैठक दीपूगढ़ा स्थित समाज के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश सिंह के आवासीय परिसर में मंगलवार की सुबह हुई। जिसमें विशेषरूप से ब्रह्मर्षि समाज के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश सिंह, होली मिलन समारोह के संयोजक कन्हैया कुमार, सचिव कन्हैया शर्मा, प्रकाश शर्मा, रंजन चौधरी, डा आनन्द शाही, हिटलर शाही, कौशल किशोर सिंह, अजय शर्मा, बलराम सिंह, विजय शर्मा, ब्रजकिशोर सिंह, प्रफुल सिंह, गिरिजेश शर्मा,दिनेश्वर सिंह, प्रवीण सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए और आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया । इस होली मिलन समारोह में रंग- भंग संग जमकर अबीर- गुलाल उड़ेगा वहीं पारंपरिक वाद्य यंत्रों संग फगुआ गीतों का रंग बिरंगा धमाल होगा वहीं मशहूर लोकगीत गायिका मनिता श्री और उनकी टीम का फाल्गुनी प्रस्तुति में लोग होलियाना मूड में झूम उठेंगे। आयोजन समिति की ओर से भारतीय और झारखंड पारंपरिक व्यंजन पुआ- धुस्का, कचरी- बर्रा, पकौड़ी का लोग सामूहिक रूप से स्वाद चखेंगे और एक- दूजे से गले मिलकर और रंग लगाकर होली की बधाई देंगे एवं होली के संदेश अपने अंदर के बुराई को मारकर अच्छाई को अमल करने सामाजिक समरसता बिखेरने का संकल्प भी लेंगे। यह आयोजन सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक चलेगा ।

# कलश यात्रा के साथ यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही में भव्य कलश यात्रा के साथ धनबाद रोड स्थित अति प्राचीन व परम आस्था का प्रतीक मां भगवती मंदिर में मंगलवार को नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के साथ 15 वां बरही महोत्सव मंगलवार से शुरू हुआ। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। सिर पर गंगाजल, आम्र पत्र व नारियल से सुसज्जित 551 कलश व जय माता दी जयकारे के साथ सूर्य मंदिर नदी पहुंचे। यहां वाराणसी से आए यज्ञाचार आचार्य जयनंदन मिश्र शास्त्री, ऋषिराज वेदव्यास मिश्र, उपाचार्य पंडित जगत किशोर मिश्र, पुरोहित कामेश्वर पंडित के वैदिक मंत्रोच्चारण बीच कलशों में पवित्र जल भरा गया। कलश यात्रा गाजे - बाजे के साथ बरही चौक के प्रमुख चारों मार्गो में भ्रमण करने के बाद यज्ञ स्थल पर विधिवत कलशों को स्थापित किया गया। ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने में पुलिस निरीक्षक आभास कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा अहम भूमिका निभाया गया। कलश यात्रा में मुख्य पुजारी शिवशंकर कसेरा, संतोष केशरी, शिवकुमार केशरी, शंकर केशरी, विशेश्वर साव सहित उनकी पत्नियां थी। संरक्षक जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र रजक, भुनेश्वर साव के अलावा जिप



सदस्या प्रीति गुप्ता, राजसिंह चौहान, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, डॉ उमेश राम, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, आकाश राज, संतोष चौरसिया, राजकुमार यादव, यज्ञ कमिटी अध्यक्ष बिपिन कुमार सिन्हा,सचिव बलराम केशरी सचिव, कोषाध्यक्ष ब्रजकिशोर ठाकुर, उपाध्यक्ष नवलकिशोर सिंह, शिवा निषाद, महासचिव मनोज साव, उपाध्यक्ष में भगवान केसरी, ब्रह्मदेव यादव, सिकेंद यादव, अशोक यादव, अकाश जायसवाल, राजेश केसरी उर्फ मेवालाल व प्रमोद कुमार, कार्यकारिणी सदस्य रमेश श्रीवास्तव, अमित सोनी, बिरेंद्र राम राज, हतेश राज, अभिषेक निषाद, संजय यादव, रवि गुप्ता, पप्पू वर्णवाल, मनितोष यादव, उमेश रविदास, संतोष ठाकुर,दीपक भगत,अभिषेक निषाद, नंदकिशोर कुमार, पंकज बर्णवाल, सुषमा विश्वकर्मा, अशोक यादव, युगल यादव, प्रदीप चंद्रवंशी सहित अन्य श्रद्धालु गुण मौजूद थे।

# 3 एकड़ मे लगे अवैध अफीम की खेती नष्ट, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चौपारण :** थाना क्षेत्र अंतर्गत अहरी जंगल में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में लगभग 03 एकड़ अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया गया। चौपारण थाना प्रभारी के नेतृत्व में यह अभियान पुलिस पदाधिकारियों, सशस्त्र बलों एवं वन विभाग की टीम के साथ मिलकर चलाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अहरी जंगल में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती का पता लगाया। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लगभग 03 एकड़ भूमि में फैली अफीम की फसल को विनष्ट किया।




इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अवैध खेती में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

चौपारण थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

# नायक नागराज पूजा का आयोजन, गाजे बाजे के साथ भगत जी का स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो पंचायत और दारू प्रखंड के टटगांव गांव सीमावर्ती चरका पत्थर में चार दिवसीय नागराज नायक पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक तैलिक समाज के लोगों ने बताया कि 4 मार्च दिन मंगलवार को भगत जी आगमन का झरपो बुध बाजार परिसर में हुआ जहां समाज के लोगों ने भगत जी भव्य स्वागत गाजे बाजे के साथ झरपो देवी मंडप के रास्ते पूजा स्थल चरका पत्थर टटगांव में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ किया ।इस कार्यक्रम का आयोजन उक्त स्थल में लगभग 20 वर्ष पूर्व हुआ था। जो इस वर्ष पुनः अपने कुल समाज के इष्ट देवता नायक नागराज जी की पूजा अर्चना आराधना कार्यक्रम 4 मार्च दिन मंगलवार को भगत जी



का आगमन 5 मार्च दिन बुधवार को नहाए खाय,6 मार्च दिन गुरुवार को उपवास एवं रात्रि में कथा जागरण,7 मार्च दिन शुक्रवार को पूजा भंडारा विसर्जन किया जाना है। भव्य स्वागत के दौरान सरजू साव,कौलेश्वर साव,संजय साव ,सुखदेव साव,संदीप कुमार, राजेश साव, अशोक साव,अजय साव, लक्ष्मण कुमार, संतोष कुमार, नारायण साव,बिरजू साव, छोटी साव, बीरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# बजट के दूरगामी अच्छे परिणाम मिलेंगे,बजट में सभी वर्गों का रखा गया ख्याल : महताब हुसैन

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिला झामुमो मीडिया प्रभारी महताब हुसैन ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा पेश किया गया बजट राज्य के विकास को नई दिशा देगा।राज्य की आधी आबादी के साथ साथ शिक्षा,स्वास्थ्य, कृषि एवं बुनियादी ढांचे को नई दिशा देने वाला बजट है। सरकार ने 1.45400 करोड़ का बजट पेश किया है जो पिछले साल की तुलना में 13त्न अधिक है।केंद्र सरकार के दोहरे रवैए के बावजूद भी राज्य में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है,जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व को दर्शाता है। यह बजट महिला कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस है जिसके दूरगामी परिणाम हमे देखने को मिलेंगे।



# अपहरण मामले में युवक को जेल

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही पुलिस ने अपहरण मामले में एक युवक को पकड़ कर जेल भेज दिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि बरही थाना कांड संख्या-504/24, के प्राथमिकी अभियुक्त सचिन कुमार उम्र-21 वर्ष, पिता स्व. कैलाश भुईयां ग्राम-तिलोकरी, थाना-जयनगर, जिला-कोडरमा के विरुद्ध कांड अंकित कराया गया था। जिसे उक्त अभियुक्त को आज गिरफ्तार कर उचित मार्ग रक्षण में न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वही बताया कि वादी ने उक्त युवक पर अपनी नाबालिक पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाया था।



# समाजसेवी रामा महतो की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी प्रखण्ड के हेवई गांव निवासी स्व रामा महतो की चौथी पुण्यतिथी मनाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उतरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने कहा कि स्व रामा महतो ने क्षेत्र के गरीब दलित एवं सभी वर्ग क लोगो को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है इसलिए इनकी यादों को कभी भुलाया नही जा सकता है,इनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन कुमार,मुखिया पति अमित दुबे,बिख्यात कृषक मीनू महतो,दिवंगत की पत्नी बलिया देवी, पुत्र दीपक कुमार उनके पुत्रवधू,भाई टहल महतो,वार्ड सदस्य अनिल कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में वकीलों की समस्याओं को लेकर सरकार से की ठोस कदम उठाने की मांग

- झारखंड के 35,000 वकीलों को बुनियादी सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा मिले,सरकार ठोस कदम उठाए: प्रदीप प्रसाद

11

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान राज्यभर के वकीलों की समस्याओं को गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में 36 बार एसोसिएशन कार्यरत हैं, जिनमें लगभग 35,000 से अधिक वकील न्यायिक प्रक्रिया में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन वकीलों का योगदान प्रशासनिक व न्यायिक तंत्र को सुचारू रूप से चलाने में अतुलनीय है, लेकिन इनके कार्यस्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य के अधिकांश बार एसोसिएशन परिसरों में आधारभूत संरचना और आधुनिक सुविधाओं की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वकीलों को अपने कार्यस्थल पर बुनियादी सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उनके कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि कई बार एसोसिएशन परिसरों में पेयजल, शौचालय, वाई-फाई, पुस्तकालय, वातानुकूलित सुविधाएं बैठने की उचित व्यवस्था, सुरक्षा एवं पार्किंग जैसी जरूरी सुविधाएं नहीं हैं। इसके अलावा, कई बार एसोसिएशनों में वकीलों के लिए चैंबर तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। प्रदीप प्रसाद ने सदन में यह भी माँग की वकीलों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को राज्य में शीघ्र लागू किया जाए ताकि वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने सरकार से माँग की झारखंड के वकीलों को भी जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा और आकस्मिक दुर्घटना बीमा जैसी योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि वकील पूरे जीवन जनता को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन उनके स्वयं के हितों की रक्षा के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से आग्रह किया कि राज्य के सभी बार एसोसिएशन परिसरों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए और इसके लिए एक निश्चित बजट आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक वकीलों को बेहतर कार्य वातावरण नहीं मिलेगा, तब तक वे न्यायिक प्रक्रिया में प्रभावी योगदान नहीं दे पाएँगे। उन्होंने सरकार से माँग की बार एसोसिएशनों के विकास के लिए एक विशेष अनुदान योजना बनाई जाए, जिससे वकीलों को आधारभूत संरचना और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। प्रदीप प्रसाद ने सरकार से अपील की वह इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेती है तो इससे राज्य के 35,000 से अधिक वकीलों को न केवल सुविधा मिलेगी, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी होगी।



# भाजपा का विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की कामकाजी बैठक में बूथ चयन की प्रक्रिया पूरी



- रायसुमारी कर नए मंडल अध्यक्ष का होगा चयन,12 मार्च तक मिल जायेगा नया मंडल अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की सांगठनिक कामकाजी की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को स्थानीय बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के सभागार में कई गई।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की तथा संचालन महामंत्री सुनील कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में बतौर प्रवासी प्रभारी इंद्रनारायण कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति के बीच विष्णुगढ पश्चिमी मंडल अन्तर्गत 69 बूथों की गहनता से जाँच करते हुए सूची बनाई गई। बैठक में आगे की प्रक्रिया की चर्चा करते हुए प्रभारी उपस्थित मंडल पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षो से कहा कि आप सभी रायसुमारी कर तीन नामो को तय कर ले या एक नाम को तय कर मंडल अध्यक्ष का चयन कर इसकी जानकारी दें,जिसके अनुसार आगे की प्रकिया बढ़ाई जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,डोमन गुप्ता,प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा,गायत्री देवी,रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई),गौतम भारती,जीवन सोनी,अशोक कुमार,दीपक कुमार रजक,राजेश सोनी,संदीप कुमार कसेरा,मुन्ना सिंह,कुन्दन कुमार वर्मा,उमेश प्रसाद स्वर्णकार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# झरपो के नन्हें रोजेदारों ने रखा रोजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो निवासी पूर्व झारखंड ग्रामीण पुलिस (चौकीदार) तैय्यब मियां के पुत्र साहबान अंसारी के 10 वर्षीय पुत्र पुत्री वारिश अंसारी , शिफत प्रवीण ,सफीक अंसारी ने अपने परिवार सहित संपूर्ण टाटीझरिया प्रखंड और थाना क्षेत्र की अमन चैन सुख समृद्धि व शांति के लिए रोजा रखा। बच्चों के अभिभावक ने कहा कि यह त्योहार मुस्लिम समुदाय के बहुत ही पावन पवित्र पर्व है इस रोज हमलोग अमन चैन के लिए प्रतिदिन एक महीने तक रोजा रखते हैं व अपने परवर दीगार को याद कर नमाज अदा करते है। जब महीने बीत जाने के बाद चंद्रमा दिखाई देता है तो हम सभी ईद के त्योहार मनाते है। बता दे कि इस बात की जानकारी इन बच्चों के पिता ने दिया और कहा कि हमारे बच्चों का रमजान के दौरान शरिक होकर रोजा रखने की जब खबर मुझे मिली तो हमने उन्हें समझाने का प्रयास किया कि अभी तुमलोग बच्चे हो बाद में पर्व कर लेना लेकिन बच्चे अपने जिद पर अड़े रहे उन्होंने कहा कि यह कुदरत की करिश्मा ही है जो बच्चे अपने धर्म के संस्कारों को पालन करते है। यह कहते हुए उन्होंने अपने बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं भी किया।



# बजट शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए प्रशंसनीय परन्तु किसानो के लिए निराशाजनक : डॉ आरसी प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अबुआ बजट शिक्षा स्वास्थ्य ,व्यापारी ,आदिवासी, महिला, मूलवासी, नौकरी पेशे वालों के लिए प्रशंसनीय है परन्तु झारखंड के किसानों के लिए निराशाजनक है यह बातें हजारीबाग सदर विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रह चुके डॉ?आरसी प्रसाद ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र अनुसार पीओके एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों को छोड़कर 450/- रुपए में गैस सिलिंडर देनी थी जो आज तक नहीं मिला, बजट में जिसका चर्चा होनी चाहिए थी। आज झारखंड में 80त्न लोग खेती किसानी पर निर्भर हैं किसान का पर्यायवाची शब्द फटेहाल निर्धन है इसका कारण है केन्द्र एवं राज्य सरकारो का उदासीन रवैया। आज किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिलने के कारण हजारीबाग जिले में टमाटर ,गोभी, बैंगन इत्यादि अनेकों सब्जी को किसान खेत मे छोड़ रहे हैं। टमाटर एक रुपए लेने को कोई तैयार नहीं है जिस कारण लोग खेत में छोड़ रहे हैं धान का समर्थन मूल्य अभी ?22 है जो बहुत ही कम है धान का समर्थन मूल्य 40 रुपये होनी चाहिए गेहूं का 35 रुपये होनी चाहिए टमाटर आलु का समर्थन मूल्य 30 होनी चाहिए 30 रुपये से कम होने पर किसान को घर से नुकसान हो रहा है नुकसान के कारण 5 एकड़ खेत वाले किसान भी मेट्रोप्लोटिन सिटी में मजदूरी करने को विवश है। सरकार को चाहिए था किसानों के लिए विशेष पैकेज देकर सभी फसलों का समर्थन मूल्य जैसे झारखंड में धान का समर्थन मूल्य 40/- गेहूँ 35/- टमाटर आलु बैंगन इत्यादि का समर्थन मूल्य 30/- होना चाहिए, अभी झारखंड सरकार धान 22 लेती है। परंतु शहरी व्यापारी आते हैं वह किसानों को 20 से 21 में समर्थन मूल्य होने के कारण धान खरीद लेते हैं उसी तरह सब्जियों का भी समर्थन मूल्य हो टमाटर का समर्थन मूल्य 30 रूपये होने से शहरी व्यापारी भी ?25 खरीगे, जिससे किसानों को लाभ होगा। अबुवा बजट माध्यम से फ़सलों का मूल्य निर्धारण कर सब्सिडी दे झारखंड सरकार अन्यथा खेती छोड़कर किसान मजदूरी करने को विवश होगे, जिस कारण लोगों को महंगे अनाज खरीदना पड़ेगा। कभी कभी लहसुन दाल का उत्पादन कम होने से बाजार में सभी वस्तुएँ महँगी हो जाती हैं।आज आज उद्योग के सभी सामान का कीमत निर्धारण करने का हक उद्योगपति को होता है। उसी तरह किसान को अपने सम्मान का मूल्य निर्धारण निर्धान करने का हक किसान को होना चाहिए मइया योजना सराहनीय एवं पूरे देश में प्रशंसनीय है परंतु वृद्धा पेंशन विधवा पेंनसन विकलांग पेंशन पर भी सरकार को सोचने की जरूरत है बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता मिलनी चाहिए क्योंकि आज बेरोजगारी झारखंड में चरम पर है। आयुष्मान योजना झारखंड में हाथी के बाहरी दांत साबित हो रहा है प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान भारत लाइसेंस को सरेंडर कर रहे हैं। इस पर सोचने की जरूरत है। व्यापारियों के लिए भी व्यापारी अधिनियम होना चाहिये।



प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# पुलिस अधीक्षक रामगढ अजय कुमार ने रामगढ़ थाना के लंबित काण्डों की किया समीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** अजय कुमार, (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ थाना के लंबित काण्डों की समीक्षा अनुसंधानकर्तावार की गई। समीक्षा के क्रम में मुख्य रूप से महिला से संबंधित लंबित काण्डों जैसे- बलात्कार, पोक्सो, छेड़खानी एवं 02 वर्ष से अधिक समय से लंबित अपहरण, गृहभेदन, चोरी, लूट, डकैती, हत्या के काण्डों की समीक्षा किया गया।मंगलवार को महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची के द्वारा महिला से संबंधित लंबित काण्डों का शीर्षवार समीक्षा किया जाना निर्धारित है के संबंध में सभी अनुसंधानकर्ता को जानकारी देते हुए लंबित काण्डों में अविलम्ब गिरफ्तारी करने, फिरार रहने की स्थिति में वारण्ट, इश्तेहार, कुर्की की कार्रवाई करने तथा काण्डों के निष्पादन के संबंध में अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा 06 माह से अधिक समय से लंबित काण्डों की संख्या शून्य करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियो को सख्त निर्देश दिया गया कि ओ0डी0 के दौरान थाना में आने वाले आम जनता के शिकायतों को गंभीरता से सुने तथा शीघ्रता शीघ्र उसका निष्पादन करें तथा आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार करें, किसी भी तरह के दुर्व्यवहार की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित पदाधिकारी के विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।मुख्य रूप से निम्नांकित पुलिस पदाधिकारियों के पास जो काण्ड लंबित थे उन सभी काण्डों की समीक्षा की गई । पु0नि0 कृष्णा कुमार, पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़, पु0अ0नि0 उपेन्द्र कुमार, पु0अ0नि0 मंजेश कुमार, पु0अ0नि0 संतोष कुमार, पु0अ0नि0 जोनी कुमार, पु0अ0नि0 ओमकार पाल, पु0अ0नि0 मन्टु कुमार शर्मा, स0अ0नि0 अनिल कुमार, स0अ0नि0 सुजीत कुमार सिंह सभी रामगढ़ थाना।

### इंटक के रिजनल कमिटी सचिव कुमार महेश सिंह ने उरीमारी प्रक्षेत्र का किया दौरा

# उरीमारी व बिरसा एवं विस्थापित ग्रामीणों को उनका हक अधिकार दिला कर रहुंगा : कुमार महेश सिंह




प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के रीजनल कमिटी सचिव कुमार महेश सिंह ने सोमवार को उरीमारी प्रक्षेत्र का दौरा किया। वहीं उरीमारी पहुंचने पर आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कुमार महेश सिंह को माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया गया। वहीं इस दौरे में आरसीएमयू के सभी पदाधिकारी उनके साथ बिरसा परियोजना वर्क शॉप पहुंचे। जहां आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव कि अध्यक्षता में बैठक किया गया। वहीं इस बैठक में आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि कुमार महेश सिंह का युनियन में शामिल होने से युनियन को प्रगाढ़ मजबूती मिलेगी। जिससे मजदूरों कि सभी समस्याओं को हम सभी मिलकर उचित समाधान निकालेंगे। वहीं रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह ने कोयला कर्मचारियों व विस्थापित ग्रामीण एवं संगठन कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि उरीमारी बिरसा व न्यू बिरसा से जुड़ी सभी समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने का प्रयास किया जाएगा। कोई भी कोयलाकर्मी व विस्थापित एवं ग्रामीण भयभीत ना हो। हमारी आरसीएमयू इंटक संगठन उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने का कार्य करेगी। किसी भी समस्या का समाधान ना होने पर कोल इंडिया स्तर तक मामले को पहुंचाने का काम करेंगे। वही उन्होंने संगठन कि मजबुती पर बल देने को कहा। वहीं इस बैठक में लालो महतो,कंचन मांझी, सीताराम किस्कू, गणेश राम, विश्वनाथ मांझी, रविन्द्र तिर्की,वकिल रजवार, महेश गिरी, कानू मरांडी, मुखिया चरका करमाली,सीगू मांझी, द्वारिका सिंह, रवि पावरीया,दीपक यादव, बाल्मिकी यादव,चन्दू जयसवाल, धर्मदेव विश्वकर्मा आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सडक दुर्घटना में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडु :** रामगढ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत नया मोड़ कोरिया घाटी के समीप अशोक मुंडा जो बोगाबार के रहने वाले थे अशोक मुंडा अपने घर से साइकिल से नया मोड़ की ओर जा रहे थे इतने में कोई अज्ञात वाहन पीछे से आकर बेरहमी से कुचलकर भागने मे सफल रहा जिससे अशोक मुंडा का घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है घटना की सूचना पाकर बोगाबार के ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आ रहे हैं ग्रामीण मौके पर पहुंच कर एन एच 33 को पूरी तरीके से जाम कर दिया है जिसके कारण आवागमन पूरी तरीके से बाधित है घटना के सूचना पाकर मौके पर कुजू ओ पी के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीण एवं परिजनों को समझाने बुझाने की कोशिश कर रहे हैं ग्रामीण मुआवजा की मांग कर रहे हैं खबर भेजे जाने तक रोड जाम की स्थिति बनी हुई है अभी तक कोई अधिकारी घटनास्थल नहीं पहुंचे है

# भुरकुंडा हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित प्रदुषण फैला रहे कोयला ट्रांसपोर्टिंग वाहनो का ग्रामीणों ने किया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित कोयला ट्रांसपोर्टिंग वाहन से हो रहे प्रदुषण को लेकर ग्रामीणों ने घंटों बीच सड़क पर कोयला ट्रांसपोर्टिंग वाहन को रोका,सूचना पर पहुंचे सीसीएल के अधिकारी और विरोध कर रहे ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई तब जाकर वाहनों को छोड़ा गया। ग्रामीणों का कहना हाइवा में ओवरलोड कोयला होने से बीच रोड पर कोयला गिरते रहती है और भारी मात्रा में वाहन चलने से कोयला डस्ट बनकर उड़ रही है, जिससे भुरकुंडा हांथी दाड़ी माइंस से भुरकुंडा हॉस्पिटल कॉलोनी छठ मंदिर तक भारी मात्रा प्रदुषण उड़ रही है,ग्रामीणों का यह भी कहना है कि आये दिन इस सड़क से गुजर रहे ओवर लोड वाहनों से प्रदुषण और दुघर्टना का खतरा बना रहता है,वायु प्रदूषण से लोग कई तरह की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं, कोयले के कण से आसपास के पौधे बंजर होते जा रहे हैं. स्थानीय प्रशासन और वनविभाग को भी इस ओर ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है।मुखिया अजय पासवान ने कहा इसी ट्रांसपोर्टिंग सड़क पर भुरकुंडा पंचायत सचिवालय और सीसीएल अस्पताल प्रदुषण का दंश झेल रहे हैं,और अभी गर्मी का शुरूआत भी नहीं हुई ऐसे में इतना प्रदुषण उड़ना स्वच्छता को प्रभावित कर सकती है,कहा कंपनी द्वारा पानी छिड़काव के बाद भी सड़क पर प्रदुषण नियंत्रित नहीं हो रही इसके लिए प्रबंधक को सड़क पर जमें हुए डस्ट को मजदूर अन्यथा रोड क्लिनर मशीन से साफ कर तीन टाईम पानी भारी मात्रा में पानी पटाने की आवश्यकता है। तब जाकर इलाका प्रदुषण मुक्त होगा इसके लिए मैंने भुरकुंडा पीओ से बात किया है जिसके द्वारा सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया गया है।पूरे मामले पर मीडिया द्वारा पूछे जाने पर भुरकुंडा सीसीएल परियोजना पदाधिकारी राकेश सत्यार्थी ने संज्ञान ली और कहा जल्द इस समस्या का निदान किया जाएगा इसके लिए मैंने चार मजदूर को डस्ट उठाने के लिए आदेश जारी किया है। और ट्रांसपोर्टिंग कंपनी को तीन टाईम सही पूर्वक पानी पटाने का निर्देश दिया है ।फिलहाल बरकासयाल में रोड क्लिनर वाहन की व्यवस्था नहीं है इसके लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का काम करूंगा।आपको बता दें कि सीसीएल प्रबंधन और विभिन्न ट्रेड यूनियन के बीच हुई पीट मीटिंग में इस सड़क पर प्रदुषण मुक्त करने को लेकर आवाज उठाई जाती है लेकिन यह आवाज मीटिंग समाप्ति के साथ गुमनाम हो जाती है। ऐसे में आम जनता मजदूर अब खुद अपनी समस्या दूर करने को लेकर सड़क पर उतर आए हैं और प्रदुषण से निजात पाने कि मांग कर रहे हैं।इस रोड पर बलकूदरा ट्रांसपोर्टिंग, गिद्दी, रैलीगढ़ा और पतरातु रेलवे साइडिंग के ट्रांसपोर्टिंग वाहनों का आदान-प्रदान होता है, जिसमें ज्यादातर संख्या में बलकूदरा ट्रांसपोर्टिंग के वाहनों का आदान-प्रदान है।

## रामगढ़ चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नए सत्र के लिए पदाधिकारी का चुनाव संपन्न : अध्यक्ष

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्र की प्रसिद्ध व्यावसायिक संस्था




रामगढ़ चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नए सत्र के लिए पदाधिकारी का चुनाव चेंबर भवन में मंगलवार की शाम को संपन्न हो गयाद्य चुनाव पदाधिकारी बंशीधर गोप ने इसकी घोषणा की द्य इस मौके पर रामगढ़ चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ सदस्य मौजूद थेद्य रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 15 कार्यकारिणी के सदस्यों ने सर्वसमिति से मनजीत साहनी को अध्यक्ष,अमरेश गणक को उपाध्यक्ष,मनोज चतुर्वेदी मानू को मानद सचिव,दिनेश पोद्दार को कोषाध्यक्ष,इंद्रपाल सिंह सैनी को सह सचिव के पद पर चुना गयाद्य अध्यक्ष पद के लिए मनजीत साहनी का नाम अमरेश गणक ने प्रस्ताव कियाद्य जिसका समर्थन मुरारी लाल अग्रवाल ने कियाद्य वही उपाध्यक्ष पद के लिए अमरेश गणक के नाम का प्रस्ताव अभिजीत कुमार ने रखाद्य जिसका समर्थन दिनेश कुमार पोद्दार ने कियाद्य वही मनोज चतुर्वेदी के सचिव पद के लिए प्रस्ताव राहुल जैन ने किया द्य जिसका समर्थन अमरेश गणक ने किया द्य सहसचिव के पद पर इंद्रपाल सिंह सैनी का नाम उमेश कुमार अग्रवाल ने प्रस्तावित कियाद्य जिसका समर्थन रविंद्र साहू ने किया। कोषाध्यक्ष के पद पर दिनेश पोद्दार के नाम का प्रस्ताव रविंद्र साहू ने कियाद्य जिसका समर्थन इंद्रपाल सिंह ने कियारामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नए सत्र के लिए सभी पदाधिकारी के चुने जाने के बाद बधाई पूर्व अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल, प्रदीप कुमार सिंह, अधिवक्ता आनंद अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद सिंह,विमल बुधिया, मनजी सिंह, पंकज कुमार तिवारी, अनूप कुमार, गोविंद लाल अग्रवाल, श्याम सुंदर परशुरामपुरिया,बलजीत सिंह बेदी ने दिया हैरामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नए सत्र के चुनाव संचालन समिति के बंशीधर गोप, राजेश कुमार अग्रवाल,रमेश बोंदिया, प्रणब मुखर्जी,अनिल सिंहा ने सफलता के साथ चुनाव संचालित किया।

## नि:शुल्क एक दिवसीय मेगा स्वास्थ जांच शिविर का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा 4 मार्च को मारवाड़ी धर्मशाला चट्टी बाजार में निशुल्क एक दिवसीय मेगा स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रांची के ऑर्किड मेडिकल सेंटर के जाने माने कार्डियोलॉजिस्ट एवं मधुमहरोग विशेषज्ञ डॉ विनय कुमार, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ शालिनी प्रिया, जनरल फिजिशियन डॉ एस कुमार, एवं आइरिस हॉस्पिटल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अंशुकिता, यूरोलॉजिस्ट डॉ अभिषेक अग्रवाल, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल बरेलिया, एवं दंत चिकित्सक डॉ पूजा शर्मा बंसल ने अपना योगदान दिया। जिसमें 150 से अधिक लोगों ने अपनी निशुल्क स्वास्थ जांच कराई। इस स्वास्थ जांच शिविर में मरीजों की निशुल्क शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, एवं ईसीजी जांच की गई।इस स्वास्थ जांच शिविर को सफल बनाने में युवा मंच के कार्यक्रम संयोजक राहुल अग्रवाल, आशुतोष बरेलिया, नीतेश बरेलिया एवं सदस्य श्रिंजय मेवाड़, आशीष अग्रवाल, धीरज बंसल, निलिंद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, लोकेश बगड़िया, पंकज अग्रवाल, संतोष गोकुलका, सुमित अग्रवाल, पुरन अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, हिमांशु बजाज, ऋतिक परसरामपुरिया आदि ने अपना योगदान दिया।

## झारखंड विधानसभा पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, पक्ष-विपक्ष के पुराने साथियों ने किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल मंगलवार को झारखंड की राजधानी रांची में रहें। उन्होंने सबसे पहले झारखंड के सर्वोच्च सदन झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान अपने पुराने साथियों से मुलाकात कर विधानसभा की यादें ताजा की। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने विशेष रूप से झारखंड प्रदेश के बीजेपी अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मिलकर झारखंड के मौजूदा राजनीतिक हालात पर भी चर्चा- परिचर्चा की ।इस दौरान यहां सांसद मनीष जायसवाल का विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित पक्ष विपक्ष के विधायकों ने पुरजोर स्वागत किया। तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के राज्यपाल महामहिम संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात की और हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्विद्यालय में जल्द से जल्द स्थायी कुलपति की नियुक्ति मांग की ।

## दुलमी प्रखंड में थाना निर्माण एवं पुलिस व्यवस्था को लेकर विधायक ममता देवी ने विधानसभा में उठाए गंभीर प्रश्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने झारखंड विधानसभा के सत्र में दुलमी प्रखंड में थाना निर्माण एवं पुलिस व्यवस्था को लेकर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार का ध्यान इस गंभीर विषय की ओर आकर्षित किया।

**विधायक ममता देवी ने सदन में तीन प्रमुख बिंदुओं पर सरकार से जवाब मांगा :**

1. क्या यह सत्य है कि रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड में अब तक कोई थाना स्थापित नहीं हुआ है 2. क्या यह सही है कि दुलमी प्रखंड के निवासियों को थाना संबंधी मामलों के लिए 15 से 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है , 3. क्या यह सच है कि अप्रिय घटनाओं के बाद पुलिस को घटनास्थल तक पहुँचने में 1 से 2 घंटे तक का समय लग जाता है

विधायक ममता देवी ने कहा कि दुलमी प्रखंड के लाखों निवासियों को थाना न होने की वजह से कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सुरक्षा की दृष्टि से यह बेहद आवश्यक है कि इस क्षेत्र में जल्द से जल्द थाना स्थापित किया जाए ताकि अपराध नियंत्रण और पुलिस सहायता की पहुँच बेहतर हो सके। उन्होंने सरकार से दुलमी प्रखंड में शीघ्र थाना निर्माण की मांग की और आशा जताई कि इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। जिसकी जानकारी दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने दिया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना से संबंधित बैठक






प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड में कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना पदाधिकारी के द्वारा पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिसमें इनके द्वारा प्लॉट संख्या 31 से भूमि पूजन कर उत्खनन का कार्य प्रारम्भ करने की बात कही गई। अभी तक कुल 84.92 एकड़ भूमि का Statement VI निर्गत कर दिया गया है। जिस पर उपायुक्त के द्वारा वर्षवार गैरमजरूआ खास जंगल झाड़ी एवं अन्य पर स्Statement VI निर्गत किये जाने की संख्या एवं रकवा पृच्छा की गई। उक्त के आलोक में के0बी0पी के द्वारा कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना हेतु पाँच वर्षो का Mine Operation तालिका पर वर्षवार समीक्षा किया गया, जो निम्नवत है- 1. वर्ष 2025-26 वर्ष 2025-26 के लिए कुल रकवा 116.13 एकड़ गैरमजरूआ जंगल-झाड़ी में से 51.92 एकड़ भूमि का Statement VI निर्गत है, शेष 64.21 एकड़ का Statement -VI का आवेदन अंचल अधिकारी, माण्डू के पास लंबित है, जिसे दस्तावेजों के जाँच कर दस्तावेज सही होने पर एक सप्ताह के अन्दर निर्गत करने का निदेश दिया गया।2. वर्ष 2026-27 वर्ष 2026-27 के लिए कुल रकवा 23.20 एकड़ गैरमजरूआ जंगल-झाड़ी3. वर्ष 2027-28 वर्ष 2027-28 के लिए कुल रकवा 33.26 एकड़ गैरमजरूआ जंगल-झाडी 4. वर्ष 2028-29 वर्ष 2028-29 के लिए कुल रकवा 40.03 एकड़ गैरमजरूआ जंगल झाड़ी5. वर्ष 2029-30¬ वर्ष 2029-30 के लिए कुल रकवा 18.29 एकड़ गैरमजरूआ जंगल-झाड़ी पूर्व में ही 33.00 एकड़ भूमि का Statement-VI वर्ष 2026-27 से 2029-30 तक उल्लेखित तालिका हेतु निर्गत है। इस पर उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि अगले एक माह के अन्तराल पर सभी चार वर्षों में एक-एक वर्ष कर शतप्रतिशत Statement VI निर्गत करने की कार्रवाई करे। अगले, अन्तिम व छठे वर्ष का Plan सी0सी0एल0 से मंतव्य के अनुसार किया जाना आपेक्षित है। उपस्थित सी0सी0एल0 एवं उनके एम0डी0ओ0 को निदेश दिया गया कि ग्रामीणों को प्राप्त Statement VI के अनुसार नौकरी एवं मुआवजा के लिए प्रेरित करे एवं विशेष कैम्प लगाकर ग्रामीणों से आवेदन लेते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई करे। साथ ही सी0सी0एल0 कोतरे बंसतपुर पचमो परियोजना के अन्तर्गत मौजा कोतरे, बंसतपुर एवं पचंडा के तहत कुल रकवा 59.91 एकड़ रैयती भूमि में 11.105 एकड़ भूमि का निर्गत है। शेष बचे 48.805 एकड़ भूमि का निर्गत करने हेतु लंबित है। अंचल अधिकारी, माण्डू को निर्देश दिया गया कि शेष 48.805 एकड भूमि का हेतु संबंधित रैयतों से आवेदन प्राप्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य हेतु सी0सी0एल0 एवं उनके एम0डी0ओ0 रैयतों से समन्वय स्थापित करते हुए अंचल कार्यालय को आपेक्षित सहयोग करेंगे। साथ ही निदेश दिया गया कि वर्तमान में जिस जमीन से संबंधित निर्गत किया गया है या निर्गत करने हेतु कार्रवाई की जा रही है अथवा वन विभाग द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त जमीन पर कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। लेकिन जिस जमीन का Statement -VI निर्गत नहीं किया गया है. उस पर कार्य नहीं करेंगे। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सैमको म्यूचुअल फंड लार्ज कैप एनएफओ लॉन्च

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है। एनएफओ 5 मार्च, 2025 से 19 मार्च, 2025 तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सीएआरई का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करके लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है। उच्च गुणवत्ता, विकास-संचालित अवसरों की पहचान करने के लिए मोमेंटम स्ट्रेटेजी का उपयोग होगा। लार्ज-कैप सेगमेंट एक पसंदीदा निवेश माध्यम बना हुआ है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच स्थिरता और लगातार रिटर्न प्रदान करता है। भारत की अर्थव्यवस्था विकास पथ पर है, लार्ज-कैप फंडों ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया है, जो मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के साथ स्थापित व्यवसायों द्वारा समर्थित है। निवेशक जोखिम और रिवॉर्ड को संतुलित करना चाहते हैं। सैमको लार्ज कैप फंड को प्रोपराइटरी सीएआरई का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बाजार प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर गतिशील रूप से शेयरों का चयन करता है। यह फंड लार्ज-कैप इक्विटी में न्यूनतम 80 प्रतिशत एक्सपोजर के साथ उच्चतम एसेट अलोकेशन सुनिश्चित करता है, जिससे निवेशकों को अच्छी तरह से स्थापित और मौलिक रूप से मजबूत व्यवसायों तक पहुंच मिलती है। लॉन्च पर सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विराज गांधी ने कहा, मौजूदा बाजार माहौल में भारत में लार्ज-कैप शेयरों की कीमत मिड और स्मॉल कैप की तुलना में आकर्षक हो गई है, जो एक आकर्षक निवेश अवसर पेश करता है। इस फंड का प्रबंधन निराली भंसाली, उमेशकुमार मेहता और धवल घनश्याम धनानी द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। मौलिक और मोमेंटम आधारित निवेश में उनकी गहरी विशेषज्ञता निवेशकों के लिए रिटर्न को अधिकतम करने के लिए फंड की रणनीति को आगे बढ़ाएगी।

## सदका ए फित्र कम से कम 75 रुपया अदा करें : तंजीम अहले सुन्नत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तंजीम अहले सुन्नत धनबाद की एक अहम बैठक सदका ए? फीत्र के हवाले से रहमतगंज स्थित मदरसा तेगिया में मुफ्ती अलाउद्दीन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मौलाना गुलाम सरवर कादरी, मौलाना यूनुस रजा फैजी, मुफ्ती रिजवान अहमद शादी, अलहाज कारी गुलाम मोहिउद्दीन अशरफी, कारी मो. मुनीरूद्दीन, गुलाम मो. अत्तारी, हाफिज गुलाम दस्तगीर, हाफिज शकील नूरी सहित धनबाद के कई उलेमा एवं मस्जिदों के इमाम मौजूद रहे। सभी ने आपसी राय मशवरे के बाद यह ऐलान किया है की धनबाद जिला के निवासी सदका ए फित्र के रूप में कम से कम 75 रुपया अदा करें।बैठक में सभी ने यह स्पष्ट किया की 2 किलो 45 ग्राम गेहूं की कीमत 75 रुपए, 4 किलो 90 ग्राम जौ की कीमत 115 रुपए, 4 किलो 90 ग्राम खजूर की कीमत 900 रुपए, 4 किलो 90 ग्राम किशमिश की कीमत 1045 रुपए, 4 किलो 90 ग्राम मुनक्का की कीमत 2050 रुपए है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति अपनी सलाहियत के मुताबिक इनमें से कोई एक रकम ईद उल फितर की नमाज से पहले पहले हर हाल में अदा करें, जिससे मदरसे और जरूरतमंदों की ज्यादा से ज्यादा मदद हो सके।

## जनता दरबार में फ्लैट ओनर्स ने की बिल्डर की शिकायत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने



मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें धैया के एक मल्टीस्टोरी अपार्टमेंट के फ्लैट ओनर्स ने बिल्डर की शिकायत करते हुए एडीएम को बताया कि आज सुबह बिल्डिंग के बेसमेंट में बिजली मीटर क्षेत्र में आग लग गई थी। इस कारण वहां के 20 फ्लैट में रहने वाले लगभग 70 लोग आग और धुआं में फंस गए। इसके कारण एक महिला बेहोश हो गई। एक व्यक्ति चोटिल भी हुआ। फ्लैट ओनर्स ने बताया कि बिल्डिंग में फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है। आसपास के लोगों ने रेत फेंक कर आग पर काबू पाया। मीटर क्षेत्र में आग लगने के कारण बिजली कट गई है। बिल्डिंग के निवासी बिना बिजली और पानी के रह रहे हैं। जबकि कोमन एरिया का बिजली कनेक्शन बिल्डर के नाम पर है। जब बिल्डर को घटना की जानकारी देकर बिजली कनेक्शन रिस्टोर करने का अनुरोध किया तो उसने हाथ खड़े कर दिए और फोन भी रिसीव करना बंद कर दिया। मामले पर संज्ञान लेकर एडीएम ने नगर निगम को इसकी जांच करने का निर्देश दिया।निरसा की एक महिला ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु दस वर्ष पहले हो गई है। तब से उनके चाचा परिवार को प्रताड़ित करते आ रहे हैं। उनके घर की तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाकर निजता का हनन कर रहे हैं। उनकी जमीन पर एक मोबाइल टावर भी है। जिसका एग्रीमेंट 30 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। महिला ने सीसीटीवी कैमरा एवं मोबाइल टावर हटवाने की गुहार लगाई।वहीं बाघमारा से आए व्यक्ति ने बताया कि उनकी खतियानी जमीन पर कोयला माफिया द्वारा कोयला का अवैध खनन किया जा रहा है। एक महिला ने बताया कि भेलाटांड़ बरवाअड्डा में जमीन दलाल ने उसके पिता से डेढ़ लाख रुपया लेकर सीएनटी की जमीन दिल दी। इसके अलावा जनता दरबार में अबुआ आवास, ऑनलाइन रसीद नहीं काटने, मानसिक रूप से विक्षिप्त पति को रांची भेज कर इलाज कराने, कृषि भूमि पर कॉल डिपो खोलकर जबरन बाउंड्री वॉल बनाने, ऑनलाइन पंजी 2 में अंचल कार्यालय द्वारा गलत एंट्री कर देने, 11 फीट चौड़ी आम सड़क पर दिवाल बनाकर पीडीएस दुकान का मार्ग अवरूद्ध कर देने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

## दिल्ली के लिए मिल सकती है एक और ट्रेन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद से सीआईसी सेक्शन के रास्ते



दिल्ली की नई स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। धनबाद रेल मंडल ने पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के माध्यम से यह प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा है। धनबाद डिविजन की इस मांग पर रेलवे बोर्ड की मुहर लगने की उम्मीद जताई जा रही है। यदि हरी झंडी मिलती है तो ट्रेन धनबाद से खुल कर बरकाकाना-चोपन-चुनार होते हुए धनबाद से दिल्ली जाएगी।

## बलियापुर में जलापूर्ति ठप, लोग परेशान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शीतलपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में आई तकनीकी गड़बड़ी के कारण तीन दिनों से जलापूर्ति ठप्प है। जलापूर्ति नहीं होने से 41 गांवों के करीब पचास हजार लोग परेशान हैं। बलियापुर मेगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना फेज एक के तहत शीतलपुर, बाघमारा, दुधिया, ब्राह्मणडीहा, आमझर, सिंदूरपुर, सहित 41 गांव में जलापूर्ति देने की बात कही गई थी। लोगों को नियमित पानी नहीं मिल रहा है। पीएचईडी के जूनियर इंजीनियर लखीराम मांझी ने कहा कि मोटर पंप को मरम्मती के लिए भेजा गया है। मोटर ठीक होते हैं जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। भिखराजपुर पंचायत के सदर मुस्ताक आलम का कहना है कि नियमित जलापूर्ति नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चौकटांड़ गांव के उमेश रजवार का कहना है कि गांव में एक हजार की आबादी है। बावजूद अभी तक जलापूर्ति बहाल नहीं हुई है। सिंदूरपुर के अशोक मुखर्जी ने कहा कि सिंदूरपुर गांव में पांच सौ की आबादी है। जलापूर्ति बहाल नहीं होने से लोगों को पानी के लिए दूर दराज जाना पड़ता है। व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो इसको लेकर जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा जगरनाथ हॉस्पिटल के अल्ट्रा स्कैन सेन्टर में की गई छापेमारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** दिनांक 04 मार्च 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा धनबाद जिला अंतर्गत स्टील गेट स्तिथ जगरनाथ हॉस्पिटल के अल्ट्रा स्कैन सेन्टर में औचक निरीक्षण किया गया।जांच के दौरान पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा जगरनाथ हॉस्पिटल के अल्ट्रा स्कैन सेन्टर में अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा अल्ट्रासाउंड करते पकड़ा गया, जो कि पीसी एंड पीएनडीटी के नियम का उलंघन है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन एवं उपायुक्त द्वारा गठित पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा उस सेंटर और यूएसजी मशीन को सील कर दिया गया।उपायुक्त द्वारा गठित टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, सहायक नोडल पीसी एंड पीएनडीटी डॉ विकास कुमार राणा, डॉ सुनील कुमार, डॉ राकेश ईन्दर सिंह, डॉ सैम्स तबरेज आलम, एवं एनजीओ से पूजा रतनाकर मौजूद थें।

## 6 वर्षीय नन्ही रोजेदार हाजरा ने रोजा रखा, मांगी दुआएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान शुरू हो चुका है। इस तपती गर्मी के बावजूद बड़ों के साथ साथ मासूम बच्चे भी रोजा रख कर भूख और प्यास को मात दे रहें हैं और अल्लाह को राजी करने की कोशिश कर रहें हैं। इस दौरान वासेपुर स्थित मदीना नगर के रहने वाले नौशाद अंसारी एवं शाहिना परवीन की 6 वर्षीय बेटी हाजरा परवीन ने रमजान का रोजा रखा, नमाज पढ़ी और सारा दिन पवित्र कुरान की तिलावत और इबादत में गुजारी। नन्ही रोजेदार हाजरा ने बताया कि अल्लाह की रजा के लिए उसने रोजा रखा और सभी की बेहतरी, सलामती और भलाई के लिए दुआएं भी मांगी। उसने बताया की अपने घर के बड़ों को रोजा रखता देख उसके अंदर भी रोजा रखने का जज्बा पैदा हुआ। वहीं इस बाबत हाजरा के घर वाले काफी खुश हैं और अपनी बच्ची को ढेरों दुआएं दी।

## अबुआ सरकार का बजट बेहतरीन और ऐतिहासिक : अनुपमा सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** अबुआ सरकार अपने टेनोर का पहला वित्तीय बजट 2025 ङ्क 26 पेश किया है। जिसमें सोशल सेक्टर का विशेष ध्यान के साथ-साथ सरकार ने अंतिम पायदान पर खड़े राज्य के कमजोर गरीबों वंचितों एवं महिलाओं के बारे में सबसे अधिक सोचा है और उस पर सरकार काम करने जा रही है। सामाजिक सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया गया है साथ ही साथ उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग किसानों के ऋष्ण वापसी जिसका फायदा इस बार 4 लाख किसानों को होगा तथा सभी विभागों का ध्यान सरकार ने रखा है। शिक्षा के क्षेत्र को नई उड़ान दी गई है। मेडिकल के साथ-साथ मास कम्युनिकेशन बिजनेस के कॉलेज खुलेंगे जिससे कि झारखंड के छात्र-छात्राओं को दूसरे प्रदेशों में उच्च शिक्षा के लिए नहीं जाना पड़ेगा।

## बेनज़ीर की अध्यक्षता में हुआ ब्लड डोनेशन कैंप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** नेशनल थैलेसीमिया वेलफेयर एवं एफबीडीओआई के द्वारा टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर लिमिटेड, जमशेदपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 40 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन ऑफ ब्लड डोनर ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया की गवर्निंग बॉडी मेम्बर एवं भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद की ब्लड डोनेशन प्रोग्राम की नोडल पदाधिकारी बेनज़ीर परवीन के द्वारा किया गया। इस शिविर में भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद की ओर से सुजीत कुमार, उज्जवल कुमार नायक और कृष्ण वर्मा शामिल हुए।




## कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

### आवश्यक सूचना

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर.टी.ई). के अंतर्गत सत्र 2025–26 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत स्थानों पर ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करने के संबंध में**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) एवं विभागीय अधिसूचना संख्या 237 दिनांक 16.02.16 के अनुपालन में गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के ( क्रमशः 01 कि.मी., 03 कि.मी. एवं अंततः 06 कि.मी. दूरी सीमा तक) अभिवंचित समूह (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशक्त बच्चे एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जिनके परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय रू. 72,000 से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है।

माता–पिता / पालक / अभिभावक की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि–

(क) पास पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के लिए माता–पिता / पालक / अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे।

(ख) अभिवंचित वर्ग की मान्यता के लिए माता / पिता / अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र, निःशक्त बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत 40% से अधिक का निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं कमजोर वर्ग की आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा।

(ग) प्रवेश कक्षा प्री–नर्सरी / नर्सरी / प्रेप / एल.के.जी / के.जी. में नामांकन हेतु उम्र सीमा 3 वर्ष 6 माह से 4 वर्ष 6 माह के बीच होगी एवं

(घ) उम्र की गणना 31 March 2025 के आधार पर होगी।

ऑनलाइन आवेदन कार्यालय के वेबसाइट www.rteranchi.in पर ऑनलाइन 04.03.2025 से 31.03.2025 तक भरा जाएगा ।

आवेदन पत्र जमा करने के समय संलग्न किए गए प्रमाण पत्रों का संबंधित विद्यालय, संबंधित बेवसाईट से अनिवार्य रूप से सत्यापन करेंगे अतएव कोई भी गलत प्रमाण पत्र संलग्न किए जाने की पूरी पूरी जबावदेही संबंधित माता–पिता / पालक / अभिभावक की होगी। आवेदन हेतु तालिका के कॉलम 4 में प्रवेश कक्षा का नाम एवं कॉलम 6 में आरक्षित सीटों की संख्या अंकित है।

| SL | BLOCK | Name | Entry Class | Total_ Seat | Seat Reserved under 12 (1) (C ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ANGARA | ST. ALOYSIUS HIGH SCHOOL, ENGLISH MEDIUM, ANGARA | LKG | 32 | 8 |
| 2 | BERO | ST JAGAT GYAN MAHARSHI MEHI PUBLIC SCHOOL, BERO | NURSERY | 30 | 7 |
| 3 | BERO | D A V VIVEKANANDA PUBLIC SCHOOL, BERO | NURSERY | 40 | 10 |
| 4 | BUNDU | SYMBIOSIS PUBLIC SCHOOL, BUNDU | NURSERY | 40 | 10 |
| 5 | BUNDU | SOUTH POINT PUBLIC SCHOOL, BUNDU | NURSERY | 32 | 8 |
| 6 | BUNDU | MAHATMA N D GROWER DAV PUBLIC SCHOOL, BUNDU | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 7 | CHANHO | VIDYA NIKETAN RESIDENTIAL SCHOOL SONS, CHANHO | LKG | 32 | 8 |
| 8 | CHANHO | BAGHWAR ACADEMY, CHANHO | NURSERY | 30 | 7 |
| 9 | CHANHO | N CAMBRIAN SCHOOL | PREP | 20 | 5 |
| 10 | KANKE | NIRJA SAHAY DAV PUBLIC SCHOOL, KANKE | NURSERY | 25 | 6 |
| 11 | KANKE | G & H HIGH SCHOOL, EDALHATU | NURSERY | 40 | 10 |
| 12 | KANKE | LADY K C ROY MEMORIYAL TENDAR, KANKE | PRE NURSERY | 40 | 10 |
| 13 | KANKE | A-ONE PUBLIC SCHOOL, NEORI, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 14 | KANKE | SHINE VALLEY SCHOOL , OYANA, KANKE | NURSERY | 40 | 10 |
| 15 | KANKE | ST. JOHN'S ENGLISH MEDIUM SCHOOL KARBALA TANK RD, RANCHI | LKG | 80 | 20 |
| 16 | KANKE | VIKAS VIDYALAYA NEORI, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 17 | KANKE | ST. MOTHER TERESA HIGH SCHOOL NEORI,KANKE | NURSERY | 44 | 11 |
| 18 | KANKE | SPRINGDALE PUBLIC SCHOOL,KHELAGAON ROAD, RANCHI | LKG | 32 | 8 |
| 19 | KANKE | CHIRANJEEVEE CONCEPT SCHOOL , HOCHER, KANKE | NURSERY | 40 | 10 |
| 20 | KANKE | ST ARVINDO ACADEMY, ARGORA HOUSING SCHOOL, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 21 | KANKE | CORONA UNIVERSAL SCHOOL,MANATU,RANCHI | NURSERY | 32 | 8 |
| 22 | KANKE | SHARDA GLOBAL SCHOOL , BUKRU NAGRI, KANKE | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 23 | KANKE | VIDYA VIKAS PUBLIC SCHOOL, BOREYA, KANKE | PRE NURSERY | 36 | 9 |
| 24 | KANKE | MANAN VIDYA , DUMARDAGA,BOOTY MORE, RANCHI | NURSERY | 25 | 6 |
| 25 | KANKE | BERLIN PUBLIC SCHOOL KANKE ROAD,RANCHI | PRE NURSERY | 24 | 6 |
| 26 | KANKE | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL KANKE ROAD,RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 27 | KANKE | DAV KAPILDEV PUBLIC SCHOOL KADRU,RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 28 | KANKE | DAV PUBLIC SCHOOL BARIYATU,RANCHI | NURSERY | 30 | 8 |
| 29 | KANKE | DAV PUBLIC SCHOOL SECTOR-3 DHURWA,RANCHI | KG | 30 | 10 |
| 30 | KANKE | DAV NANDRAJ MODERN SCHOOL LALPUR,RANCHI | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 31 | KANKE | DAV NANDRAJ PUBLIC SCHOOL,BOOTY ROAD, RANCHI | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 32 | KANKE | DAV PUBLIC SCHOOL, GANDHI NAGAR, CCL,RACNHI | PRE NURSERY | 60 | 15 |
| 33 | KANKE | DELHI PUBLIC SCHOOL SAIL TOWNSHIP,RANCHI | NURSERY | 148 | 37 |
| 34 | KANKE | FIRAYALAL PUBLIC SCHOOL,MAIN ROAD, RANCHI | NURSERY | 32 | 8 |
| 35 | KANKE | FIRST MARK PUBLIC SCHOOL BARIYATU RANCHI | NURSERY | 30 | 8 |
| 36 | KANKE | GREENLAND PUBLIC SCHOOL, HATIA | NURSERY | 32 | 8 |
| 37 | KANKE | GURU NANAK HIGHER SECONDARY SCHOOL, PP COMPUND,RANCHI | NURSERY | 72 | 18 |
| 38 | KANKE | HOLY CHILD PUBLIC SCHOOL, HEHAL, BAZRA, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 39 | KANKE | INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL, KANKE ROAD, RANCHI | LKG | 40 | 10 |
| 40 | KANKE | KAIRALI SCHOOL SECTOR 2, HEC, RANCHI | PRE KG | 40 | 10 |
| 41 | KANKE | L A GARDEN SCHOOL, LOWER CHUTIA, SAMLONG,RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 42 | KANKE | LOYOLA CONVENT SCHOOL BUTI,RANCHI | PRE NURSERY | 25 | 6 |
| 43 | KANKE | NIRMALA CONVENT HIGH SCHOOL, EDALHATU, RANCHI | PRE NURSERY | 120 | 30 |
| 44 | KANKE | OXFORD PUBLIC SCHOOL PRAGATI PATH, RANCHI | PRE NURSERY | 32 | 8 |
| 45 | KANKE | PRABHAT TARA MIDDLE SCHOOL, JAGANNATHPUR, RANCHI | LKG | 52 | 13 |
| 46 | KANKE | RTC HIGH SCHOOL,BUTIMORE, RANCHI | KG | 44 | 11 |
| 47 | KANKE | SACHIDANAND GYAN BHARTI MODEL SCHOOL,DORANDA, RANCHI | PRE NURSERY | 30 | 7 |
| 48 | KANKE | ST. PATRICK'S SCHOOL, LALPUR, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 49 | KANKE | SURENDRANATH CENTENARY SCHOOL, HAZARIBAGH ROAD, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 50 | KANKE | VIVEKANANDA VIDYA MANDIR, SECTOR-2, RANCHI | LKG | 100 | 25 |
| 51 | KANKE | PRIM ROSE PUBLIC SCHOOL,BARAGAIN, BARIYATU, RANCHI | NURSERY | 20 | 6 |
| 52 | KANKE | HOLY CROSS SCHOOL,VARDMAN COMPUND, RANCHI | NURSERY | 80 | 20 |
| 53 | KANKE | RTC HIGH SCHOOL, BOOTY MORE, RANCHI | NURSERY | 32 | 8 |
| 54 | KANKE | A G CHURCH HIGH SCHOOL TIRILM DHELA TOLI, RANCHI | NURSERY | 25 | 6 |
| 55 | KANKE | FR. AGNEL SCHOOL, NAYA TOLI, DIBADIH, RANCHI | NURSERY | 25 | 6 |
| 56 | KANKE | RISE ACADEMY HIGH SCHOOL,KALYANPUR, HATIA, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 57 | KANKE | MONT FORT SCHOOL, KANKE ROAD, RANCHI | NURSERY | 30 | 7 |
| 58 | KANKE | CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL,BUTI, RANCHI | NURSERY | 32 | 8 |
| 59 | KANKE | SEVEN STARS ACADEMY,MANDAP TOLI NEAR ITI RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 60 | KANKE | BALDEV PUBLIC SCHOOL, BUTI | NURSERY | 32 | 8 |
| 61 | KANKE | ASCOT INTERNATIONAL SCHOOL, BHARAT MATA CHOWK HARMU ROAD RANCHI | PRE NURSERY | 32 | 8 |
| 62 | KANKE | DAV SWARNREKHA PUBLIC SCHOOL, HARMU, RANCHI | NURSERY | 35 | 9 |
| 63 | KANKE | DELHI PUBLIC SCHOOL GREATER,NEORI VIKAS, MESRA, RANCHI | NURSERY | 28 | 7 |
| 64 | KANKE | AARUNI PUBLIC SCHOOL,BOOTY, RANCHI | PRE NURSERY | 24 | 6 |
| 65 | KANKE | JAWAHAR VIDYA MANDIR, SHYAMALI | LKG | 240 | 60 |
| 66 | KANKE | ST. XAVIER SCHOOL DHURWA, RANCHI | NURSERY | 20 | 5 |
| 67 | KANKE | SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR DHURWA, RANCHI | KG -ONE | 60 | 15 |
| 68 | KHELARI | DAV CO OPERATIVE KHELARI, RANCHI | LKG | 40 | 10 |
| 69 | KHELARI | SARASWATI SISHU VIDYA MANDIR +2 SCHOOL DAKRA, RANCHI | LKG | 60 | 15 |
| 70 | KHELARI | SARASWATI VIDYA MANDIR KARKATTA, KHELARI | LKG | 60 | 15 |
| 71 | KHELARI | URSULINE CONVENT SCHOOL KHELARI, KHELARI | NURSERY | 60 | 15 |
| 72 | KHELARI | SEVA MARG MIDDLE SCHOOL MACLUSKIGANJ, KHELARI | NURSERY | 40 | 10 |
| 73 | KHELARI | JANET ACADEMY,KHELARI, | LKG | 25 | 6 |
| 74 | KHELARI | JHARKHAND PUBLIC SCHOOL, MOHAN NAGAR, DAKRA | NURSERY | 32 | 8 |
| 75 | MANDAR | OXBRIDGE SCHOOL MANDER,RANCHI | CLASS-NURSERY | 30 | 8 |
| 76 | MANDAR | ST. ANNE'S CONVENT SCHOOL, MANDAR | NURSERY | 60 | 15 |
| 77 | MANDAR | MOTHERS INTERNATIONAL SCHOOL,ZAHER,BRAMBE,MANDAR | NURSERY | 32 | 8 |
| 78 | MANDAR | DAYANAND ARYA VIDYA PUBLIC SCHOOL, KANDRI, MANDER | NURSERY | 40 | 10 |
| 79 | NAGRI | DAV ALOK PUBLIC SCHOOL, PUNDAG, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 80 | NAGRI | ST. MICHAEL'S SCHOOL,JAJPUR, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 81 | NAGRI | S R DAV PUBLIC SCHOOL, PUNDAG, RANCHI | NURSERY | 20 | 5 |
| 82 | NAGRI | ST. JAGAT GYAN PUBLIC SCHOOL, NAGRI, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 83 | NAGRI | LOHIYA PUBLIC SCHOOL CHEKNAKA,LODHMA, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 84 | NAGRI | GYANODAYA ACADEMY PISKA NAGRI,NAGRI | NURSERY | 28 | 7 |
| 85 | NAGRI | SACRED MISSION HIGH SCHOOL,SAHER, NAGRI | NURSERY | 48 | 12 |
| 86 | NAGRI | VIDYA MANDIR PUBLIC SCHOOL, KATARPA, PISKA NAGRI, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 87 | NAGRI | ADITYA PRAKASH JALAN SARASWATI VIDYA MANDIR ,NAGRI | NURSERY | 40 | 10 |
| 88 | NAGRI | HIS BLESSING CONVENT SCHOOL,NAGRI | NURSERY | 40 | 10 |
| 89 | NAMKUM | BRIDGE FORD SCHOOL,TIPUDANA, RANCHI | PRE NURSERY | 32 | 8 |
| 90 | NAMKUM | CAMBRIDGE SCHOOL,TATI SILWAI, NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 91 | NAMKUM | DAV NAGESHWAR PUBLIC SCHOOL, CHANDAGHAHI, NAMKUM | NURSERY | 20 | 5 |
| 92 | NAMKUM | GAUTAM BUDDHA INTERNATIONAL SCHOOL,TATISILWAI, NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 93 | NAMKUM | ODM SAPPHIRE GLOBAL SCHOOL HARDAG, NAMKUM | NURSERY | 15 | 4 |
| 94 | NAMKUM | SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL , MAHILONG, NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 95 | NAMKUM | TAURIAN WORLD SCHOOL,ZERO MILE,TUPUDANA, RANCHI | LKG | 20 | 5 |
| 96 | NAMKUM | TENDER HEART SENIOR SECONDARY SCHOOL TUPUDANA, RANCHI | PRE NURSERY | 40 | 10 |
| 97 | NAMKUM | IMMACULATE HEART OF MARY MIDDLE SCHOOL, PALANDU, NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 98 | NAMKUM | DON BOSCO ENGLISH MEDIUM SCHOOL HESAG HATIA,RANCHI | PRE NURSERY | 48 | 12 |
| 99 | NAMKUM | SNEHKUL PUBLIC SCHOOL ,TIPUDANA | NURSERY | 35 | 9 |
| 100 | NAMKUM | DIVINE MERCY SCHOOL,TUMBAGUTTU, NAMKUM | LKG | 80 | 20 |
| 101 | NAMKUM | ST THOMAS SCHOOL HARDAG, RANCHI | KG - 1 | 40 | 10 |
| 102 | NAMKUM | HAPPY CHILDREN SCHOOL TUPUDANA | NURSERY | 40 | 10 |
| 103 | NAMKUM | KATHERINE ACADEMY , ARA GATE, NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 104 | NAMKUM | BETHANI CONVENT SCHOOL RAJA ULATU NAMKUM | NURSERY | 40 | 10 |
| 105 | NAMKUM | GD GOYANKA SCHOOL NAMKUM, RANCHI | NURSERY | 25 | 6 |
| 106 | ORMANJHI | CALCUTTA PUBLIC SCHOOL ORMANJHI | LOWER NURSERY | 40 | 10 |
| 107 | ORMANJHI | BNN INTERNATIONAL SCHOOL | NURSERY | 20 | 5 |
| 108 | RAHE | SARVODAY SCHOOL RAHE, RANCHI | NURSERY | 80 | 20 |
| 109 | RATU | BETHANI CONVENT SCHOOL MAKHMANDRO, RATU | LKG | 52 | 13 |
| 110 | RATU | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL , RATU, RANCHI | NURSERY | 20 | 5 |
| 111 | RATU | DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL,RANCHI | NURSERY | 80 | 20 |
| 112 | RATU | GURU GOBIND SINGH PUBLIC SCHOOL , KAMRE, KANKE | NURSERY | 50 | 12 |
| 113 | RATU | J.K. INTERNATIONAL SCHOOL AGRU, RATU | LKG | 40 | 10 |
| 114 | RATU | LALA LAJPAT RAI BAL MANDIR SR SEC SCHOOL | PRE NURSERY | 40 | 10 |
| 115 | RATU | R.B. SPRINGDALE PUBLIC SCHOOL ,HEHAL PATRA TOLI, RANCHI | NURSERY | 40 | 10 |
| 116 | RATU | SHRADHANAND BAL MANDIR SENIOR SECONDARY SCHOOL , KAMRE, RANCHI | NURSERY | 20 | 5 |
| 117 | RATU | ST. COLUMBUS SCHOOL MURGU, RATU | NURSERY | 12 | 3 |
| 118 | RATU | LOTUS MONTESSERY SCHOOL BAJPUR, RANCHI | NURSERY | 32 | 8 |
| 119 | SILLI | ST. MICHAEL'S SCHOOL MURI,SILLI | NURSERY | 12 | 3 |
| 120 | SILLI | RTC PUBLIC SCHOOL SIGNPUR, MURI, RANCHI | NURSERY | 80 | 20 |

नोट :–

1. आवेदको की सुविधा हेतु जिला समाहरणालय परिसर, ब्लॉक–ए, के प्रवेश द्वारा के सामने श्री संजय कुमार (9304306945), जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के कमरा संख्या 113 श्री संचित मिंज (7004459341) एवं झारखण्ड शिक्षा परियोजना जिला कार्यालय, बी. एम.पी. मध्य विद्यालय, डोरण्डा परिसर, राँची श्री प्रताप कुमार (9430725151) में हेल्प डेस्क दिनांक 31.03.2025 तक क्रियाशील रहेगा जिसमें फार्म भरने एवं संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी ।
2. इच्छुक अभिभावकों से अनुरोध किया जाता है कि अपने बच्चें के नामांकन हेतु उसी विद्यालय में आवेदन पत्र समर्पित करेंगे जो उनके पास पड़ोस (क्रमशः 01 कि.मी., 03 कि.मी. एवं अंततः 06 कि.मी. दूरी सीमा तक) में अवस्थित है तथा जहाँ उनके बच्चे के उम्र अनुरूप प्रवेश कक्षा की सुविधा उपलब्ध है। कृपया माता / पिता या अभिभावक बच्चे की आयु का अलग अलग घोषणापत्र अथवा वास्तविक से कम उम्र के प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन के अवैध प्रयास में सम्मिलित नहीं होंगे।
3. कृपया निम्नलिखित विकल्प में से प्रत्येक का कोई एक प्रमाण प्रस्तुत करें :

   * जन्म प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
   1. सक्षम प्राधिकार से निर्गत जन्म प्रमाण–पत्र।

   ** आवास प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
   1. बच्चे का नाम वाले पिता / माता के नाम पर जारी राशन कार्ड।
   2. बच्चे का या उसके माता–पिता के निवास का प्रमाण–पत्र।
   3. माता–पिता में से किसी एक का निवास का प्रमाण –पत्र
   4. बिजली बिल / टेलीफोन बिल।
   2. आधार कार्ड / जॉब कार्ड।

   *** आय प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
   1. अंचालाधिकारी से निर्गत आय प्रमाण–पत्र (सभी स्रोतों से वार्षिक आय रू0 72000.00 से कम हो)

   **** अभिवंचित वर्ग का प्रमाण :
   1. उपायुक्त / अनुमण्डलाधिकारी / अंचलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र।
   2. सरकारी अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत 40% से अधिक का निःशक्तता प्रमाण पत्र यदि बच्चा निःशक्त हो।

**ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया का प्रारंभ | 04.03.2025 |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि– | 31.03.2025 |
| 3 | सक्षम प्राधिकार के द्वारा संलग्न दस्तावेजों की जाँच | 01.04.2025 से 10.04.2025 तक |
| 4 | लॉटरी द्वारा चयन एवं चयनित बच्चों की सूची का प्रकाशन के लिए संभावित तिथि– | 15.04.2025 अथवा 16.04.2025 |
| 5 | प्रथम चरण के नामांकन हेतु निर्धारित तिथि– | 17.04.2025 से 30.04.2025 |

- नामांकन की पूरी प्रक्रिया जिले के वेबसाइट www.rteranchi.in पर ऑनलाइन पूरी की जायेगी।
- संबंधित माता–पिता / अभिभावकों को वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा।
- रजिस्ट्रेशन उपरांत संबंधित वेबसाइट पर पूरा फॉर्म ऑनलाइन भरा जाना है।
- फॉर्म भरने के क्रम में माता–पिता / अभिभावक वेबसाइट पर अंकित विद्यालयों की सूची में से अपने आवास के आस–पास निर्धारित दूरी में अवस्थित तीन विद्यालयों का नाम अंकित कर सकेंगे। ऑनलाइन Randomise करने के क्रम में फॉर्म में अंकित किसी भी एक विद्यालय में चयन हो सकता है अथवा निर्धारित सीट से अधिक संख्या में आवेदन होने पर किसी भी विद्यालय में चयन नहीं भी हो सकता है।
- फॉर्म भरने के क्रम में जहाँ से फॉर्म भरा जायेगा उसका ऑनलाइन लोकेशन वेबसाइट पर स्वतः अंकित हो जायेगा। यदि माता–पिता / अभिभावक प्रज्ञा केन्द्र अथवा साईबर कैफे के सहयोग से आवेदन करेंगे तो उन्हें अपने घर का वास्तविक लोकेशन गूगल मैप पर select करना होगा। संबंधित प्रखण्ड का गूगल मैप फॉर्म भरने के क्रम में अपने आप खुल जायेगा। सावधानीपूर्वक अपने घर का लोकेशन चिन्हित करने की जवाबदेही माता–पिता / अभिभावक की होगी।
- फॉर्म भरने के बाद संबंधित दस्तावेज एवं बच्चे का फोटोग्राफ वेबसाइट पर अपलोड करना है।
- जन्म प्रमाण पत्र एवं अंचालाधिकारी से निर्गत आय प्रमाण–पत्र (सभी स्रोतों से वार्षिक आय रू0 72000.00 से कम हो) को भी अपलोड किया जाना है।
- उपरोक्त प्रमाण पत्रों की ऑनलाइन जाँच संबंधित सक्षम प्राधिकार के द्वारा इसी वेबसाइट पर किया जायेगा।
- गलत जानकारी अथवा तथ्यों को छुपाना अथवा गलत दस्तावेज अपलोड करने की स्थिति में जाँच के क्रम में नामांकन की प्रक्रिया के किसी भी समय आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जवाबदेही माता–पिता / अभिभावक की होगी।
- निर्धारित आरक्षित सीट से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित वेबसाइट के माध्यम से Randomise करते हुए लॉटरी के माध्यम से अंतिम रूप से चयन पूर्ण किया जायेगा।
- अंतिम रूप से चयनित सूची संबंधित वेबसाइट पर विद्यालय के लॉग–इन में उपलब्ध होगी जिसे विद्यालय के प्राचार्य द्वारा नामांकन उपरांत ऑनलाइन अद्यतन किया जायेगा।

PR 347776 Human Resource Developement (24-25)_D

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
नोडल पदाधिकारी, आर0टी0ई0, राँची

उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी, राँची

## चार दिनों तक क्रिकेट के रंग में रंगने को तैयार लोहरदगा, एलपीएल के चौके छक्के से गूंजेगा स्टेडियम

# क्रिकेट टूर्नामेंट से स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा मार्ग : धीरज प्रसाद साहू

➲ आईपीएल के तर्ज पर होने वाले टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आज सुबह 9 बजे से होगा आगाज, 8 मार्च को होगा फाइनल मैच

➲ सिने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा होंगे उद्घाटनकर्ता, 8 मार्च को इंडिया टीम के धुरंधर क्रिकेटर हरभजन सिंह और सुरेश रैना खेलेंगे फैंसी मैच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंतजार की घड़ी समाप्त होते ही क्रिकेट का जुनून सर चढ़कर बोलने लगा है। यह हाल बीते एक पखवारे से चल रही टूर्नामेंट की तैयारी में जुटे लोगों की लगनता और टूर्नामेंट में शामिल होने वाले दर्शकों की निगाहें देखकर कहा जा सकता है। साहू परिवार और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले 5 मार्च से आईपीएल के तर्ज पर चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हो जाएगा। पहले दिन का पहला मैच सुबह 9:00 बजे से न्यू दिल्ली और हरियाणा की टीम के बीच शुरू होगा। जो 11:30 तक चलेगा। इसके बाद 12:00 से 1:00 तक लंच ब्रेक होगा। इस बीच पहले टीम के विजेताओं को प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन भी किया जाएगा। इससे पूर्व सीने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा मैच का अन्य अतिथियों के साथ आगाज करेंगे। इसके बाद सेकंड हाफ का मैच जीएससीए और बिहार की टीम के बीच 1:00 बजे से 4:30 तक चलेगा। टूर्नामेंट की तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन को सफल बनाने में खुद संगठन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू तमाम विधि व्यवस्थाओं का फॉलोअप कर रहे हैं। मैच शुरू होने से एक दिन पूर्व भी उन्होंने स्टेडियम पहुंचकर चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। जहां भी वीवीआईपी, वीआईपी, टीम के खिलाड़ी और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था को सुदृढ़ किया। इसके अलावा पूरे आयोजन के दौरान लोगों को बांटी गई जिम्मेवारियों पर विशेष रूप से तैयार रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट लोहरदगा के खिलाड़ियों के लिए एक बेहतर मार्ग साबित होगा। इधर सफल आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। देशभर की कुल आठ प्रदेश की टीमों में मुंबई, कलकत्ता, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखण्ड और लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीम लोहरदगा पहुंच चुकी है। हर एक लोग निःशुल्क स्टेडियम में बैठकर मैच का लुत्फ उठा सकेंगे। 8 मार्च को फाइनल मैच होगा। जहां इंडिया टीम के रहे अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाडी हरभजन सिंह और सुरेश रैना भी शामिल होंगे। जिनके द्वारा फैंसी मैच भी खेला जाएगा।

**महिलाओं को भी दिया जाएगा सम्मान**

8 मार्च को फाइनल के दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई महिलाओं को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किए जाने का भी कार्य किया जाएगा। इसके अलावा कुछ महिला खिलाड़ियों को भी उपहार देकर सम्मान दिया जाएगा। पूरे टूर्नामेंट के दौरान महिलाओं के सम्मान में एक पवेलियन को सिर्फ महिलाओं के बैठने के लिए भी व्यवस्थित किया गया है। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, निशीथ जायसवाल, सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, नेयाज मल्लिक, आशीष कुमार, सतीश वर्मा, जयजीत चौबे, अमित कुमार सहित आयोजन समिति के पदाधिकारियों में उदय गुप्ता, संदीप गुप्ता, विशाल डुंगडुंग, अजय प्रजापति, हिमांशु केशरी, रोहित ओझा, अंकित गुप्ता, असलम, मनोज कुमार, सोमा उरांव, कविश जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

**चीयर्स गर्ल्स होगा आकर्षण का केंद्र**

मैच के दौरान चौके,छक्के पर दर्शकों को झूमाने के लिए चीयर गर्ल्स भी पूरे आयोजन में आकर्षण का केंद्र होगा। अलग-अलग जगह से मैच में शामिल होने के लिए चीयर्स गर्ल्स भी पहुंचेंगी।

**बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता के साथ झूमेगा लोहरदगा**

शुभारंभ कार्यक्रम के दिन ही 5 मार्च को संध्या 6 से स्टेडियम के निकट मैदान में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता अपने सुरों का जलवा बिखेरेंगे। उनके टीम के द्वारा देर रात तक एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें लोहरदगा वासी झूमने को मजबूर हो जाएंगे।

## बिजली समस्या को लेकर कार्यपालक अभियंता से मिले भाजपा नेता श्रद्धानन्द



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुरडेग प्रखंड हेठमा पंचायत के चापाबारी बारहखोईर के ग्रामीण निवासीयों के सुचना पर भाजपा नेता सह पुर्व प्रत्याशी सह समाजसेवी श्रद्धानंद बेसरा उनके बस्ती बारहखोईर पहुंचे एवं उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने बेसरा को बताया कि हमारे घरों में सौभाग्य योजना के तहत विगत 3 वर्ष पूर्व विद्युतीकरण के क्रम में विद्युत सहकर्मियों के द्वारा आधार कार्ड लेकर विद्युत मीटर लगाए गए थे। काफी दिन गुजर जाने के पश्चात जब हमारे नाम से बिजली बिल नहीं आया तब विद्युत मीटर का नंबर लेकर हम लोग विद्युत ऑफिस में बिल निर्गत करवाने के लिए गए तब आफिस में बैठे विद्युत कर्मियों के द्वारा हमें बताया गया की वह विद्युत मीटर का नंबर किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर आवंटित है साथ ही उन्होंने जानकारी दी की उन्हें नया मीटर लगाने के लिए सात-सात हजार रुपए देने होंगे। श्री बेसरा ने उपरोक्त संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमडेगा से मुलाकात कर समस्या से रूबरू कराया एवं आवेदन सौंपा और कहा कि ऐसे गैर जिम्मेदारान विद्युत सहकर्मियों के विरूद्ध जांच पड़ताल कर उनपर कार्रवाई की जाए एवं आग्रह किया कि गांव वालों की समस्या को दुरुस्त किया जाए।

# मैट्रिक में 53 छात्र छात्राओं ने दिया नागपुरी का परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में मंगलवार को नागपुरी की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमे नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु स्थित परीक्षा केंद्र में प्रखंड क्षेत्र के 54 छात्र छात्राओं में से 53 विद्यार्थियों ने नागपुरी का परीक्षा दिया वही एक छात्र अनुपस्थित रहा। केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। जिस निमित मंगलवार को निर्धारित समय पर नागपुरी का परीक्षा प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है तथा परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। मौके पर कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी राजीव कुमार समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में झारखंड सरकार के महिला बाल विकास समाजिक सुरक्षा विकास विभाग के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी सेविकाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण शिविर में महिला पर्यवेक्षिका सह प्रशिक्षक सुषमा कुजूर व बॉबी कुमारी नायक के द्वारा प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं को विस्तृत रूप से बताया गया की गर्भवती व धात्री महिलाओं को तथा 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चे बच्चियों के फेश एंथ्रेक्शन के लिये मोबाइल के माध्यम से फोटो खींच कर आधार और मोबाइल नम्बर को लिंक करना जिसे सभी को सरकार द्वारा दिये जाने वाले लाभ गर्भवती और धात्री महिलाओं तथा नन्हे मुन्ने बच्चे बच्चियों को लाभ मिले साथ ही बताया गया की जिनका फेश एंथ्रेक्शन द्वारा आधार और मोबाइल नम्बर लिंक नही होगा वैसे लाभार्थियों को राशन या अन्य तरह का लाभ नही मिल पायेगा। साथ ही प्रशिक्षण के क्रम में विभिन्न तरह का मोबाइल एप्प के बारे में भी बताया गया। मौके पर रजनी देवी, शहनाज बेगम, टिंकी देवी, किरण कुमारी, यशोदा कुमारी, अनवरी बेगम, हुमा समरीन, शांती देवी, पूनम तिर्की, शांता मिंज, सुषमा उरांव, संतोषी उरांव, सलेखा खातून, सुमंती एक्का समेत अन्य सभी सेविकाएं उपस्थित थे।

## कुडू थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को समय अपराह्न 4:00 बजे आगामी होली पर्व 2025 को लेकर कुडू थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियो, गणमान्य व्यक्तियो की उपस्थिति में अंचलाधिकारी कुडू मधुश्री मिश्रा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया।साथ ही पुलिस प्रशासन को भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अंचलाधिकारी कुडू श्रीमती मधुश्री मिश्रा ने कही की होली का त्यौहार आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए,मिलजुलकर रंगों का त्योहार को मनाए, किसी भी व्यक्ति को उनके इच्छा के विरुद्ध रंग,अबीर न लगाएं। इस मौके पर कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि आपलोग मिलजुलकर होली का त्योहार को मनाए,नशापान नही करे, डीजे नही बजाए। नशा करके नदी, तालाब या किसी भी जलाशय में नही जाय। किसी भी तरह की सूचना हो तो प्रशासन को दे प्रशासन आपके सहयोग में है। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा, कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार, पु.अ.नि. सबीरुद्दीन अंसारी, दिशा मेम्बर लाल विकाश नाथ शाहदेव, युवा सद्भावना मंच कुडू के सदस्य सलीम अमीर, पत्रकार ओम प्रकाश साहू, अमित राज, नवाज खान, नंदलाल तिवारी, वार्ड सदस्य कुडू संजय कुमार तिलक, मुखिया, सुषमा देवी, द्रौपदी देवी, सुमित्रा उरांव, रामेश्वर लोहरा, सुखमणि टोप्पो एवं ललिता देवी,अनिल राम, रोजामत अंसारी, किशोर सिंह, परमेश्वर महतो, जतरू उरांव, कॉंग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कमरुल इस्लाम, कुडू उपमुखिया राहुल उरांव, सुबोध उरांव, देवी पाहन, महेश कुमार राणा, नागेंद्र प्रसाद साहू, मोहम्मद इकबाल, सुबोध कुमार पासवान, वासुदेव सिंह, मदन सिंह, विजय शंकर, आदित्य बैठा, मोहित सिंह, राजीव अहमद, आसिफ खान, मोजिबुल अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## उत्पाद अधीक्षक वाणिज्यिक वाहनों की सतत करें जांच : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उत्पाद विभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विभाग द्वारा हाल ही में जब्त किए गए सामग्री की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने उत्पाद अधीक्षक को निर्देश दिया कि जब्त सामग्री के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सख्ती से की जाय ताकि लोगों को नियमानुसार उचित दंड दिया जा सके। आगे सतत जांच हेतु अपने स्तर से बैठक कर रणनीति के तहत सभी अंतरराज्यीय चेकपोस्ट में जांच हो सके, इसके लिए योजना बनाकर बांसजोर, कुतरा जैसे चेकपोस्ट में सतत विशेष ध्यान देने की जरूरत बताया। महाराष्ट्र, की गाड़ियों पर विशेष निगरानी रखी जाय। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ, अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र व उत्पाद अधीक्षक उपस्थित थे।

# आगामी होलिका दहन व रंगों का त्यौहार शांति पूर्ण रूप मनाने हेतु शांति समिति की हुई बैठक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** होलीका दहन एवं रंगों का त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर मंगलवार को अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी के अध्यक्षता में शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्र में पर्व मनाने तथा कार्यक्रम आयोजन का जानकारी लिया गया। साथ ही बताया गया कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई का जीत को दर्शाता है। तथा रंगों का त्यौहार भाईचारे व सौहार्द का प्रतीक है। जिसे शांति पूर्ण ढंग से मनाने का अपील किया गया। साथ ही शराब का सेवन करने वालों तथा शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त रहने की बात कही गई। इसके साथ ही पुलिस पदाधिकारियों द्वारा आमलोगों से सहयोग करने की अपील किया गया। पुलिस निरीक्षक सुधीर प्रसाद, थाना प्रभारी वारिश हुसैन अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी,बीडीओ संग्राम मुर्मू एवं शांति समिति के सदस्य की संयुक्त बैठक में बताया गया कि होली का पर्व महान पर्व है। तथा होलिका दहन कार्यक्रम के साथ ही रंगों का त्यौहार मनाया जाता है। इस दौरान एक दूसरे को रंग व गुलाल का लगा कर के खुशी मानते हैं। वही बताते हुए कहा कि खुशियां का त्यौहार में कोई भी शराब का सेवन या धंधा कर द्वेष पैदा करने का कार्य करते हुए पकड़ा गया। तो नियम संगत कारवाई किया जाएगा। इसके अलावे प्रखंड व पुलिस प्रशासन की ओर से होली के दिन शांति व्यवस्था बनाने हेतु पूर्ण रूप से व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की कहीं भी कोई घटना या अपराध ना हो इसकी उचित व्यवस्था की गई है। शांति समिति की बैठक के समाप्त होते ही रंग गुलाल के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें सभी लोगों के द्वारा एक दूसरे को रंग और गुलाल लगा कर होली त्यौहार का बधाई दिया गया। मौके पर एस आई अविनाश कुमार राम, एएसआई असरफी बहेलिया, गोवर्धन तुरी, रामचन्द्र मांझी, के अलावे नंदकिशोर शुक्ला, त्रिलोकी सिंह, जितेंद्र महतो, केदार महतो, बिनोद साहू, अजय साहू, आंनद साहू शौकत अंसारी, गुजरात खान, फिरोज अंसारी, बाबर अंसारी समेत शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## शहरी क्षेत्र के कैसर-ए-हिन्द की खाली जमीन पर बोर्ड लगाएं अंचलाधिकारी : उपायुक्त



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों की भूमि के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त को अंचलाधिकारी सदर द्वारा बताया गया कि कैसर ए हिन्द की जमीनों को लीज में उपभोग हेतु क्षेत्र के लोगों को दिया गया था।उनके वारिश या अन्य के द्वारा कुछ दुकान बनाकर प्रयोग किया जा रहा है वही कुछ जगह खाली पड़ी हुई है।उपायुक्त ने खाली पड़ी भूमि पर तत्काल बोर्ड लगाने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया गया एवं स्थानीय थाना को सूचित की जाय। वैसे लीजधारक जिनका लीज अवधि समाप्त हो चुकी है, उन्हें नोटिस करने हेतु अपर समाहर्ता को निर्देश दिया गया कि अंचलाधिकारी को लिखित निर्देश दें ताकि उन्हें नोटिस निर्गत किया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ, अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र, अंचल अधिकारी सदर उपस्थित थे।

# पुरातन छात्र किसी भी विद्यालय व संस्थान की वास्तविक पूंजी होते हैं : बिपिन कुमार दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभा में पुरातन छात्रों का आगमन हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, मधुमिता शर्मा, राजीव कुमार, दिनेश प्रसाद एवं पुरातन भैया प्रणय कुमार एवं रवि कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से ऊं, मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। आचार्य राजीव कुमार सिंह ने पुरातन भैया का परिचय कराते हुए बताया कि विद्या भारती की कल्पना के अनुसार पुरातन छात्रों को समाज सेवा में आने की प्रेरणा दी ताकि विद्यालय विकास में उनका सहयोग हो सकें। पुरातन भैया प्रणय कुमार एवं रवि कुमार गुप्ता को प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास एवं वरिष्ठ आचार्या मधुमिता शर्मा के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भैया प्रणय के द्वारा प्रधानाचार्य जी को पुष्पगुच्छ दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि पुरातन छात्र किसी भी विद्यालय की पूंजी होते हैं। वे समाज में संस्थान के शुरुआत से लेकर ही प्रगति तथा उत्थान के प्रयासों के उदाहरण बनते हैं। वंदना सभा में उपस्थित पुरातन भैया प्रणय कुमार ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए मौजूद छात्रों के बीच अपने जीवन चरित्र संबंधित बातों को साझा किया। उन्होंने बताया कि विद्या भारती के विद्यालयों में ही सर्वांगीण के माध्यम से एक सफल नागरिक का निर्माण होता है। आप सब सौभाग्यशाली हैं कि आप यहां अध्ययन कर रहे हैं। विदित हो कि सत्र 2007 के पुरातन भैया प्रणय वर्तमान में al ,capgemini Inc,Tampa, Florida, USA में कार्यरत है। उन्होंने भैया बहनों से निरंतर मेहनत करने की बात कही कड़ी मेहनत और ईमानदारी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अपने कर्तव्यों को समझें नकारात्मक बातों से दूर रहें। अनुशासन में रहते हुए अपने गुरुजनों का सम्मान करें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी जी एवं भैया-बहन उपस्थित थे।

## नहर निर्माण कार्य को बाधित करने वाले असमाजिक तत्वो को कैरो प्रखंड क्षेत्र की जनता नही करेगी वर्दाश्त : सुखदेव उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 04 मार्च मंगलवार को नरौली झखरा बगीचा में ग्राम प्रधान बीरू उराँव के अध्यक्षता मे बैठक आहुत की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सद्स्य सुखदेव उराँव, पंचायत समिति सद्स्य सुखंमणि देवी, उप-मुखिया पार्वती देवी के समक्ष ग्रामीणो ने कहा नन्दनी जलाशय योजना के अंतर्गत नन्दनी नहर का इन दिनो पीसीसी निर्माण कार्य प्रगति पर है। पर कुछ लोगो को विकास रास नहीं आ रही है। मौके पर बैठक में उपस्थित जिला परिषद सद्स्य सुखदेव उराँव ने कहा कि सन्न 2011 से क्षेत्र की जनता नहर जीर्णोद्धार पीसीसी को लेकर संघर्षशील है, इसके निमित वर्तमान विधायक डा0 रामेश्वर उरांव ने भी विभाग के सचिव से वार्ता कर नहर जीर्णोद्धार की बात की थी, और उसी का परिणाम है कि आज क्षेत्र की जनता को धरातल पर कार्य दिख रहा है। पिछ्ले 02 वर्षो से निर्माण कार्य चलने के कारण क्षेत्र के हजारों किसान गरमा फसल धान, गेंहू, मटर, गोभी, मिर्ची इत्यादि फसलों का उत्पादन नहीं कर पा रही है। एसी परिस्थिति में निर्माण कार्य को यदि व्यवधान पहूंचाया गया तो क्षेत्र की जनता नही करेगी वर्दाश्त। उक्त बैठक में नहर निर्माण कार्य करा रहे मजदूरों, संवेदक को क्षेत्र की जनता सहयोग कर कार्य की प्रगति के लिए एक आवश्यक रणनीति बनाई गई। मौके पर बैठक में उपरोक्त के अलावा प्रवीण साहू, मनोज उरांव, रेखा उरांव, जयमंगल उराँव, अनवर अंसारी,चंद्रपाल उरांव, बलराम साहू, मंगा उरांव, बुद्धदेव उरांव, अजीम अंसारी, शकलू उराँव इत्यादि सैकड़ो ग्रामीण बैठक मे उपस्थित थे।

## शिक्षा और युवाओं को रोजगार के साथ साथ महिलाओं को सशक्तिकरण को बढ़ावा देगी झारखंड सरकार का अबुआ बजट : विकास

**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार की ओर से पेश किए गए बजट पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष पत्थलगड्डा विकाश कुमार यादव ने कहा कि झारखंड सरकार की अबुआ बजट से शिक्षा व युवाओं के रोजगार सृजन के साथ साथ आधी आबादी को सशक्त करने के उद्देश्य से झारखंड सरकार सभी वर्गो को ध्यान में रखकर यह बजट लाई गई है जिसमे किसी व्यक्ति के अधिकारों का हनन नहीं हो। बजट से राज्य के विकास का खाखा तैयार किया गया। वित्तीय प्रबंधन भी तैयार किया गया है। बजट में सभी वर्गो के आम जनमानस की भागीदारी दी गई है ताकि समाज के सभी वर्गो को बजट का लाभ हो और लोगों को राहत मिलेगी। बजट में राज्य सरकार प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए अलग प्रावधान की गई है। निचले वर्ग के लोगों के जीवन स्तर ऊंचा हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि गांवों के विकास से लेकर शहर का विकास को लेकर यह बजट बनाई गई है इससे लोगो की बुनियादी सुविधाएं भी मिलेगी। किसानों के उनके खेत तक सिंचाई की सुविधा मिलेगी ताकि किसानी करने में परेशानी नहीं होगी। स्वास्थय के क्षेत्रों में बजट का अलग से प्रावधान किया गया।




### चीयर्स गर्ल्स होगा आकर्षण का केंद्र

मैच के दौरान चौके, छक्के पर दर्शकों को झूमाने के लिए चीयर गर्ल्स भी पूरे आयोजन में आकर्षण का केंद्र होगा। अलग-अलग जगह से मैच में शामिल होने के लिए चीयर्स गर्ल्स भी पहुंचेंगी।

# सिने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा होंगे उद्घाटनकर्ता, 8 मार्च को इंडिया टीम के धुरंधर क्रिकेटर हरभजन सिंह और सुरेश रैना खेलेंगे फैंसी मैच

### बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता के साथ झूमेगा लोहरदगा

शुभारंभ कार्यक्रम के दिन ही 5 मार्च को संध्या 6 से स्टेडियम के निकट मैदान में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता अपने सुरों का जलवा बिखेरेंगे। उनके टीम के द्वारा देर रात तक एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें लोहरदगावासी झूमने को मजबूर हो जाएंगे।

## .. चार दिनों तक क्रिकेट के रंग में रंगने को तैयार लोहरदगा, एलपीएल के चौके छक्के से गूंजेगा स्टेडियम

### क्रिकेट टूर्नामेंट से स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा मार्ग : डीपी साहू



















निवेदक - समस्त साहू परिवार एवं लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन